राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 अदाणी के खिलाफ जांच की मांग को लेकर कांग्रेस नेता ने खटखटाया...

गुटेरेस ने सामान्य लक्ष्यों को प्राप्त करने को वैश्विक सहयोग का किया आह्वान 12

वर्ष : 13 | अंक : 273 | नई दिल्ली, बुधवार, 15 फरवरी, 2023 | पौष शुक्ल षष्टी, विक्रम संवत् 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

कृषि इको सिस्टम में ट्रिपल एस फामूर्ले का अपनाने जी20 देशों से भारत का आह्वान

इंदौर, एजेंसी

भारत ने जी 20 देशों से आह्वान किया है कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा के संकट से निपटने के लिए कृषि इको सिस्टम में ट्रिपल एस फामूर्ले को अपनाए जिससे कृषि स्मार्ट और सतत हो तथा सभी को सेवा का अवसर मिले। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जी 20 देशों के कृषि से संबंधित कार्य समूह की पहली बैठक से इतर संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि स्मार्ट कृषि के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इससे कृषि लागत में कमी आयेगी और उत्पादन भी बडेगा। इसके माध्यम से कीटनाशकों का छिड़काव किया जा सकेगा और बीज की भी बुआई हो सकेगी।

उन्होंने कहा कि सतत कृषि से सभी किसानों के उत्पादन में वृद्धि की जा सकेगी। इसके लिए पिछले आठ वर्षों में कृषि बजट

में चार गुना से भी अधिक की वृद्धि की गई हैं। उन्होंने कहा कि विश्व के लिए कृषि बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले आठ साल में अनाज उत्पादन 265 मिलियन टन से बढ़कर 315 मिलियन टन हो गया है। विश्व में भारत दूध उत्पादन में पहले स्थान पर है। फल और सब्जियों के उत्पादन में दूसरे और अनाज उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। श्री सिंधिया ने कहा कि मध्य प्रदेश के लिए कृषि बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले 18 सेल सिंचाई क्षेत्र दो लाख हेक्टेयर से बढ़कर 300 लाख हेक्टेयर हो गया है। अनाज उत्पादन 165 लाख टन से बढ़कर 619 लाख टन हो गया है।

कृषि उड़ान सेवा का विस्तार होगा : सिंधिया

इंदौर। नगर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज कहा कि किसानों की जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए कृषि उड़ान सेवा का विस्तार किया जाएगा जिससे उन्हें अच्छा मूल्य मिल सके। श्री सिंधिया ने जी 20 कृषि कार्य समूह की बैठक से इतर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 21 हवाई अड्डों से कृषि उड़ान सेवा शुरू करने के लिए कार्य किया जा रहा है। कृषि और बागवानी उत्पादों को विमान से परिवहन के लिए रक्षा मंत्रालय से बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि देश के 31 हवाई अड्डों से कृषि उड़ान सेवा चल रही है जिससे किसानों और मत्स्य पालकों को बेहतर आर्थिक लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र से बड़े पैमाने पर बागवानी और अन्य उत्पादों को देश के अलग अलग हिस्सों तथा विदेशों में भेजा गया है।

मौसम

अधिकतम तापमान 22.0°C

न्यूनतम तापमान 08.0°C

बाजार

सोना	55,00
चांदी	54,300
सेंसेक्स	53,306
निफ्टी	21,503

हरियाणा पुलिस को 54 साल बाद राष्ट्रपति निशान

अमित शाह बोले- गौरव वाला पल, यहां के जवान धाकड़ हैं, गैंग खत्म की

करनाल, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरियाणा के करनाल पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज ने केंद्रीय गृह मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ भी मौजूद रहे। इसके बाद वह यहां से मधुबन पहुंचे, जहां उन्होंने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इसके बाद हरियाणा पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपा। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मेरे लिए भी यह गौरव का पल है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में हरियाणा पुलिस को धाकड़ पुलिस की संज्ञा दी जाती है। उन्होंने हरियाणा पुलिस के शहीदों को नमन करते हुए कहा कि उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोरोना जैसे संकट काल में हरियाणा पुलिस की भूमिका अहम रही है। जब जब भारत की सुरक्षा का इतिहास लिखा जाएगा तब तक पुलवामा के शहीदों को देश याद करेगा। शाह ने कहा कि पूरे देश में कानून व्यवस्था और अंतरराज्यीय गैंग खत्म करने में हरियाणा पुलिस अतुलनीय काम रहा है।

हरियाणा पुलिस को 54 साल बाद राष्ट्रपति निशान

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने परेड की सलामी लेने के बाद हरियाणा पुलिस को 54 साल बाद राष्ट्रपति निशान से से अलंकृत किया। इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री अमित शाह दोपहर बाद 1:30 बजे जीटी रोड पर मधुबन के नजदीक गाला रेस्तरां डिवेंचर में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करेंगे।

हैफेड को सौंप चुकी है एग्रो मॉल

हरियाणा सरकार द्वारा एग्रो मॉल को हैफेड को सौंप दिया गया है और अब यह एग्रो मॉल हरियाणा सहकारिता एक्सपोर्ट हाउस के नाम से जाना जाएगा। इस एक्सपोर्ट हाउस की विधिवत शुरूआत के बाद चावल कारोबार व अन्य प्रकार के खाद्यान्न के निर्यात से जुड़े कार्यालय व प्रतिष्ठान संचालित हो जाएंगे।

उद्घाटन व शिलान्यास

केंद्रीय मंत्री अमित शाह विभिन्न परियोजनाओं का द्घाटन करेंगे। इन में सांझी डेयरी का उद्घाटन, एथेनॉल संयंत्र चीनी मिल पानीपत का शिलान्यास, दुग्ध संयंत्र रेवाड़ी का शिलान्यास, इंटरनेट रेडियो-सहकारिता वाणी ऐप का शुभारंभ तथा सहकारिता समितियों के लिए एनसीडीसी हरियाणा द्वारा 10 हजार करोड़ का स्वीकृति पत्र भेंट किया जाएगा।

सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर हरियाणा पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजमा किए हैं। मधुबन अकादमी से लेकर करनाल एग्रो मॉल तक पुलिस जवान तैनात किए गए। साथ ही पुलिस अधिकारियों की ड्यूटियां भी अलग अलग लगाई गई हैं। इससे पहले खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल की एग्रो मॉल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

गोहाना रैली में नहीं पहुंच पाए थे अमित शाह

बीते दिनों अमित शाह की एक रैली गोहाना में भी थी, लेकिन खराब मौसम के चलते अमित शाह रैली में नहीं पहुंच पाए थे। इस दौरान उन्होंने मोबाइल फोन से ही रैली में अपना संबोधन दिया था। इसके कुछ दिन बाद ही अमित शाह करनाल के तीन कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए पहुंच रहे है, ऐसे में भाजपा कार्यकताओं का उत्साह भी चरम पर है।

29 साइबर थाने होना गौरव की बात

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि हरियाणा में 29 साईबर थाने और सैकड़ों साइबर डेस्क स्थापित हैं, यह किसी भी राज्य के लिए गौरवशाली बात है। उन्होंने कहा कि सीसीटीएनसी और आईओसीजेएस दोनों विषयों में पूरे देश में हरियाणा पुलिस को सम्मान मिल चुका है। उन्होंने बताया कि डायल 112 की सेवा का समय 8.22 मिनट करना अच्छी बात है इस कारण से ही देश में दूसरे स्थान पर हरियाणा है।

सहकारिता विभाग की 6 सौगातें मिलीं

हरियाणा के सहकारिता विभाग को 6 सौगातें मिली। सहकारिता विभाग के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश को आज सहकारिता विभाग की 6 सौगातें मिली हैं। इनमें पानीपत शुगर मिल में एथनाल प्लांट, एग्रो मॉल, सांझी डेयरी जैसे प्रोजेक्ट हरियाणा को मिले हैं। पिछले 2 वर्षों में हैफेड का एक्सपोर्ट बढ़ा है, देश में हरियाणा 5वें नंबर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यहां के बासमती की विदेश में अलग पहचान मिली है। प्रदेश को आगे ले जाने में हमेशा केंद्र सरकार का सहयोग मिला है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर देना होगा टोल

- रात 12 बजे से वसूला जाएगा, 228 किमी का देना पड़ेगा 500 रुपए टैक्स

गुरुग्राम, एजेंसी। देश के सबसे लंबे दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर आज रात 12 बजे से टोल प्लाजा पर वाहनों का टोल कटना शुरू हो जाएगा। पहले फेज में यह एक्सप्रेस-वे गुरुग्राम के अलीपुर से राजस्थान के दौसा के बीच बनकर तैयार हुआ है। इसका उद्घाटन 12 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। एनएचआईए ने आज रात यानी (15 फरवरी) से टोल वसूली की मंजूरी दी है। टोल के मामले में यह एक्सप्रेस-वे सबसे अलग है, क्योंकि इसमें जगह-जगह पर आपको टोल प्लाजा से नहीं गुजरना पड़ेगा। हाईवे से जब आप एग्जिट करेंगे, तब आपको किलोमीटर के अनुसार टोल का भुगतान करना पड़ेगा। पहले चरण में करीब 19 किलोमीटर की दूरी करने में वाहन चालकों से सर्वाधिक 90 रुपए का टोल वसूला जाएगा। गुरुग्राम के कस्बा सोहना में पड़ने वाले अलीमपुर के जरिए इस एक्सप्रेस-वे पर एंट्री होने के बाद सबसे पहले आने वाले खलीलपुर इंटरचेंज पर उतरते वक्त 90 रुपए टोल लिया जाएगा।

सिडनी में रह रहे भारतीय समुदायों पर गर्व है : मुरलीधरन

सिडनी/नई दिल्ली, एजेंसी। विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा है कि उन्हें भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध को मजबूत करने में योगदान देने के लिए सिडनी में रह रहे भारतीय प्रवासियों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि सिडनी में भारतीय प्रवासियों के साथ उनकी अच्छी बातचीत हुई। ट्विटर पर मुरलीधरन ने पोस्ट किया, सिडनी में जीवंत भारतीय डायस्पोरा के साथ एक आकर्षक बातचीत। यह देखकर खुशी हुई कि समुदाय ऑस्ट्रेलिया में भारत की समृद्ध विविधता, इसकी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को दशार्ता है और उसका समर्थन करता है। भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान पर गर्व है। फिजी जाते समय मुरलीधरन सिडनी में रुके थे। फिजी में उनका 15-17 फरवरी तक होने वाले विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने का कार्यक्रम है।

संक्षिप्त खबरें

देश में कोरोना के 1818 सक्रिय मामले शेष

नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में निरंतर गिरावट और स्वस्थ होने वालों की संख्या में अनवरत बढ़ोतरी से सक्रिय मामले 1818 रह गये हैं और रिकवरी दर शून्य प्रतिशत पर है। इस बीच देश में पिछले 24 घंटों में 6394 कोविड टीकाकरण किया गया है और अब तक कुल 220 करोड़ 63 लाख 04 हजार 495 टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से मंगलवार की सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 93 मरीज स्वस्थ हुए हैं तथा 19 सक्रिय मामले कम हुए हैं, हालांकि ओडिशा में तीन, जम्मू कश्मीर में दो तथा बिहार, पंजाब और राजस्थान में एक-एक मामले बढ़े हैं।

मोदी, शाह, राजनाथ ने पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने मंगलवार को पुलवामा के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्री मोदी ने अपने ट्वीट में कहा, अपने वीर नायकों को याद कर रहा हूं, जिन्हें हमने इस दिन पुलवामा में खो दिया था। उन्होंने आगे कहा, हम उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे। उनका साहस हमें एक मजबूत और विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करता है। श्री शाह ने ट्वीट किया, मैं वर्ष 2019 में आज ही के दिन पुलवामा में हुए भीषण आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि देता हूं। देश उनके बलिदान को कभी नहीं भूल सकता।

गूगल ने वैलेंटाइन डे पर रोमांटिक डूडल बनाकर दिया प्रेम का संदेश

नई दिल्ली। इंटरनेट सर्चइंजन गूगल ने आज वैलेंटाइन डे के मौके पर पानी की बूंदो का दिल का आकार लेते रोमांटिक त्रिआयामी डूडल बनाकर प्रेम का संदेश दिया। बदलते वैश्विक उदारीकरण के मौजूदा दौर में फरवरी का महीना प्रेमियों के प्यार की अभिव्यक्ति के अवसर के रूप में लोकप्रिय है। फरवरी के दूसरे सप्ताहंत में 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के मौके पर युगल परस्पर प्रेम का इजहार करते हैं तथा इस दिन को खुशनुमा और यादगार बनाने का तलबगार रहते हैं। प्रेमी युगल और विवाहित जोड़ों की इन्हीं भावनाओं की अभिव्यक्ति को लेकर गूगल ने रोमांटिक डूडल बनाया है। त्रिआयामी रूप से सृजित इस डूडल में पानी की बूंदे दिल का आकार लेकर प्यार का संदेश दे रही हैं।

अतिक्रमण हटाने में जिंदा जलीं मां-बेटी, अफसर देखते रहे

- दोनों चिल्लाती रहीं...आग लगा दी, डिप्टी सीएम ने की बात, एसडीएम सस्पेंड, लेखपाल गिरफ्तार

कानपुर देहात, एजेंसी

कानपुर देहात में सोमवार को अतिक्रमण हटाने के दौरान मां-बेटी की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस-प्रशासन सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने गया था। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन की टीम को दौड़ा लिया। अफसरों ने भाग कर जान बचाई। तनाव को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात कर दी गई। मंगलवार को अधिकारियों ने परिजनों को मनाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। मामले में एसडीएम को सस्पेंड कर दिया गया है, जबकि लेखपाल और जेसीबी के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिग से पीड़ित परिवार से बात की और मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शव उठाने के लिए राजी हुए। फॉरेंसिक टीम ने शव उठाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

जलती हुई झोपड़ी को पुलिस ने बुलडोजर से गिरवाया

इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि एक महिला चिल्लाते हुए दौड़कर झोपड़ी में जाती है। वह अंदर से दरवाजा बंद कर लेती है। पुलिस भी वहां पहुंचती है। दरवाजा तोड़ देती है। इसी दौरान, झोपड़ी में आग लग जाती है। महिला और उसकी बेटी अंदर थीं। फिर चिल्लाने की आवाज आती है... आग लगा दी। पुलिस जलती हुई झोपड़ी को बुलडोजर से गिरा देती है। पुलिस फोर्स और अफसरों के सामने दोनों की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं, दोनों को बचाने में पति कृष्ण गोपाल बुरी तरह झुलस गए। एक और वीडियो में महिला के बेटे की आवाज आती है... वह जलती हुई आग को देखकर रोते-बिलखते कह रहा है कि हाय दैया.. देखो मेरी मम्मी जल रहीं हैं...। वह सब गाड़ी छोड़कर चले गए हैं...।

अरशद मदनी को बंटवारे के समय पाकिस्तान भेजना था : गिरिराज

केंद्रीय मंत्री ने कहा- भारतीय मुसलमानों के पास हिंदू डीएनए

नई दिल्ली, एजेंसी

जमीयत के वरिष्ठ नेता अरशद मदनी के बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आपत्ति जताई है। गिरिराज ने कहा कि ये लोग जिन्ना की सोच वाले हैं, बंटवारे के समय इन्हें पाकिस्तान भेज देना चाहिए था। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय मुसलमानों के पास हिंदू डीएनए है, क्योंकि वे इस्लामी शासन के दौरान कन्वर्ट हुए थे। बता दें दिल्ली में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के दो दिन के अधिवेशन में अरशद मदनी ने अल्लाह और ओम को एक बताया था। मदनी फर चीफ के उस बयान का जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था- हिंदुओं और मुसलमानों के पूर्वज एक जैसे हैं। मदनी ने कहा- तुम्हारे पूर्वज हिंदू नहीं, मनु थे यानी आदम। उनके इस बयान के विरोध में अधिवेशन में पहुंचे अलग-अलग धर्मगुरु मंच छोड़कर चले गए।

भारत में मोदी सरकार को बदनाम करने की कोशिश

मै मदनी को नहीं जानता, लेकिन मदनी हो या और कोई ये लोग भारत में मोदी की सरकार को बदनाम करने के लिए ये सब कर रहे हैं। 1400 साल इस्लाम की आयु है। इससे पुराना तो ईसाई धर्म है। ईसाई 2200 साल पुराना है। हमारे ओम और शिव अनादि हैं। हमारे कई ऋषि हैं, जिन्होंने हजारों साल तपस्या की है।



मुगलों ने हमारे ही पूर्वजों को मुसलमान बनाया। हमारे पूर्वजों ने गलती की। जब आजादी के बाद देश का बंटवारा हुआ तो इनको पाकिस्तान भेजना देना चाहिए था। ये लोग जिन्ना की सोच वाले हैं।

हिंदू संगठनों ने भी जताया विरोध

मदनी के बयान पर हिंदू संगठनों के लोगों ने भी आपत्ति जताई है। उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। उनके खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। सोमवार को यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने दिल्ली के जंतर-मंतर में मदनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया और गिरफ्तारी की मांग की।

मौलाना मदनी ने ओम और अल्लाह को एक बताया था

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के 34वें अधिवेशन के आखिरी दिन मौलाना मदनी ने कहा- मैंने पूछा कि जब कोई नहीं था। न श्रीराम थे, न ब्रह्मा थे और न शिव थे; जब कोई नहीं था तो मनु पूजते किसको थे। कोई कहता है कि शिव को पूजते थे। बहुत कम लोग ये बताते हैं कि मनु ओम को पूजते थे। ओम कौन है? बहुत से लोगों ने कहा कि उसका कोई रूप-रंग नहीं है। वो दुनिया में हर जगह हैं। अरे बाबा इन्हीं को तो हम अल्लाह कहते हैं। इन्हें आप ईश्वर कहते हैं।

जैन गुरु ने जताया विरोध

मौलाना मदनी के बयान का जैन मुनि लोकेश ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह अधिवेशन लोगों को जोड़ने के लिए हो रहा है। ऐसे में इस तरह का बयान कहां तक जायज है। जैन मुनि ने मंच से कहा- मैं मदनी साहब को शास्त्रार्थ की चुनौती देता हूं। आप दिल्ली आइए या फिर आप मुझे सहारनपुर बुलाएंगे। मैं वहां भी शास्त्रार्थ के लिए आउंगा। इसके बाद वे कार्यक्रम से उठकर चले गए। उनके बाद दूसरे धर्मों के संतों ने भी कार्यक्रम छोड़ दिया।

न्योता रक्षा मंत्री ने विदेशी कंपनियों को भारत में उद्योग लगाने का न्योता दिया, एयरो इंडिया के दूसरे दिन विदेशी मूल उपकरण निमार्ताओं के साथ बैठक...

भारत नव-औपनिवेशिक प्रतिमानों में सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने में विश्वास नहीं करता : राजनाथ

बेंगलुरु/नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 14वें एयरो इंडिया के दूसरे दिन मंगलवार को बेंगलुरु में विदेशी मूल उपकरण निमार्ताओं (ओईएम) के सीईओ से मुलाकात करके उन्हें भारत में उद्योग लगाने का न्योता दिया। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक रक्षा उद्योग को उस मुकाम पर पहुंचा सकता है, जहां दुनियाभर की रक्षा निर्माण कंपनियां भारतीय विकास की कहानी का हिस्सा बन सकती हैं। भारत के रक्षा सचिव ने ब्रिटेन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करके द्विपक्षीय वार्ता की। राजनाथ सिंह ने भारत के लिए रक्षा क्षेत्र के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि रक्षा उत्पादन भारत को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ भारतीयों के लिए रोजगार पैदा करता है। उन्होंने रक्षा औद्योगिक गलियारों में निवेश के लिए उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु राज्य सरकारों के प्रोत्साहनों, भारत में एफडीआई और रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने वाली केंद्र सरकार की नीतियों, हितधारकों के हितों की रक्षा करने वाली मजबूत कानूनी प्रणाली और व्यापार करने में आसानी में सुधार का भी उल्लेख किया। बैठक में कई कंपनियों के सीईओ ने भारतीय रक्षा विनिर्माण में वैश्विक निवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए अपने सुझाव दिए और रक्षा मंत्री ने उन्हें निजी उद्योग के लिए नियामक बाधाओं को दूर करने के सरकारी प्रयासों का आश्वासन दिया। जनरल एटॉमिक्स, सफरान, बोइंग, एम्ब्रेयर और राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम्स जैसी कंपनियों के सीईओ और वरिष्ठ प्रबंधन ने बातचीत में भाग लिया। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने, महानिदेशक (अधिग्रहण) पंकज अग्रवाल, रक्षा उत्पादन के अतिरिक्त सचिव टी. नटराजन और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने ब्रिटेन के प्रतिनिधिमंडल से अलग मुलाकात की। उन्होंने ब्रिटेन के रक्षा खरीद मामलों के मंत्री अलेक्स चॉक के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। यह मुलाकात एयरो इंडिया 2023 के दौरान हुई। मुलाकात के दौरान अनेक मौजूदा और भावी रक्षा सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें महत्वपूर्ण रक्षा औद्योगिक सहयोग संबंधी क्षेत्र भी शामिल थे। ब्रिटेन के मंत्री के साथ भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त एलेक्स एलिस भी मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरो इंडिया में पहले दिन बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के सुरक्षा सलाहकार तारिक अहमद सिद्दीकी से मुलाकात करके उपयोगी चर्चा की। उन्होंने जिम्बाब्वे के रक्षा मंत्री ओपाह चार्म ज्विनपांगे मुचिंगुरी, तंजानिया के रक्षा मंत्री बासुंगवा इनोसेंट लुघा और कांगो के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री चार्ल्स रिचर्ड मोंडोजो से भी मुलाकात की। सिंह ने बांग्लादेश के मेजर जनरल तारिक अहमद सिद्दीकी, नेपाल के रक्षा मंत्री हरि प्रसाद उप्रेती और श्रीलंका की रक्षा राज्यमंत्री प्रेमिता बंडारा टेनाकून के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

समाधान यात्रा पर समस्तीपुर पहुंचे सीएम नीतीश, किया 221 योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने समाधान यात्रा के 26वें दिन 14 फरवरी को समस्तीपुर जिले के उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर देसुआ गांव पहुंचे। जहां उन्होंने रिमोट के जरिए जिले के कुल 341 करोड़ 67 लाख की लागत से बने 221 सरकारी योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इससे पूर्व उन्होंने जल-जीवन-हरियाली योजना के अंतर्गत पुनर्जीवित किए गये एक तालाब और स्थानीय किसानों द्वारा की जा रही स्ट्रॉबेरी, ओल जैसी व्यवसायिक खेती का निरीक्षण भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भगवानपुर देसुआ में ही काली मंदिर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भी जायजा लिया। साथ ही इसी कैम्पस में लगाए गए विभिन्न सरकारी विभाग के स्टॉलों का भी अवलोकन किया। इस मौके पर मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि समाधान यात्रा का उद्धेश्य पूरा हो रहा है। समस्तीपुर में किसानों की खेती और स्टॉल देखकर मुख्यमंत्री काफी खुश नजर आये। बता दें कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

भगवानपुर देसवा में आयोजित कार्यक्रम के बाद वह सड़क मार्ग से समस्तीपुर समाहरणालय पहुंचे। जहां समाहरणालय स्थित सभागार में उन्होंने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उनके साथ मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार के डीजीपी आरएस भट्टी मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

लूट कांड के अप्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया घाट निवासी रंजीत कुमार के घर में 9 फरवरी 2019 को बोलेरो पर सवार आए चार अपराधियों ने परिवार के लोगों को बंधक बनाते हुए सोने चांदी के जेवरात की लूट की घटना का अंजाम दिया था। पीड़ित द्वारा चार अज्ञात अपराधियों का हुलिया बताते हुए विभूतिपुर थाना में कांड संख्या 39/19 दर्ज करवाया था। पुलिस ने उक्त कांड के अप्राथमिक अभियुक्त अंगारघाट थाना क्षेत्र के चैता दक्षिणी निवासी विक्रम कुमार साह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त बात की जानकारी थानाध्यक्ष संदीप कुमार पाल ने दी है।

परिवारिक विवाद में मिली जान मारने की धमकी, पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के महमदपुर सकड़ा वार्ड 11 निवासी गणेश महतो ने पारिवारिक विवाद में मिली जान मारने की धमकी को लेकर पड़ोस के ही पति पत्नी को आरोपित करते हुए थाने में आवेदन दिया है। मैं चार भाई हूं। मैं दूसरे स्थान पर हूं। हमसे छोटा दो भाई गूंगा एवं विकलांग है। मेरे पिताजी सीतारामदास बड़े भाई दिनेश महतो के साथ रहते हैं। मेरे पिताजी भी उन लोगों के बात हीं सुनते हैं। इसी को लेकर वे लोग गंदी गंदी गाली गलौज करते हुए जान मारने की धमकी एवं झूठे केस में फंसाने की धमकी दिया।

ट्रेन से कटकर 55 वर्षीय अधेड़ की मौत

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सहरसा समस्तीपुर रेलखंड के सिंघिया घाट रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या एक रेलवे लाइन पर ट्रेन संख्या 5292 सहरसा समस्तीपुर से कटकर 55 वर्षीय एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान नरहन वार्ड 7 निवासी विशेश्वर भगत के रूप में की गई है। परिजन शव को उठा कर घर ले रहे हैं। पुत्र के आने के इंतजार में रुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार उनके पत्नी सहित 7 पुत्री एवं 1 पुत्र हैं। पेशे से वे ड्राइवर थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सहरसा समस्तीपुर ट्रेन संख्या 5292 सिंघिया घाट रेलवे स्टेशन पर रुकी। एक मिनट रुकने के बाद पुनः गाड़ी चली और इसी बीच घटना घट गई।

कल्याणपुर भाजपा दक्षिणी मंडल की बैठक आयोजित

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर भाजपा दक्षिणी मंडल की बैठक मंगलवार को बासुदेवपुर में ओविलेक्स स्कूल परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार सहनी ने किया। बैठक को रोसड़ा के विधायक वीरेंद्र पासवान और जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। सरकार की विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया। साथ ही बूथ कमेटी की तैयारी पर भी चर्चा किया गया। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री प्रभात कुमार, शिव शंकर ठाकुर, राजन सिंह, इन्द्रमणि कुमार गुड्डू एवं कौशल पांडे आदि उपस्थित थे।

समस्तीपुर विधायक ने किया सीएम का स्वागत, फ्लाईओवर सहित विभिन्न मांगों पर कराया ध्यान आकृष्ट

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के उजियारपुर प्रखंड के भगवानपुर देसुआ मध्य विद्यालय में मंगलवार को आयोजित समाधान यात्रा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्वागत बिहार विधानसभा के उप मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन के द्वारा किया गया।

बता दें कि मुजफ्फरपुर जिले में समाधान यात्रा के बाद मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समस्तीपुर जिले के उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर देसुआ में अपने समाधान यात्रा को लेकर पहुंचे थे। जहां बिहार विधानसभा के उप मुख्य सचेतक सह राजद के समस्तीपुर विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन के द्वारा मुख्यमंत्री के समस्तीपुर जिला में आने पर उनका बुके देकर स्वागत किया गया। वहीं समस्तीपुर समाहरणालय में आयोजित समीक्षा बैठक में स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के उप मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने समस्तीपुर भोला टॉकीज के निकट रेलवे क्रॉसिंग संख्या-53ए पर आरओबी का निर्माण कराने, जितवारपुर कन्हैया चौक से बेझाडीह होते हुए मुसरीघरारी एनएच-28 तक बाईपास सड़क का निर्माण कराने, जितवारपुर हाउसिंग बोर्ड में लगभग 05 एकड़ जमीन में पार्क का निर्माण कराने, समस्तीपुर चीनी मिल परिसर में उद्योग लगाने, समस्तीपुर-दरभंगा पथ का चौड़ीकरण कराने, समस्तीपुर ओवरब्रीज का जीर्णोद्धार कराने, समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अब तक सड़क से वंचित कुल 23 दलित बस्तियों में संपर्क सड़क का निर्माण कराने, जितवारपुर शिवनंदन चौक से हकीमाबाद होते हुए सिक्कर ढ़ाला तक जर्जर हो चुके सड़क का निर्माण कराने, बाजपुर चौक से विशनपुर बांदे तक की जर्जर सड़क का निर्माण कराने, जितवारपुर निजामत राजकुमार राय के घर से इमली यादव के घर तक की जर्जर सड़क का कायाकल्प कराने, शिव राय के घर से गोबर गैस प्लाट तक की सड़क का निर्माण कराने, कोरबद्धा राय टोला से रेलवे लाइन तक की जर्जर सड़क का कायाकल्प कराने, शाहपुर बघौनी मदरसा चौक से दास टोला तक की सड़क का निर्माण कराने, ताजपुर प्रखंड के मोतीपुर से दर्जी टोला तक की जर्जर सड़क का निर्माण कराने, गंज पुल से बाघी तक की सड़क का निर्माण कराने आदि की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए स्मार-पत्र सौंपा तथा जनहित से जुड़े हुए उपरोक्त समस्याओं का निदान करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने विधायक को अपेक्षित पहल का भरोसा दिलाया।

युवाओं ने पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की

विभूतिपुर, समस्तीपुर

पुलवामा हमले की चौथी बरसी पर विभूतिपुर तैलिक साहू समाज टीम के युवाओं ने पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिहार का ट्रीबॉय कन्हैया ने कहा मैं उन वीरों को याद करा रहा हूं, जिन्हें हमने पुलवामा में खो दिया था। हम उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे। उनका साहस हमें एक मजबूत और विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करता है। मौके पर राहुल गुप्ता, अंकेश कुमार साहू, शेखर प्रसाद सिंह, अजित साह, सोनू साह, गौतम कुमार, नरेश कुमार, अजित कुमार, दीपक कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य देशप्रेमी युवा मौजूद थे।

पुलवामा हमले के चौथी वर्ष पर रक्तदान शिविर सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत नरहन बाजार में पुलवामा हमले के 4 वर्ष पूरा होने पर सनातन रक्तदान समूह के द्वारा श्रद्धाञ्जलि सभा सह रक्तदान शिविर का शुभारंभ अमर जवान के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरूआत किया गया। मौके पर भाजयुमो प्रदेश नेता गुंजन मिश्रा ने कहा यह रक्तदान केवल शहीद जवानों के प्रति श्रद्धाञ्जलि ही नही है बल्कि देश में रक्त के आभाव में तोड़ रहे दम को बचाने का भी महान कार्य है। पुलवामा हमले की याद में आज युवा जिस तरह से श्रद्धाञ्जलि रक्तदान के रूप में दे रहे हैं। वो आने वाले समय में देश में रक्त की कमी जरूर दूर करेगा मौके पर सनातन रक्तदान समूह के संस्थापक अविनाश सिंह ने कहा की विज्ञान तरक्की में चांद पर पहुंच गया पर मानव रक्त का निर्माण नही कर सका, इसलिए आमलोगों को रक्तदान करने की जरूरत है। मौके पर लगभग 40 लोगों संजीव मिश्रा, संगम कुमारी, सिकन्दर ठाकुर, प्रदीप कुमार, मुरली कार्तिक, मनोहर दीप राज, कुमार गौरव, उदय पांडे, विकास कुमार, रजनीश रजक, श्वेतांग ठाकुर, सन्तोष, अभिषेक, धीरज, कृष्ण मोहन, प्रदीप, रविशंकर ठाकुर, हिमांशु, दीपक पासवान, विद्यानन्द झा, रितिक, रौशन, मनीष, संजीव साहेब, मुकेश सहनी, सुधांशु, दीपक, सचिन्द्र झा, अभिनय सिंह, राकेश चौधरी, पुरुषोत्तम, अभिषेक, मो० फिरोज, अमिताभ प्रकाश, गणेश, प्रेरणा प्रकाश आदि ने रक्तदान किया।

मुजफ़्फरनगर में एमबीबीएस के छात्र ने निगली सोने की चैन

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

जिले में ऑनलाइन जुए में दो लाख रुपये हारने के बाद एमबीबीएस और डी फार्मा के छात्रों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। मैडिकल छात्रों ने पड़ौसी महिला शिक्षिका के घर पर ही हाथ साफ कर दिया लेकिन पुलिस ने वारदात के मात्र 48 घंटों के अंदर ही दोनों को धर दबोच लिया और शत-प्रतिशत रिकवरी भी कर ली। हैरत इस बात की है कि एक आरोपी ने पुलिस की पकड़ से बचने के लिए सोने की चेन को निगल लिया। पुलिस द्वारा कराए गए एक्स-रे में चेन स्पष्ट दिखाई दे रही है। अब पुलिस इस इंतजार में है कि कब मल के द्वारा वो चेन वापस निकले और कब वो चेन को सीज करे। जानकारी के मुताबिक थाना नगर कोतवाली के मिमलाना रोड में रहने वाली शिक्षिका लक्ष्मी रानी के घर पर गत दस फरवरी को दोपहर बाद चोरी हो गई थी। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया था कि घर के कमरे का कुंडा तोड़कर अज्ञात चोर लाखों की कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चुरा ले गए हैं। पुलिस ने वारदात के खुलासे के लिए एक टीम का गठन किया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। जांच-पड़ताल शुरू हुई तो पुलिस के सामने परत-दर-परत खुलती चली गई और उनके निशाने पर इलाके के रामलीला टिल्ला मौहल्ला निवासी अमित कुमार पुत्र राम गोपाल और रोहन पुत्र चंद्रपाल आ गए। पकड़े जाने पर पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस को उस वक्त हैरानी हुई, जब पूछताछ में पता चला कि रोहन कुमार रूस में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है, जबकि अमित कुमार भी डी-फार्मा का छात्र है। पुलिसिया पूछताछ में दोनों ने बताया कि ऑनलाइन सट्टा खेलने का चस्का लग गया, जिनमें वो लोग करीब 2 लाख रुपये हार गए। ऐसे में उन्होंने अपराध का रास्ता चुना और चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। शक के आधार पर पुलिस रोहन के पीछे लगी हुई थी। एमबीबीएस का छात्र रोहन सोने की चेन को मार्केट में बेचने के लिए निकला तो उसे भनक लग गई कि उसके पीछे पुलिस लग गई है। उसने पुलिस से बचने के लिए सोने की चेन को चुपके से निकल लिया। हालांकि पुलिस ने उसे दबोच लिया। करीब तीन-चार घंटे बाद उसने पुलिस को बताया कि उसने चेन को निगला हुआ है। ये सुनकर पुलिस के हाथ-पैर फूल गए। पुलिस को जैसे ही ये पता चला कि एमबीबीएस के आरोपी छात्र रोहन ने सोने की चेन को निगल लिया, तो वह तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गई, लेकिन वहां से उसे रेफर कर दिया गया, जिसके बाद पुलिस उसे मुजफ्फरनगर मेडिकल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसका एक्स-रे किया तो उसमें स्पष्ट हो गया कि वो सच बोल रहा है, क्योंकि सोने की चेन रोहन के शरीर में स्पष्ट दिखाई पड़ रही है।

आगरा में अराजकतत्वों ने मजार का कुछ हिस्सा तोड़ा

आगरा। फतेहपुर सीकरी के पास एक मजार में अराजकतत्वों ने तोड़फोड़ की। पुलिस ने लोगों को शांत कराते हुए टूटे हिस्से को एकत्रित किया। अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूरा मार्ग पर स्थित आला सैयद मजार शरीफ पर अराजकतत्वों ने बीती रात तोड़फोड़ कर दी। मंगलवार की सुबह मजार पर पहुंचे खिदमतगारों ने ताला खोलकर देखा तो इसकी जानकारी अन्य लोगों को दी। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस बीच सूचना पाकर एसीपी खेरागढ़ महेश कुमार और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। घटना से गुस्साएं लोगों को शांत कराते हुए पुलिस ने टूटे हिस्सों को एकत्रित कर मजार की मरम्मत का कार्य शुरू कराया है।

एपीएचसी रुपौली में जन आरोग्य समिति का हुआ गठन

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपौली में मंगलवार को जन आरोग्य समिति का गठन किया गया। राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार पटना के निदेर्शानुसार डॉ० पंकज कुमार सचिव इंदु देवी, अध्यक्ष एवं उपसचिव रेणुका कुमारी सर्वसम्मति से बनाया गया। वहीं सदस्य के रूप में मध्य विद्यालय की शिक्षिका वंदना श्रीवास्तव, आशा फैसिलिटेटर मिंटू देवी, जीविका सदस्य पूजा कुमारी, वार्ड सदस्य राजेश कुमार चौधरी नामित किया गया। साथ ही वीएचएनडी सचिव सुधा कुमारी, स्टाफ नर्स नरेंद्र कुमार पिंकू कुमार चौधरी पूनम देवी तथा जिला से आए हुए पीएफआई वीसी लक्ष्मी कुमारी के द्वारा गणमान्य सदस्यों के बीच जन आरोग्य समिति की विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा के दौरान बताया गया कि इस कमेटी के द्वारा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सुविधाओं का विस्तार तथा आगंतुक रोगी किस सुविधा की मुहैया कराई जाएगी। साथ ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सरायरंजन के निदेर्शानुसार स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार राय के नेतृत्व में उप स्वास्थ्य केंद्र हरि लोचनपुर, खालिसपुर, मेयारी, रामचंद्रपुर, गंगापुर, मानिकपुर पर भी जन आरोग्य समिति का गठन किया गया।

विधानसभा केन्द्र के मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ लोगों तक पहुंचाने का आह्वान उपस्थित कार्यकताओं से किया....

भाजपा नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित, मिशन-24 को लेकर संगठन विस्तार का निर्णय

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर विधानसभा अंतर्गत भाजपा समस्तीपुर नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को बहादुरपुर गौशाला परिसर में नगर अध्यक्ष राहुल कुमार के अध्यक्षता में हुई। बैठक में भाजपा समस्तीपुर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशिकांत आनंद, उप मेयर व भाजपा नेता रामबालक पासवान, भाजपा नेता विमला सिंह, जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, विधानसभा प्रभारी जिला महामंत्री प्रभात कुमार ठाकुर, विधानसभा संयोजक राकेश राज के साथ मंचासीन नेताओं के द्वारा सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए बैठक का आरंभ किया गया। इस बैठक में भाजपा के मिशन-24 आगामी लोकसभा नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने हेतु संगठन महाविस्तार कार्यक्रम के तहत समस्तीपुर नगर मंडल के बूथ सशक्तिकरण को लेकर बैठक में उपस्थित नेताओं ने अपने विचार को रखते हुए शशिकांत आनंद ने उपस्थित कार्यकताओं से बूथ स्तर पर प्रथम वार बने मतदाता युवा, महिला, कमजोर वर्गों को संगठन से लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। वहीं जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता ने गरीब, उद्यमी, महिला, युवाओं के कल्याण हेतु केन्द्र के मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ लोगों तक पहुंचाने का आह्वान उपस्थित कार्यकताओं से किया। बैठक में बूथ स्तर पर, बूथ कमेटी की समीक्षा, सरल एप डाउनलोड, मन की बात वाट्सएप गुप्र तैयार करने व पन्ना प्रमुख बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष राकेश राज ने किया। बैठक को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशिकांत आनंद, भाजपा नेता उप मेयर रामबालक पासवान, भाजपा नेता विमला सिंह, भाजपा समस्तीपुर के जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, प्रभात कुमार ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष राकेश राज, दीपक मंडल, मनोज जायसवाल, रमेश वोहरा, सुशील पासवान, रंजीत कुशवाहा, विजेन्द्र कुमार भोला, रंजीत राम, प्रवीण कुमार, राजीव सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। बैठक में नगर के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, शक्ति केंद्र प्रमुख बैठक में उपस्थित थे।

रक्तदान शिविर का आयोजन कर पुलवामा शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

समस्तीपुर। समस्तीपुर रक्तदान समूह के द्वारा मंगलवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कर पुलवामा हमले में शहीद हुए भारतीय जवानों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन रोहन तनेजा व वाइस चेयरमैन रोहित तनेजा के नेतृत्व के द्वारा किया गया। इस बाबत समूह के चेयरमैन रोहन तनेजा ने कहा कि पुलवामा में भारत मां की रक्षा करते हुए शहीद हुए मां भारती के वीर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए समस्तीपुर रक्तदान समूह के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें 30 यूनिट रक्तदान किया गया। मौके पर संदीप, आलोक, अमित, अमित कुमार, अविनाश कुमार, मोहित, रूबी, रौशन, पिस्पुंजलि, मो० इसरार, प्रभात सिंह, डॉक्टर सौमेंदु मुखर्जी, नवीन, कुश कुमार, संजय, दीपक, यशकर्ण, सब मौजूद हो कर और रक्तदान कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

पैक्स गोदाम में लगी भीषण आग, अनाज, कागजात, कंप्यूटर एवं तीन वाहन जलकर राख

विभूतिपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के गंगोली मंदा पंचायत के वार्ड 8 स्थित पैक्स गोदाम में मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे आग लग गई। इस भीषण अगलगी की घटना में पैक्स गोदाम में रखे 150 क्विंटल धान, आवश्यक कागजात, कंप्यूटर, महिंद्रा बोलेरो पंजीयन संख्या बीआर 33पीए-4147, महिंद्रा पिकअप वाहन पंजीयन संख्या बीआर 33जे-9648तथा एक मोटरसाइकिल पंजीयन संख्या बीआर 09जे-2035 जलकर राख हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पैक्स गोदाम परिसर के बगल में सतेंद्र सिंह का गाय की बथान है। जहां पर एक झोपड़ी नुमा घर है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिगरेट या बीड़ी पीकर जला अवशेष फेंकने से गाय के बथान में आग लग गई। जब तक लोग समझ पाते तब तक आग भयानक रूप ले चुकी थी। जो पैक्स गोदाम को अपने आगोश में ले लिया। आग लगने की सूचना विभूतिपुर थाना एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी गई। सूचना पर पहुंची विभूतिपुर थाना एवं रोसड़ा से अग्निशामक वाहन के सहयोग एवं स्थानीय लोगों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक झोपड़ीनुमा बथान, पैक्स गोदाम एवं पैक्स गोदाम में रखे 150 क्विंटल धान तथा आवश्यक कागजात कंप्यूटर एवं पैक्स अध्यक्ष आलोक कुमार वत्स की तीन निजी वाहन जिसमें एक महिंद्रा का बोलेरो, महिंद्रा का पिकअप एवं एक मोटरसाइकिल जलकर राख हो गई। वहीं इस अगलगी की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

उच्च विद्यालय ताजपुर में कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई मैट्रिक की परीक्षा

मोरवा, समस्तीपुर। ताजपुर प्रखंड क्षेत्र के उच्च विद्यालय ताजपुर में कड़ी सुरक्षा के बीच आज प्रथम दिन मैट्रिक की परीक्षा हुआ शुरू। वहीं परीक्षा केंद्रों पर पूरी तरह से कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है एवं बारी-बारी से विद्यार्थियों को जांच कर प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं परीक्षा केंद्र के बाहर धारा 144 भी लागू किया गया है। फिल्म मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है। जिससे शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराया जा सके।

पुलिस ने नशेड़ी को किया गिरफ्तार, भेजा न्यायिक हिरासत में

मोरवा, समस्तीपुर। ताजपुर थाना क्षेत्र के योगिया मठ से ताजपुर थाने की पुलिस ने नशे की हालत में धुत एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं जिसकी पहचान योगिया मठ के निवासी स्वर्गीय रामश्रेय साह के पुत्र गोवर्धन साह के रूप में की गई है। जिसे ताजपुर थाने की पुलिस ने आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

यूपी की मंत्री बोली-मेरी सिफारिश पर डीएम ने पीड़िता को धक्के देकर भगा दिया था, हमारा मंत्री रहना ही बेकार है!

कानपुर देहात। जिले में अतिक्रमण हटाने गई टीम की कार्यवाही में मां बेटी की दुखद मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है, इस मामले में लेखपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि कई अन्य अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस मामले को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं, परंतु क्षेत्र की विधायक और प्रदेश सरकार की मंत्री ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि मेरी सिफारिश पर पीड़िता डीएम से मिली थी लेकिन डीएम ने धक्के देकर भगा दिया था तो ऐसे में मेरा मंत्री रहना ही बेकार है। आपको बता दें कि कानपुर देहात में अतिक्रमण हटाने गई प्रशासन की बुलडोजर टीम की कार्यवाही के दौरान एक मां बेटी की जलने से दुखद मौत हो गई,जिन मां बेटी की मौत हुई है, उनका बेटा बजरंग दल का जिला सहसंयोजक है, परिजनों ने शवों का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया है और मुख्यमंत्री या कम से कम उपमुख्यमंत्री को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे, इसी बीच उपमख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देने के लिए उनसे बात की है। इसी बीच क्षेत्र की विधायक और प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि मैं क्षेत्र से विधायक हूं और हमारे यहां ऐसी घटना हो रही है,महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम बेटी को नहीं बचा पा रहे, मां को नहीं बचा पा रहे तो मेरा महिला कल्याण मंत्री रहना ही बेकार है। मंत्री ने कहा कि पीड़ित परिवार कुछ दिनों पहले उनके पास आया था, जिसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी नेहा जैन को कहा था कि इस परिवार की समस्या सुनकर उनकी मदद करें लेकिन मुझे पता चला कि मेरे फोन के बाद जब पीड़ित परिवार डीएम से मिलने गया तो डीएम ने धमका कर धक्के देकर भगा दिया और उनकी कोई सुनवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का एसडीएम भी ठीक काम नहीं कर रहा था और यह लेखपाल भी जिले के सबसे भ्रष्ट लेखपालों में शामिल था, जिसकी शिकायत उन्होंने खुद डीएम से की थी लेकिन डीएम ने उसको नहीं हटाया। उन्होंने कहा कि यह घटना प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है और जिलाधिकारी की असंवेदनशीलता मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि यदि महिला कल्याण मंत्री होने के बावजूद मैं महिलाओं की रक्षा नहीं कर पा रही हूं तो मेरा महिला कल्याण मंत्री होना ही बेकार है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मामले में जरूर न्याय करेंगे।

यूपी सरकार ने घोषित कर दिया गन्ना मूल्य, कैबिनेट मीटिंग अब लखनऊ से बाहर भी होगी

लखनऊ। हाल में संपन्न ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस-23) को उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को शिखर पर ले जाने में सहायक बताते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभी मंत्रियों को अब अपने सम्बंधित विभागों को मिले औद्योगिक निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करने की जरूरत है ताकि अगले छह महीने में निवेश प्रस्तावों को धरातल में उतारते हुये ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जा सके। श्री योगी ने कहा कि कैबिनेट की बैठकें जनहित की नीतियों का सबसे महत्वपूर्ण और औपचारिक माध्यम हैं। आने वाले दिनों में कैबिनेट की बैठकें राजधानी लखनऊ के अलावा अन्य महत्वपूर्ण नगरों में भी आयोजित की जाएंगी।आज की बैठक में गन्ना मूल्य को न बढ़ाने का भी फैसला लिया गया है। श्री योगी ने मंगलवार को यहां मंत्रिमंडल की बैठक में कहा कि 33 लाख 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के औद्योगिक निवेश वाली इस इन्वेस्टर्स समिट ने देश में एक रिकॉर्ड बनाया है। बुंदेलखंड और पूर्वांचल जैसे विकास में पिछड़े क्षेत्रों में रिकॉर्ड औद्योगिक निवेश आया है। समिट की यह सफलता उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का मार्ग प्रशस्त करने वाली होगी। श्री योगी ने कहा कि विधानमंडल के बजट सत्र से पहले सभी मंत्री अपने प्रभार के जिलो में जायें और जनप्रतिनिधियों के साथ उद्यमियों, व्यापारी वर्ग, युवाओं से मुलाकात कर उत्तर प्रदेश के आर्थिक उत्थान के बारे में बतायें।

यमुना की सफाई को लेकर सरकार गंभीर

- मुंडका में आधुनिक तकनीक से लैस 5 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी का निर्माण करेगी केजरीवाल सरकार- मनीष सिसोदिया
- मुंडका में सीवर के पानी को पंप कर एसटीपी तक पहुंचाने के लिए 12.5 एमएलडी क्षमता वाला सीवर पपिंग स्टेशन बनाया जाएगा- मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केजरीवाल सरकार 2025 तक यमुना की सफाई, दिल्ली के हर घर को 24 घंटे नल से साफ पानी देने और सभी अनाधिकृत कॉलोनियों के घरों को सीवर लाइन से जोड़ने को लेकर बेहद गंभीरता से काम कर रही है। इसी कड़ी उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को मुंडका की 4 अनधिकृत कालोनियों और 2 गांव में 63 किमी लंबी सीवर लाइन बिछाने, 5 एमएलडी क्षमता वाला एसटीपी और 12.5 एमएलडी क्षमता वाले एसपीएस के निर्माण की परियोजना को मंजूरी दी है। इससे इलाके की करीब 53 हजार जनता को फायदा होगा। परियोजना की कुल लगात 127 करोड़ रुपये है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने डीजेबी के अधिकारियों को परियोजना को उम्मीदों के अनुरूप बनाने और समयसीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए है।

मुंडका में 4 अनधिकृत कॉलोनियों व 2 गांव के घरों को सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि हम यमुना को स्वच्छ बनाने और बेहतर सीवरेज प्रबंधन की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। इसी के तहत मुंडका की 4 अनाधिकृत कॉलोनियों और 2 गांव में 63 किमी लंबी सीवर लाइन डाली जाएगी। यहां सीवरेज सिस्टम न होने से स्थानीय तालाब, सेप्टिक टैंक या बरसाती नालों में सीवेज छोड़ा जाता है। यह सीवेज नाले से यमुना नदी में गिरता है। इससे नदी के प्रदूषण स्तर में वृद्धि होती है। ऐसे में इस जल प्रदूषणकारी तत्वों को कम करने के लिए केजरीवाल सरकार ने हर घर को सीवेज से जोड़ने का निर्णय लिया है। यहां से निकलने वाला सीवरेज, सीवर लाइनों के माध्यम से नजदीकी सीवर ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीट के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद ट्रीटेड पानी यमुना में बहेगा।

पांच एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी से शोधित पानी के दोबारा उपयोग पर दिया जाएगा जोर दिल्ली जल बोर्ड की ओर से मुंडका में 5 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी का निर्माण किया जाएगा। आधुनिक तकनीक से लैस इस एसटीपी के चालू होने के बाद गंदे पानी के बायोलॉजिकल ऑक्सीडेशन डिमांड (बीओडी) स्तर को शोधित कर 10 तक लाया जा सकेगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि मुंडका में बनाए जाने वाले इस एसटीपी से शोधित पानी के दोबारा उपयोग पर जोर दिया जाएगा। एसटीपी से आने वाला उपचारित पानी न केवल यमुना को साफ करने में मदद करेगा, बल्कि अन्य चीजों के लिए भी उपयोगी है। इसे बागवानी और दिल्ली की झीलों का कायाकल्प करने आदि के उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा, ताकि पीने योग्य पानी की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके।

केजरीवाल सरकार मुंडका में करेगी सीवर पपिंग स्टेशन का निर्माण केजरीवाल सरकार ने सीवर के पानी को पंप कर एसटीपी तक पहुंचाने के लिए मुंडका में 12.5 एमएलडी क्षमता वाले सीवर पपिंग स्टेशन (एसपीएस) बनाने का फैसला लिया है। जिन घरों से इंटरनल सीवर लाइन कनेक्टिड होगी, वहां से पानी को एसटीपी तक पहुंचे के लिए सीवेज पपिंग स्टेशन (एसपीएस) अहम भूमिका निभाएगा। एसपीएस में मोटर पंप के माध्यम सीवर को एसटीपी तक भेजा जाता है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि इस सीवेज पंपिंग स्टेशन में पानी ओवरफ्लो होने या किसी तरह की खराबी के बारे में चेतावनी देने के लिए अलार्म लगाए जाएंगे। इससे दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को तुरंत चेतावनी मिल जाएगी की सीवेज ओवरफ्लो का खतरा बढ़ गया है, ताकि समय रहते उचित कदम उठाया जा सके।

दरअसल, वेस्टवॉटर पंपिंग स्टेशनों की निगरानी आईओटी मॉनिटरिंग डिवाइस के जरिये की जाएगी। इस इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में लगा सेंसर यह सुनिश्चित करेगा कि पपिंग स्टेशन में सीवर का गंदा पानी एक तय लेवल तक भरते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अलर्ट चला जाए। इससे की सीवेज पंपिंग स्टेशन पर मौजूद ऑपरेटर की जिम्मेदारी और जवाबदेही दोनों तय की जा सकें। यमुना को प्राथमिकता के आधार पर साफ करना केजरीवाल सरकार का मुख्य मकसद

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 2025 तक यमुना को साफ करने की जिम्मेदारी डीजेबी को दी है। जिस तरह पिछले कार्यकाल में दिल्ली सरकार ने स्कूलों और अस्पतालों का कायाकल्प किया, वैसे ही इस बार यमुना को भी प्राथमिकता के आधार पर साफ करना ही मुख्य मकसद है। यमुना क्लीनिंग सेल नए एसटीपी, डीएसटीपी का निर्माण, मौजूदा एसटीपी का 10/10 तक उन्नयन और क्षमता वृद्धि, अनधिकृत कालोनियों में सीवरेज नेटवर्क बिछाना, सेप्टेज प्रबंधन, सीवर लाइनों की गाद निकालना, पहले से अधिसूचित क्षेत्रों में सीवर कनेक्शन उपलब्ध कराना, आइएसपी के तहत नालों की ट्रैपिंग आदि कार्य कर रही है। इससे की दिल्लीवालों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े और उन्हें बेहतर सुविधाएं मिले।

दिल्ली में दादी की हत्या के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

नई दिल्ली । उत्तर पश्चिमी दिल्ली के प्रेम नगर में शराब के नशे में अपनी दादी की हत्या करने के आरोप में 30 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस को रविवार को हत्या के संबंध में फोन आया था। पूछताछ के दौरान फोन करने वाले का मोबाइल बंद मिला। यह (फोन नंबर) किराड़ी के इंदर एन्क्लेव-2 निवासी मीना के नाम पर दर्ज है। उसके घर पर भी ताला लगा मिला। उन्होंने बताया कि मृतका की पहचान रायसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पीड़िता का पोस्टमार्टम एसजीएम अस्पताल में कराया गया। रोहिणी के पुलिस उपायुक्त जीएस संधू ने बताया कि डॉक्टर की राय और पीड़िता के बेटे के बयान के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने की सजा) और 506 (आपराधिक धमकी की सजा) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान शाहरुख के रूप में हुई है जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वह मजदूरी का काम करता है। उन्होंने बताया कि पीड़िता के सिर के पिछले हिस्से में चोट आई है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपी ने नशे की हालत में उसे धक्का दिया, जिससे वह जख्मी हो गई और उसकी मौत हो गई।

संक्षिप्त खबरें

दक्षिण दिल्ली के पेइंग गेस्ट आवास में एलपीजी सिलेंडर फटने से लगी आग

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के गौतम नगर में मंगलवार को दो एलपीजी सिलेंडरों में विस्फोट के बाद एक पेइंग गेस्ट आवास की सबसे ऊपरी मंजिल पर आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारियों को विस्फोट के बारे में सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर सूचना मिली। अधिकारियों ने बताया कि दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि बहुमंजिला इमारत की छत पर बने अस्थायी ढांचे में दो एलपीजी सिलेंडर फट गए। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

दिल्ली में तेज हवा चलने की संभावना, न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे हवा में आर्द्रता का स्तर 56 प्रतिशत रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने दिन में यहां तेज हवाएं चलने का पूवार्नुमान लगाया है जबकि अधिकतम तापमान के 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना व्यक्त की है। आईएमडी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था तथा अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार को सुबह नौ बजे 145 रहा। सोमवार को एक्यूआई 135 था। शून्य से 50 के एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बहुत खराब और 401 से 500 को गंभीर माना जाता है।

दुनिया के प्रसिद्ध मीडिया हाउस बीबीसी पर इनकम टैक्स की रेड पूरे भारत के लोकतंत्र पर हमला है- आतिशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

बीबीसी पर रेड डालकर मोदी सरकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को धमका रही है कि अगर सरकार के खिलाफ कुछ लिखा-दिखाया तो वो नहीं बचेंगे। दुनिया के प्रसिद्ध मीडिया हाउस बीबीसी पर इनकम टैक्स की रेड पूरे भारत के लोकतंत्र पर हमला है। मीडिया लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है। आज बीजेपी शासित केंद्र सरकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला कर रही है। यह पूरी मीडिया को संदेश है कि अगर तुमने बीजेपी और पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ कुछ दिखाया तो तुम्हें हम ऐसे ही साफ कर देंगे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की गुजरात-दिल्ली दंगों में भूमिका को लेकर बीबीसी द्वारा बनाई गई डॉक्यूमेंट्री को भाजपा ने बैन करवा दिया, ताकि भारत में कोई डॉक्यूमेंट्री को देख ना पाए। ग्लोबल इंडेक्स ऑफ प्रेस फ्रीडम में 180 देशों में से भारत 150वे नंबर पर है। पूरी दुनिया आज भारत के लोकतांत्रिक होने पर सवाल उठा रही है। भाजपा बताए कि वह भारत की क्या इमेज पूरी दुनिया के सामने पेश कर रही है? इतिहास गवाह है कि आप कुछ समय तक लोगों की आवाज दबा सकते हैं लेकिन आप हमेशा हर व्यक्ति की आवाज को नहीं दबा सकते हैं। मैं बीजेपी से अपील करूंगी कि इस तरह मीडिया को डराया-धमकाया न जाए और दुनिया के सामने भारत की छवि को धूमिल न किया जाए। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता व विधायक आतिशी ने पार्टी मुख्यालय में आज महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में जानी-मानी न्यूज ऑर्गेनाइजेशन बीबीसी के दिल्ली और मुंबई दफ्तर पर भारतीय जनता पार्टी शासित केंद्र सरकार ने इनकम टैक्स की रेड की है। यह कहने में तो छोटी सी बात लगती है। ऐसा हो सकता है कि कुछ कागजों में गड़बड़ी हो या कुछ इनकम ठीक से दिखाई ना हो। लेकिन यह सिर्फ एक आम इनकम टैक्स रेड नहीं है। यह केवल बीबीसी पर हमला नहीं है। जिस तरह से बीबीसी पर इनकम टैक्स की रेड हुई है, यह भारत के लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। हम गर्व से कहते हैं कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। जब हम किसी लोकतंत्र की बात करते हैं तो लोकतंत्र में कई स्तंभ होते हैं, जो मिलकर किसी भी देश को लोकतंत्र बनाते हैं। हम बचपन से अपनी सिविक्स की किताबों में पढ़ते आए हैं कि लोकतंत्र में एक लेजिस्लेचर होती है, जिसमें लोग चुनकर भेजते हैं। एक एग्जीक्यूटिव और ज्यूडिशरी होती है। ये तीनों लोकतंत्र के स्तंभ एक दूसरे को बैलेंस में रखते हैं। तभी एक देश लोकतांत्रिक कहलाता है। लेकिन किसी भी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण व चौथा स्तंभ मीडिया होता है। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ इसलिए होता है क्योंकि वो स्वतंत्र होता है। लोकतंत्र में आपके चुने हुए प्रतिनिधि कोई गलती करें तो मीडिया उस पर आवाज उठा सकता है। अगर आपकी अफसरशाही या कोर्ट ठीक फैसला न करे तो मीडिया उस पर आवाज उठा सकता है।

लूटपाट करने वाले दो दुर्दात दबोचे गए

- एंटी रॉबरी स्नैचिंग सेल (शकरपुर) की टीम ने किया गिरफ्तार
- एक बदमाश पर लूट व स्नैचिंग के 25 से ज्यादा मामले

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस की एंटी रॉबरी स्नैचिंग सेल (शकरपुर) ने दो खतरनाक अपराधियों को गिरफ्तार कर लूट के दो और स्पैचिंक के एक मामले का खुलासा किया। गिरफ्तार किए गए दोनों बदमाशों की पहचान विवेक विहार, फेज 2 दिल्ली के सुनील उर्फ पव्वा और नंद नगरी दिल्ली के बंटी उर्फ इंदरजीत के रूप में की गई है। सुनील इस इलाके का हिस्ट्री शीटर है। इसके खिलाफ लूट, छिनैती और आर्म्स एक्ट के 25 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। दरअसल, लूटपाट की दो वारदात ने पुलिस के कान खड़े कर दिए। पहली वारदात 1 फरवरी को विवेक विहार स्थित प्रपात खंड पार्क के पास अंजाम दी गई। तीन अज्ञात बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला से दिनदहाड़े सोने की कान की बाली, कंगन लूट कर फरार हो गए। इस दौरान महिला घायल भी हो गई। इस मामले में विवेक विहार थाने में मुकदमा भी दर्ज किया गया था। एक और वारदात 8 फरवरी को देर रात अंजाम दी गई। जोमेटो डिलवरी करने वाले प्रवेश चंद अपनी स्कूटी से कड़कड़ी रोड से विास नगर ऑर्डर की डिलीवरी देने जा रहे थे। उसी वक्त तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक कर स्कूटी लूट ली। इस घटना का मुकदमा फर्श बाजार थाने में दर्ज कराया गया था। वारदात की गंभीरता को देखते हुए एंटी रॉबरी स्नैचिंग सेल शकरपुर की टीम को अपराधियों को दबोचने का जिम्मा सौंपा गया। टीम ने इस तरह से घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की। मुखबिरों, तकनीकी मदद और सर्विलांस के जरिये सबूत इकट्ठा किए गए। हेड कांस्टेबल भूपिंदर को जब पुख्ता जानकारी मिली उसके बाद डीसीपी क्राइम अमित गोयल और ज्वाइंट सीपी क्राइम एस.डी. मिश्रा के मार्गदर्शन में एसीपी अरविंद कुमार की निगरानी और इंस्पेक्टर के.के. शर्मा के नेतृत्व में एसआई मानवेंद्र चौधरी, राहुल गर्ग, एएसआई श्याम सिंह, कैलाश यादव, हेड कांस्टेबल सुनीत, कपिल राज, भूपिंदर, नितिन राठी का गठन किया गया। टीम ने नंद नगरी, रैन बसेरा में छापा मारकर दो बदमाशों सुनील और बंटी को अलग-अलग कार्रवाई में गिरफ्तार किया। दोनों बदमाशों ने पूछताछ में डकैती, लूट और स्नैचिंग का अपराध स्वीकार कर लिया। उनके पास से लूटे गए सामान और दस्तावेज भी बरामद किए गए। विवेक विहार इलाके से लूटे गए एक मोबाइल फोन की भी बरामदगी इनके पास से हुई।

दवाइयों के बगैर भी इलाज संभव : डॉ0राम शर्मा!

नई दिल्ली/ विकासपुरी आनंद कुंज सोसायटी व अन्य लोगों के लिए एक प्रोग्राम रखा गया, जिसका मुख्य मकसद बढ़ती हुई बीमारियों से छुटकारा पाना रहा! इस प्रोग्राम में डॉ०राम शर्मा ने जात-पात के भेदभाव से ऊपर उठकर बीमारियों से बचने के कुछ जरूरी बातों की जानकारियां देने के साथ जागरूक करने का प्रयास किया! डॉ राम शर्मा बीएससी, एमबीए,पीएचडी तथा लगभग एक सौ से ऊपर पुस्तकों के लेखक व ज्योतिष वास्तु और ध्यान मैं विशेषज्ञ विदेशों में भी जाकर अपने इस नेक काम में लोगों को जागरूक करने में लगे हुए हैं! डॉ० राम शर्मा का उपकरण है, आरा स्कैनर जिसके द्वारा कैंसर, किडनी, लीवर, हृदय व आंखों इत्यादि रोगों का संकेत इन्हें मिल जाता है इस प्रोग्राम में डॉ०शर्मा ने बताया कि हमारे शरीर के अंदर सात चक्र हैं इन चक्रों को जगाने के गुण भी बताएं डॉ० शर्मा ने जोर देते हुए कहा कि हमने भी अपनी बीमारियों का इलाज बिना दवाइयों से किया है! इस प्रोग्राम में डीडी 16 लाफ्टर लाइफस्टाइल क्लब के फाउंडर दुगार्दास आजाद ने कहा जीवन में प्रयास करें, गुस्से से दूर रहें मुस्कुराहट वाली बातों पर ध्यान दें और खुश रहें! प्रोग्राम में खास डॉ० के०के० दत्ता तथा दिल्ली लाफ्टर क्लब के एन०सी० मित्तल ने लोगों को हंसने के बारे में बहुत सारी बातें बताते हुए लोगों को हंसाने के गुणों से अवगत कराया!

पुलिस ने इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

- गाड़ियों के कागजात को दिल्ली से चोरी की गई गाड़ियों में लगाकर बेचने का काम करता था

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान मुन्ना के रूप में हुई है। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि आरोपित उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई जिलों से ऑक्शन में पुरानी गाड़ियां खरीदता था और उन गाड़ियों के कागजात को दिल्ली से चोरी की गई गाड़ियों में लगाकर बेचने का काम करता था। आरोपित साल 2020 से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसपर 50,000 रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी के चार वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि निजामुद्दीन इलाके में एक आरोपी चोरी के वाहनों की डीलिंग करता है, जिसका नाम मुन्ना है। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान मुन्ना ने बताया कि बागपत का रहने वाला रहीसुद्दीन और टिकरी कला का रहने वाले सुनील के साथ मिलकर वह वाहन चोरी का गैंग चलाता है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी की चार कारें बरामद की हैं। इसके अलावा कई फर्जी नंबर प्लेट्स भी बरामद किये गए हैं।

दिल्ली सरकार ने एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव का मार्ग प्रशस्त किया, जल्द बनेगा नया पीएमओ

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली सरकार ने सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत प्रस्तावित एक्जीक्यूटिव एन्क्लेव स्थल पर लगे पेड़ों के प्रतिरोपण के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग को मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक्जीक्यूटिव एन्क्लेव नई दिल्ली के उच्च सुरक्षा वाले लुटियंस जोन में प्लॉट संख्या 36/38 पर साउथ ब्लॉक के दक्षिणी ओर बनेगा। एक अधिकारी ने बताया, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री के (एक्जीक्यूटिव) एन्क्लेव के लिए मंजूरी दे दी है। सीपीडब्ल्यूडी (केंद्रीय लोक निर्माण विभाग) ने परियोजना स्थल से 173 पेड़ों के प्रतिरोपण के लिए दिल्ली सरकार से अनुमति मांगी थी और मुख्यमंत्री ने फाइल को मंजूरी दे दी है, जिससे परियोजना में तेजी आई है। केजरीवाल सरकार ने प्रस्ताव को सशर्त मंजूरी दी है कि एजेंसी क्षति की भरपाई के लिए 10 गुना पौधारोपण करेगी। सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत प्रधानमंत्री कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय, इंडिया हाउस, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय, एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव के निर्माण पर अनुमानित 1,189 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इंडिया हाउस का उपयोग हैदराबाद हाउस की तरह बैठक व सम्मेलन स्थल के लिए किया जाएगा। अभी हैदराबाद हाउस में विभिन्न देशों के शीर्ष नेताओं के साथ उच्च स्तरीय वार्ता आयोजित होती है।

जीर्णोद्धार सरकार 12 .46 करोड़ रुपये की लागत से कर रही है इन फ्लाईओवरों का जीर्णोद्धार- मनीष सिसोदिया

7 फ्लाईओवरों का जीर्णोद्धार करेगी केजरीवाल, पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने दी मरम्मत कार्यों को मंजूरी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली में यातायात को सुगम बनाने की दिशा में 7 महत्वपूर्ण फ्लाईओवरों के सुदृढ़ीकरण व मरम्मत के कार्यों को मंजूरी दी हैं। इनमें अफ्रीका एवेन्यू फ्लाईओवर,मोती बाग फ्लाईओवर, सावित्री सिनेमा फ्लाईओवर, आईटीओ फ्लाईओवर, तिलक नगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर फ्लाईओवर, तिलक नगर मेट्रो फ्लाईओवर व पंजाबी बाग फ्लाईओवर शामिल हैं। इन फ्लाईओवरों के मरम्मत कार्यों के लिए पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने 12.46 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

इस मौके पर मनीष सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लोगों को सुगम यातायात के लिए बेहतर सड़कें-फ्लाईओवर देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में पीडब्ल्यूडी द्वारा दिल्ली के 7 मुख्य फ्लाईओवरों का सुदृढ़ीकरण व मरम्मत कार्य किया जायेगा। इससे फ्लाईओवरों की मजबूती बढ़ने के साथ-साथ उनका जीवनकाल 20 साल तक बढ़ जाएगा। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि दिल्ली में हम क्रमबद्ध तरीके से पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाले फ्लाईओवरों को बेहतर बनाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फ्लाईओवरों के पुराने होने और उनपर वाहनों के लोड से कंक्रीट की सतह क्षीण हो जाती है और इससे वाहनों की आवाजाही अवरुद्ध होती है। इसे देखते हुए केजरीवाल सरकार द्वारा इसके सुदृढ़ीकरण का काम शुरू किया जा रहा है ताकि आम लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। सुदृढ़ीकरण के बाद रोजाना इनका इस्तेमाल करने वाले लाखों लोगों को फायदा होगा।

उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फ्लाईओवरों के सुदृढ़ीकरण के कार्यों को समय रहते पूरा किया जाए।

बता दें कि सुदृढ़ीकरण व मरम्मत के कार्यों में फ्लाईओवरों के कंक्रीट की मरम्मत,एक्सपेंशन जॉइंट्स, बियरिंग आदि की मरम्मत की जाएगी, जिससे फ्लाईओवर का जीवनकाल 20 साल तक बढ़ जाएगो।

उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा दिल्ली के फ्लाईओवरों का नियमित रूप से रख-रखाव किया जाता है। हालांकि, यातायात के अत्यधिक दबाव के कारण फ्लाइओवरों में छोटी-मोटी कमियां आ जाती हैं। जिसका पीडब्ल्यूडी के रिपेयर यूनिट द्वारा समय-समय पर मेंटिनेंस किया जाता है।

इन फ्लाईओवरों का होगा जीणोर्धार

-अफ्रीका एवेन्यू फ्लाईओवर
-मोती बाग फ्लाईओवर
-सावित्री सिनेमा फ्लाईओवर
-आईटीओ फ्लाईओवर
-तिलक नगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर फ्लाईओवर
-तिलक नगर मेट्रो फ्लाईओवर
-पंजाबी बाग फ्लाईओवर

दो पुलिसकर्मियों और महिला शिकायतकर्ता पर हमला करने, बंधक बनाने के आरोप में चार गिरफ्तार

- अधिकारी ने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने पुलिसकर्मियों को लाठियों से पीटना शुरू कर दिया
- अचानक बुरहान ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और पुलिस कर्मियों से अभद्र व्यवहार करने लगा।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तरी दिल्ली के सदर बाजार में दो पुलिसकर्मियों और एक महिला पर हमला करने तथा बंधक बनाने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मामले में दो हिस्ट्रीशीटर भी फरार हैं। पुलिस के मुताबिक, सोफिया नाम की महिला सदर बाजार थाने में सोमवार देर रात 1.30 बजे आई और आरोप लगाया कि उसके पति अशफाक ने मारपीट के बाद उसे घर से निकाल दिया है। उन्होंने बताया कि हेड कांस्टेबल पवन और कांस्टेबल महिपाल, शिकायतकर्ता के साथ उसके घर पहुंचे, जहां छह लोग अशफाक, अखलाक, अफाक, बुरहान, हसीन बानो और आयशा मौजूद थे।

उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सागर सिंह कलसी ने बताया, जब दोनों पुलिसकर्मियों ने सोफिया को लेकर पूछताछ की तो बाकी लोग उसके साथ बदसलूकी करने लगे। अचानक बुरहान ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और पुलिस कर्मियों से अभद्र व्यवहार करने लगा।

अधिकारी ने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने पुलिसकर्मियों को लाठियों से पीटना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि हालांकि, पीड़ितों ने घर से भागने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उनका रास्ता बाधित कर दिया। उन्होंने बताया कि बाद में, किसी ने पुलिस थाने को सूचित किया और तीनो को बचाकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डीसीपी ने बताया, इस संबंध में सदर बाजार थाने में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।ह्व कलसी ने बताया कि बुरहान, अखलाक, आयशा और हसीना बानो को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अशफाक (जो तीन आपराधिक मामलों में शामिल है) और अफाक (चार आपराधिक मामलों में शामिल और पैरोल पर बाहर है) घटना के बाद से फरार हैं। उन्होंने बताया कि आगे की जांच जारी है।

महरौली में पांचवें दिन भी चला डीडीए का बुलडोजर

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के महरौली के भूल भुलैया इलाके में दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी (डीडीए) की कार्रवाई लगातार पांचवे दिन भी जारी रही। जिन लोगों को उनके मकान पर स्टे नहीं मिला है उनके मकानों पर आज बुलडोजर चला। जिन लोगों के मकान तोड़े गए उन्होंने कहा कि, यह जमीन हमें अलॉट की गई थी और अचानक यह जमीन अवैध कैसे हो गई। हम पिछले कई सालों से यहां पर रह रहे हैं लेकिन अब डीडीए के लोग हमारे घरों को अवैध बताकर तोड़ रहे हैं, जबकि हमारी पूरी जमा पूंजी इन्हीं मकानों में लगी हुई है। हमारी बातों को कोई सुनने को तैयार नहीं है। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे से ही यहां डीडीए की कार्रवाई शुरू हो गई। हालांकि इस मामले में दो बजे कोर्ट में भी सुनवाई होनी है, लेकिन डीडीए के बुलडोजर का चलना जारी है। लोगों ने कहा कि पाकिस्तान से विस्थापित लोगों के साथ हमेशा धोखा होता रहा है। उन्होंने कहा कि पहले पाकिस्तान में और अब यहां भी हमारे घर को उजाड़ा जा रहा है। इसके बाद हमलोग कहां जाएंगे। लोगों ने शिकायत की, कि डीडीए ने कार्रवाई करने से एक दिन पहले ही उन्हें नोटिस दिया था, जो सरासर गलत है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 15 फरवरी, 2023

संक्षिप्त खबरें

सात साल की लड़की के यौन उत्पीड़न के आरोप में युवक गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पूर्व दिल्ली के सीलमपुर इलाके में एक नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न के आरोप में 22 वर्षीय एक युवा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि रविवार को सात वर्षीय यह लड़की जब अपने पड़ोसी के घर खेलने गयी थी तब उसके साथ यह वारदात हुई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि लड़की बाहर खेल रही थी, उसी बीच उसके दोस्त का चाचा कथित रूप से उसे लाचल देकर शौचालय में ले गया और उसने उसपर यौन हमला किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि लड़की ने अपने घर आने के बाद अपने माता-पिता को इस बारे में बताया। इस पर उन्होंने पुलिस से संपर्क किया और फिर सीलमपुर थाने में यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा, शिकायत के आधार पर हमने पोक्सो कानून के तहत मामला दर्ज किया है और उसी दिन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जी20 शिखर सम्मेलन : तैयारियों पर दिल्ली सरकार 1,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेगी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में आगामी महीनों में जी20 शिखर सम्मेलन और इससे संबंधित कार्यक्रमों की तैयारियों पर दिल्ली सरकार की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 1,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाने का अनुमान है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने सोमवार को बताया कि नागरिक बुनियादी ढांचे के उन्नयन के अलावा दिल्ली सरकार और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के विभिन्न विभागों द्वारा सौंदर्यीकरण कार्य और ऐसी अन्य तैयारियों पर 1,084 करोड़ रुपये खर्च होंगे। दिल्ली जी20 (20 देशों का समूह) देशों की मुख्य शिखर बैठक और सात अन्य संबंधित कार्यक्रमों की मेजबानी करेगी। राष्ट्रीय राजधानी में जी20 के कार्यक्रम मार्च से आयोजित होंगे। इस महीने की शुरुआत में, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केंद्र को पत्र लिखकर जी20 शिखर सम्मेलन के लिए विशेष विकास परियोजनाओं को शुरू करने के लिए 927 करोड़ रुपये का अनुदान मांगा था। अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली सरकार के 26 विभाग और केंद्रीय एजेंसियां शिखर सम्मेलन की तैयारियों पर काम कर रही हैं।

मोदी के खिलाफ डॉक्यूमेंट्री बनाने पर बीबीसी के यहां इनकम टैक्स की रेड हुई है : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पूरी दुनिया में भाजपा की केंद्र सरकार हिंदुस्तान की शर्मनाक तस्वीर बना रही है। मोदी के खिलाफ डॉक्यूमेंट्री बनाने पर बीबीसी के यहां इनकम टैक्स की रेड हुई है। बीबीसी ने डॉक्यूमेंट्री में गुजरात-दिल्ली में हुए दंगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कथित भूमिका के ऊपर बहुत गंभीर सवाल खड़े किए थे। भाजपा की केंद्र सरकार ने इससे नाराज होकर बीबीसी के दिल्ली-मुंबई के दफ्तर पर इनकम टैक्स की छापेमारी कर पत्रकारों के मोबाइल फोन-लैपटॉप जब्त कर लिए हैं। अगर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री गलत लगी तो उनके ऊपर मानहानि का मुकदमा दर्ज करते। मगर भाजपा ने कानूनी तरीका नहीं अपनाया क्योंकि बीबीसी को झूठा साबित करना इनके बस की बात नहीं है। दुनिया के छोटे-छोटे देश भी ऐसा काम नहीं करते वह शर्मनाक काम दुनिया के सबसे बड़े प्रजातंत्र की भाजपा सरकार ने किया है। वैलेंटाइंस डे पर भाजपा को हमारी तरफ से मोहब्बत का एक संदेश है कि थोड़ी मोहब्बत करिए, इतनी नफरत से आप कुछ हासिल नहीं कर पाएंगे।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने पार्टी मुख्यालय में महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अक्सर देश की जनता से कहती थी कि भारत में भले ही हमारी थोड़ी बहुत बुराई हो मगर विदेशों में प्रधानमंत्री की बहुत प्रशंसा होती है। विदेश में प्रधानमंत्री मोदी का डंका बजता है। मगर पिछले एक महीने में विदेश की दो ऐसी बड़ी खबरें देश के सामने आई है जिसने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। बचपन से लेकर अबतक भारत में बीबीसी को इंटरनेशनल न्यूज का पर्याय कहा जाता था। आज उसी बीबीसी की एक डॉक्यूमेंट्री पर केंद्र सरकार इतनी नाराज हुई कि उन्होंने ट्विटर, फेसबुक, यूट्यूब आदि सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म से गैरकानूनी तरीके से उस डॉक्यूमेंट्री का शेयर लिंक हटावा दिया। उन्होंने कहा कि आज यह खबरें आ रही हैं कि बीबीसी के दिल्ली और मुंबई के दफ्तर पर इनकम टैक्स की छापेमारी हो रही है। इन दफ्तरों में 50 से अधिक इनकम टैक्स के अधिकारी घुसे हुए हैं। दफ्तर के बाहर पुलिस का पहरा है। वहां न कोई अंदर जा सकता है और न कोई बाहर आ सकता। वहां के पत्रकारों के मोबाइल फोन, लैपटॉप आदि जब्त कर लिए गए हैं। उनकी कोई खबर बाहर नहीं आ पा रही है। भारतीय जनता पार्टी फिर वही पुराना बहाना बना रही है कि यह एजेंसी स्वतः ही कार्रवाई कर रही है। वहीं दूसरी इंटरनेशनल एजेंसी हिंडनबर्ग ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट ने हिंदुस्तान के लगभग हर उस व्यक्ति को प्रभावित किया है जो शेयर मार्केट से जुड़ा हुआ है। यह बात हर व्यक्ति को पता थी कि अडानी का गुब्बारा जरूरत से ज्यादा फूला हुआ है और यह गुब्बारा कभी भी फुस्स होगा। कानून में एक कहावत है किसी के साथ न्याय करने से ज्यादा जरूरी न्याय होता दिखना है। न्यायालय तक इस बात का ध्यान रखता है कि हमारी ओर से न्याय हो, यह दिखना ज्यादा जरूरी है। मगर आज केंद्र सरकार न्यूनतम लिहाज को भी पार कर पूरे अंतरराष्ट्रीय जगत में एक हास्य का पात्र बन गई है। कल को कोई व्यकित न्यूयॉर्क में अपना अखबार पढ़ेगा या जर्मनी में ट्विटर पर इस खबर को पढ़ेगा कि हमारे देश की केंद्र सरकार बीबीसी के दफ्तरों के ऊपर इनकम टैक्स के छापे मार रही है। वह भी इसलिए क्योंकि कुछ दिनों पहले केंद्र सरकार बीबीसी से नाराज हो गई थी। उन्होंने गुजरात और दिल्ली में हुए दंगों में भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कथित भूमिका के ऊपर बहुत गंभीर और संजीदा सवाल खड़े किए। ह्यआपह्न विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एक तरीका यह होता है कि अगर आपको बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री गलत लगती है तो आप उनके पर मानहानि का मुकदमा कीजिए या उनके ऊपर आपराधिक कार्रवाई करें। अगर वह देश के अंतर्गत नहीं आती है तो विदेशी एजेंसी के ऊपर भी मुकदमे किए जाते हैं। मगर भाजपा कोई कानूनी तरीका नहीं अपना रही हैं। क्योंकि केंद्र सरकार को भी लगता है कि बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री जो भी दिखा रहे हैं, उसे झूठ साबित करना उनके बस की बात नहीं है। क्योंकि बीबीसी पत्रकारिता के मूल नियमों का फूंक-फूंक कर पालन करती है।

उन्होंने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पत्रकारों को जेल में डाला गया है, उनकी हत्याएं हुई हैं। जजों की हत्याओं के ऊपर भी सवाल उठे हैं। भाजपा शासित केंद्र सरकार द्वारा अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के ऊपर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के छापे मारना बहुत आम बात हो गई है। यहां तक कि अडानी के कोई बिजनेस प्रतिद्वंद्वी हैं तो उस बिजनेसमैन पर भी एजेंसियों के छापे मारकर उन्हें डरा-धमका कर मदद करने की बात कही जाती है। यह मुद्दा भी कुछ दिनों से

दिल्ली में साइकिल फॉर हेल्थ रैली

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएमसी) में स्वास्थ्य के लिए साइकिल थीम पर साइक्लाथॉन का आयोजन किया। एलएचएमसी के संकाय सदस्यों, अन्य कर्मचारियों और छात्रों ने रैली में भाग लिया।

इस दिन देश भर के सभी 1.56 लाख आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (एबी-एचडब्ल्यूसी) में साइक्लोथॉन, साइकिल रैली या स्वास्थ्य के लिए साइकिल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ये गतिविधियां पिछले साल नवंबर में शुरू किए गए साल भर चलने वाले स्वस्थ मन, स्वस्थ घर अभियान के हिस्से के रूप में की जा रही हैं। इसका उद्देश्य स्वस्थ जीवन के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है। इसके अनुसार, देश भर के सभी एबी-एचडब्ल्यूसी में हर महीने की 14 तारीख को स्वास्थ्य मेला भी आयोजित किया जाएगा, जहां योग, जुंबा, टेली-परामर्श, निक्षय पोषण अभियान, गैर-संचारी रोगों की जांच और दवा वितरण, सिकल सेल रोग जांच जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस पहल को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया लोगों से स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए साइकिल का उपयोग करने का आग्रह कर रहे हैं। विशाल चौहान, संयुक्त सचिव, डॉ. (प्रो) अतुल गोयल, डीजीएचएस, डॉ. सुभाष गिरी, निदेशक (एलएचएमसी), मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ एलएचएमसी के संकाय, कर्मचारियों और छात्रों ने मेगा साइकिलिंग कार्यक्रम में भाग लिया।

उच्च न्यायालय ने महरौली में अतिक्रमण रोधी अभियान पर दिल्ली सरकार, डीडीए का जवाब मांगा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक नई सीमांकन रिपोर्ट तैयार किये जाने तक शहर के दक्षिणी हिस्से में स्थित महरौली पुरातत्व पार्क में मकानों और दुकानों को ढहाये जाने पर रोक लगाने की मांग करने वाली एक याचिका पर मंगलवार को दिल्ली सरकार और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्णा ने फिलहाल तोड़फोड़ कार्रवाई में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए महरौली माइनॉरीटीज रेजीडेंट एंड शॉप ओनर्स वेलफेयर की याचिका पर नोटिस जारी किया। साथ ही, उन्होंने निर्देश दिया कि विषय को मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष रखा जाए, जहां इसी

तरह का एक विषय पहले से लंबित है। अदालत ने अपने आदेश में कहा, नोटिस जारी किया जाए। खंडपीठ-1 के समक्ष इसी तरह के मुद्दे लंबित रहने की दलीलों और तथ्यों पर विचार करते हुए यह विषय इसी खंडपीठ के समक्ष रखा जाए। इसे खंडपीठ-1 के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जो 17 फरवरी को मुख्य न्यायाधीश के आदेश पर निर्भर करेगा। उल्लेखनीय है कि अधिकारियों ने अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत महरौली पुरातत्व पार्क में करीब 20 बहुमंजिला भवन, बड़ी संख्या में दुकानों और मकान तथा एक निजी स्कूल भवन की पहचान ऐसे ढांचे के रूप में की है जो पिछले कुछ दशकों में अवैध रूप से निर्मित किये गये हैं। अधिकारियों ने इन ढांचों को ढहाये जाने पर रोक लगाने के लिए कुछ पक्षकारों द्वारा अदालत का रुख किये जाने के बाद कहा कि केवल उन ढांचों को हटाया जाएगा जो किसी वाद का हिस्सा नहीं हैं। दक्षिण दिल्ली के इस पार्क में जी20 की एक प्रस्तावित बैठक से एक महीने पहले बीते शुक्रवार को यह अभियान शुरू किया गया था। डीडीए के मुताबिक, इस पुराने पार्क में करीब 55 स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राज्य पुरातत्व विभाग और शहरी निकाय के संरक्षण के तहत हैं।

कहीं लगी आग तो कहीं हुआ सिलेंडर ब्लास्ट

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में गर्मी का तापमान बढ़ने के साथ ही आग लगने की घटनाओं का ग्राफ भी तेजी से बढ़ने लगा है। ताजा मामला बाहरी उत्तरी जिले के बवाना व एम्स के गौतम नगर इलाके का है। बवाना में जहां एक प्लास्टिक की दाना फैक्टरी में आग लगी तो वहीं गौतम नगर में एक तीन मंजिला बिल्डिंग में दो एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट हो गए। दोनों घटनों में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस दोनों मामलों में केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि पहली घटना बवाना औद्योगिक क्षेत्र में बीती रात की है। दमकल को बीती देर रात करीब 10. बजे सूचना मिली कि बवाना औद्योगिक क्षेत्र स्थित दाना बनाने की फैक्टरी में आग लग गई है। सूचना मिलते एक-एक कर दमकल की 14 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

हरिदास नगर के ढाबे में महिला की हत्या कर फ्रीजर में छिपाया गया शव

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

सनसनीखेज श्रद्धा वॉकर मामले से भयानक समानता रखने वाला एक हत्या का मामला दिल्ली में प्रकाश में आया है। बाबा हरिदास नगर के एक ढाबे में एक लड़की की हत्या कर उसके शव को फ्रीजर में छिपा दिया गया था। पुलिस ने कहा कि साहिल गहलोत के रूप में पहचाने गए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। खबरों के मुताबिक, साहिल ने कथित तौर पर कश्मीरी गेट आईएसबीटी के पास एक कार के अंदर लड़की का गला घोंट दिया और बाद में शव को मित्रौ गांव के एक ढाबे में रखे फ्रीजर में छिपा दिया।

पुलिस ने मामले में 26 वर्षीय रोहित गहलोत नाम के एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। उससे भी पूछताछ की गई है। सूत्रों के मुताबिक साहिल और मृतक लड़की 2018 से

दोस्त थे। साहिल की हाल ही में सगाई हुई थी और उसकी शादी 10 फरवरी को तय हुई थी। पीड़िता साहिल की शादी की योजना को लेकर गुस्से में थी और उसने उससे अपने रिश्ते के बारे में अपने माता-पिता को बताने की मांग की। हालांकि, साहिल तैयार नहीं था जिसके कारण उनके बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। 9-10 फरवरी की दरमियानी रात साहिल ने लड़की को कश्मीरी गेट आईएसबीटी के पास मिलने के लिए बुलाया। उसने अपनी कार में उसका गला घोंट दिया और बाद में शव को ढाबे पर रख दिया।

श्रद्धा वाकर मर्डर केस : 28 वर्षीय आफताब अमीन पूनावाला ने कथित तौर पर श्रद्धा वाकर के शरीर को 35 टुकड़ों में देखा और उन्हें कई दिनों तक शहर भर में फेंकने से पहले दक्षिण दिल्ली के महरौली में अपने आवास पर लगभग तीन सप्ताह तक 300 लीटर के फ्रिज में रखा। पूनावाला फिलहाल जेल में मुकदमे का सामना कर रहा है।

ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दक्षिण पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ में एक ट्रक ने कथित तौर पर एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसे की सूचना सोमवार रात करीब साढ़े 11 बजे मिली। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (द्वारका) विक्रम सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़ा पाया। जिसके बाद उन्हें राव तुलाराम मेमोरियल अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान नजफगढ़ के न्यू गोपाल नगर निवासी करमवीर के रूप में हुई है।

सिंह ने बताया कि आरोपी ट्रक

चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 279 (तेजी से गाड़ी चलाना) और 304ए (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी के मुताबिक, हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक फरार हो गया। वहीं, स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि वह पहले दिल्ली परिवहन निगम में संवाहक था। फिलहाल, पुलिस ट्रक चालक की तलाश में जुटी है।

उत्तराखंड में संगठन को मजबूत बनाने के तहत आप मुख्यालय पर हुई अहम बैठक

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

आप राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने उत्तराखंड में संगठन को मजबूत बनाने के तहत मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में अहम बैठक बुलाई। संगठन को कैसे मजबूत बनाना है और जमीनी स्तर पर कैसे काम करना है, ऐसी तमाम योजनाओं और रणनीतियों पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन के एक-एक साथी के साथ उनके द्वारा दिए गए सुझवों पर चर्चा की गई। इस बैठक में पार्टी के कई नेता, महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके पदाधिकारी और वॉलंटियर्स मौजूद रहे। डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि इस बैठक का मुख्य लक्ष्य संगठन के सभी लोगों से

व्यक्तिगत रूप से मिलकर बात करना था। उनसे मिले सुझावों की मदद से ना सिर्फ एक मजबूत सगंठन तैयार होगा बल्कि जमीनी स्तर पर प्रदेश की समस्याओं और जरूरतों को समझने में भी मदद मिलेगी आप राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने उत्तराखंड संगठन को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड चुनाव हो चुका है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम वहां उम्मीद खो चुके हैं। उत्तराखंड में एक बड़े बदलाव की जरूरत है, जो केवल एक मजबूत संगठन की मदद से ही संभव हो सकता है। अगले चुनाव में अभी लंबा समय है और हमें इस समय का सदुपयोग करना है, अपने संगठन को और मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि आप लोगों का अपना एक बड़ा अनुभव रहा है। आप लोगों ने जमीनी स्तर पर काम किया है और जनता को समझते हैं। उत्तराखंड की जनता को एक ऐसी सरकार की जरूरत है जो उनकी जरूरतों को समझे और जो प्रदेश के हित में काम करे। आम आदमी पार्टी हमेशा से जनता के हित में काम करने में विश्वास रखती है। दिल्ली के बाद पंजाब में भी जनता के हित में काम जारी है। यह काम देश के कोने-कोने तक पहुंचाना है इसलिए हर प्रदेश में संगठन को मजबूत करना जरूरी है। इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए हमारे बहुत सारे साथी उत्तराखंड से सफर करके दिल्ली आए, यह बेहद सराहनीय है। हमने एक-एक करके सभी साथियों से सुझाव मांगे। इन सुझावों को ध्यान में रखते हुए हमने आगे की रणनीति पर चर्चा की। इन सुझावों की मदद से ना सिर्फ एक मजबूत सगंठन तैयार होगा बल्कि जमीनी स्तर पर उत्तराखंड की समस्याओं और जरूरतों को समझने का भी मौका मिलेगा।

अदालत ने अल-कायदा के चार आतंकियों को सात साल जेल की सजा सुनाई

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को आतंकी संगठन अलकायदा की शाखा ह्यअल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टीनेंटह्न (एक्यूआईएस) के चार सदस्यों को देशभर में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने और संगठन के लिए सदस्यों की भर्ती करने के मामले में सात साल से अधिक जेल की सजा सुनाई। उनके अधिवक्ता अकरम खान ने कहा कि विशेष न्यायाधीश संजय खंगवाल ने मौलाना मोहम्मद अब्दुल रहमान कासमी, मोहम्मद आसिफ, जफर मसूद और अब्दुल सामी को सात साल पांच महीने कारावास की सजा सुनाई। अधिवक्ता ने कहा कि दोषी पहले ही करीब सात साल तीन महीने जेल में बिता चुके हैं और इस अवधि को सजा का हिस्सा माना जाएगा।

अभियोजन पक्ष द्वारा साबित किए गए अपराधों में आजीवन कारावास की अधिकतम सजा का प्रावधान है। इसके पहले न्यायाधीश ने शुक्रवार को एक्यूआईएस के दो अन्य कथित सदस्यों सैयद मोहम्मद जिशान अली और सबील अहमद को इस मामले में रिहा कर दिया था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने आरोप लगाया था कि कासमी उत्तर प्रदेश में एक मदरसा चलाता था जहां कई विद्याथियों का दाखिला लिया जाता था ।

केजरीवाल सरकार में हो रहे भ्रष्टाचारों के मास्टर माईंड : चौ0 अनिल कुमार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड में बिल कलेक्शन में हुए करोड़ो रुपये के घोटाले की जानकारी 2019 में मिलने के बावजूद दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा बिल कलेक्शन कम्पनी के अनुबंध को आगे बढ़ाना का मतलब सब कुछ अरविन्द केजरीवाल की देखरेख में हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के मांग कि एन्टी करप्शन ब्यूरो दिल्ली जल बोर्ड घोटाले में अरविन्द केजरीवाल का सीधे रुप से शामिल होने के कारण उनके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करे और जल बोर्ड के खातों को सील करके जांच होनी चाहिए। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि 2019 में उजागर हुए दिल्ली जल बोर्ड में बिल कलेक्शन के लिए हुए करोड़ो के घोटाले पर 2022 में मामला सामने आने पर उपराज्यपाल ने एफ.आई.आर. करके जांच के आदेश दिए, जिसके तहत कल एन्टी करप्शन ब्यूरो ने बिल उगाही करने वाली तीन

कम्पनियों के मालिकों को 20 करोड़ के घोटाले के अंतर्गत गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड ने अपने कार्यालयां में ऑटोमेटिक बिल मशीन लगाने का काम कॉर्पोरेशन बैंक की दिया जिसको बैंक ने दो कम्पनियों को दे दिया। 10 अक्टूबर, 2019 तक इनका बिल कलेक्शन का कांट्रेक्ट था परंतु अररुम ई पेमेंट कम्पनी मार्च 2021 तक बिल कलैक्ट करती रही, जिसकी जांच दिल्ली जल बोर्ड विजिलेंस डिपार्टमेंट ने की और पाया कि 20 करोड़ का घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में दिल्ली जल बोर्ड 9000 करोड़ लाभ में था लेकिन केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार ने दिल्ली जल बोर्ड को 57000 करोड़ घाटे में पहुचा दिया। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में दिल्ली जल बोर्ड लाभ कमाने वाली संस्था थी, जबकि 2014 में आम आदमी पार्टी की दिल्ली में सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की निष्क्रियता के कारण दिल्ली जल बोर्ड का घाटा लगातार बढ़ रहा है। उन्हांने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड में जमा हुई राशि और कम्पनियों द्वारा कलेक्ट की गई राशि में भारी अंतर होने के कारण ए.सी.बी. ने एफ.आई.आर. दर्ज करके गिरफ्तारी की गई। उन्होंने मांग की कि मामले की पूरी तरह से जांच करके दिल्ली बोर्ड के अधिकारियों, बैंक अधिकारियों की भूमिका भी घोटाले में सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना सरकार की मिलीभगत से करोड़ों रुपये का घोटाला नही हो सकता। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस मांग करती है कि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा बिल कलेक्शन में हुए करोड़ो रुपये के घोटाले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के शामिल होने के चलते उन पर एफ.आई.आर. दर्ज हो और मामले की सीबीआई से जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शराब घोटाला सहित पिछले 8 वर्षों में आम आदमी पार्टी के शासन में हुए सभी भ्रष्टाचारों के मास्टर माईंड अरविन्द केजरीवाल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने चार्जशीट दाखिल की है।

बीमारियों से कैसे बचें : डॉ. राम शर्मा

नई दिल्ली। विकासपुरी की आनंद कुंज सोसायटी में एक स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों लोगों ने पहुंच कर स्वस्थ के प्रति जानकारी हासिल की। तथा वहीं इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बढ़ती बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करना था। इस मौके पर डॉ. राम शर्मा ने जात-पात ब भेदभाव से ऊपर उठकर बीमारियों से बचने के लिए कुछ खास बातों की जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। वैसे तो डॉ. राम शर्मा बीएससी, एमबीए, पीएचडी तथा लगभग 100 से भी अधिक पुस्तकों के लेखन व ज्योतिष वास्तु के साथ साथ इन्होंने ने विदेशों में भी जाकर अपने इस नेक काम से लोगों को जागरूक किया है।डॉ. राम शर्मा को अपने उपकरण आरा स्कैनर द्वारा कैंसर, किडनी, लीवर, ह्रदय व आंखों के रोगों कि जांच करने का संकेत इन्हें प्राप्त है। इस दौरान डॉ. शर्मा ने बताया कि मनुष्य शरीर के अंदर सात चक्र होते हैं जो इन चक्रों को जगाने का काम करते है। डॉ. शर्मा ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने ने अपनी बीमारियों का इलाज भी स्वयं बिना दवाइयों से किया है। इस प्रोग्राम में डी डी 16 लाफ्टर लाइफ स्टाइल क्लब के फाउंडर दुगार्दास आजाद ने जीवन का महत्व बताते हुए कहा कि हमेशा गुस्से से दूर रहें और प्रयास करें की सदा मुस्कुराहट वाली बातों पर ही ध्यान दें।

अरबिंदो कॉलेज के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव महक 2023 का हुआ शुभारम्भ

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री अरबिंदो कॉलेज ने अपने वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव महक 2023 के भव्य कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम तीन दिन चलेगा। महोत्सव का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ जिसका उद्घाटन दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजिज प्रोफेसर बाला राम पाणि के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर अन्य गणमान्य अतिथियों में भारतीय जनता पार्टी दिल्ली के कार्यकारी अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सचदेवा, कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन प्रोफेसर संजय चमोली, कोषाध्यक्ष प्रोफेसर राजेश सिंह,देशबंधु कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजीव अग्रवाल, कॉलेज के प्रिंसिपल विपिन अग्रवाल, एफ एम की मशहूर रेडियो जॉकी सुश्री संगीता, सांस्कृतिक कमेटी की संयोजक प्रो.मीता माथुर, मीडिया संयोजक डॉ.हंसराज सुमन, प्रो.सोनी रस्तोगी, प्रो.संगीता कौल, डॉ.वंदना भल्ला,प्रो. रघुवंश सिंघल, डॉ.प्रदीप

सिंह, डॉ.राजबीर यादव, डॉ.प्रशांत बड़थ्वाल आदि भी उपस्थित थे। सांस्कृतिक महोत्सव महक का उद्घाटन करते हुए अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि प्रोफेसर बालाराम पाणि ने कहा कि महक ऐसी सुगंध है जिसे दूर तक जाना चाहिए। इसकी सुगंध दूर तलक जाएगी। यह सकारात्मक सोच और रचनात्मक ऊर्जा का संचार करने वाली है। उन्होंने आगे कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां हमारा सर्वांगीण विकास करती हैं जबकि मात्र अकादमिक शिक्षा से हमारा एकांगी विकास होता है। इस अवसर पर कॉलेज गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन प्रो. संजय चमोली ने कहा कि वास्तविक शिक्षित वह नहीं है जो मात्र कृत्रिम तरीके से शिक्षा प्राप्त करता है बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों आदि के साथ प्राप्त शिक्षा से ही वास्तविक चरित्र का निर्माण होता है । तभी मनुष्य के व्यक्तित्व की पहचान भी होती है। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विपिन अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने वक्तव्य में कहा कि इस वर्ष हमारा यह समारोह और भव्य होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा देश विशाल विविधतापूर्ण संस्कृतियों वाला देश है और ऐसे अवसरों पर हम उसकी सम्पूर्ण छटा को एक साथ देख सकते हैं। इसलिए देश की वास्तविक छवि को समग्र रूप में एक स्थान पर प्रस्तुत करने के लिए ऐसे कार्यक्रम हमारे भीतर विशालता और राष्ट्र की एकात्मकता का भाव जगाते हैं।

गालंद मे बनने वाले वेस्ट एनर्जी प्लांट को लेकर नगर आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

- 1400 करोड़ निवेश कर बनाया जाएगा वेस्ट एनर्जी प्लांट
- भाप तथा बिजली का सर्जन होगा

गाजियाबाद, संवाददाता

गालंद मे बनने वाले वेस्ट एनर्जी प्लांट को लेकर डॉ नितिन गौड़ नगर आयुक्त की अध्यक्षता में सोमवार को समीक्षा बैठक की गई। बैठक में स्वास्थ्य तथा निर्माण विभाग के अधिकारी तथा नीदरलैंड की जीसी इंटरनेशनल कंपनी के निदेशक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जीसी इंटरनेशनल कंपनी जिसके द्वारा 1400 करोड़ निवेश कर बनाया जाएगा। जिसकी टीपीडी 2500 मेट्रिक टन रहेगी। साथ ही भाप तथा बिजली का सर्जन होगा, इसी के क्रम में नगर निगम के कचरे का निशुल्क निस्तारण भी किया जाएगा। बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। नगर आयुक्त ने बताया कि गालंद मे बनने वाले वेस्ट एनर्जी प्लांट के लिए लगातार तैयारी चल रही है। जिसके लिए योजना भी बनाई जा रही है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी हापुड़ तथा पुलिस अधीक्षक हापुड़ से भी वार्ता चल रही है।

गाजियाबाद के कचरे का स्थाई समाधान कराने के लिए वेस्ट एनर्जी प्लांट को स्थापित किया जाएगा। जिसका लगातार प्रयास किया जा रहा है।

मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी द्वारा संबंधित टीम के साथ समय-समय पर बाउंड्री वाल की कार्यवाही कराने के लिए प्रयास चल रहा है। जल्द ही सफलता मिलने के उपरांत कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। नगर आयुक्त ने कहा कि प्रतिदिन सर्जन होने वाले 1400 से 1500 मेट्रिक टन कूड़े की गुणवत्ता को लेकर भी योजना बनाई जा रही है। जिसके क्रम में कूड़े की गुणवत्ता मात्रा क्लोरिक वैल्यू आदि के लिए भी आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्था द्वारा सर्वे कराने की भी तैयारी चल रही है।

बैठक में जीसी इंटरनेशनल कंपनी के डायरेक्टर व अन्य प्रतिनिधि, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी व अन्य निर्माण की टीम उपस्थित रही।

जिनके द्वारा बेस्ट एनर्जी प्लांट के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे में चर्चा की गई।

संक्षिप्त खबरें

घर का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी

गाजियाबाद, संवाददाता। मोदीनगर स्थित राधा एन्कलेव कॉलोनी में बदमाशों ने एक मकान का ताला तोड़कर 60 हजार रुपये की नकदी व लाखों के सोने चांदी के जेवरात चोरी करके ले गए। परिवार के लोग अपने बच्चे का इलाज कराने के लिए मेरठ गए थे। पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रहे है। राधा एन्कलेव कॉलोनी निवासी अमित कुमार अपनी पत्नी व चार साल के बच्चे के साथ रहते है। वह दिल्ली की एक निजी कंपनी में नौकरी करते है। दस दिन पहले उनका चार का पुत्र रघु मकान की छत से गिर गया था। जिस कारण उसके हाथ में फैक्चर आ गया था। वह उसका इलाज कराने के लिए परिवार के साथ मेरठ गए हुए थे। सोमवार सुबह पड़ोसी ने उन्हें सूचना दी कि मकान के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही अमित कुमार परिवार सहित अपने घर पहुंचे। अमित कुमार ने बताया कि देर रात बारह बजे के बाद बदमाशों घर के मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर आए। इसके बाद सेफ में रखे 60 हजार रुपये की नकदी व तीन लाख से अधिक के सोने चांदी के जेवरात चोरी करके ले गए। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी चैक करने पर पता चला कि शुक्रवार शाम सात बजे के आसपास एक बदमाश बाइक पर रेकी करने आया और देर रात चोरी कर ली। बदमाश की बाइक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

ऑटो में सवारियों से लूटपाट करने वाले दो गिरफ्तार

गाजियाबाद, संवाददाता। एनीसीआर में यात्रियों से लूटपाट करने वाले ऑटो गिरोह के दो शातिर लुटेरों को विजय नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने लूट का मोबाइल भी बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी शातिर किस्म के है। जो कि लूट के दौरान पहले ही ऑटो में सवारी बनकर बैठकर जाता था और दुसरा साथी ऑटो चलाता था। जैसे ही कोई रात में सवारी ऑटो में बैठती तो चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देते। सोमवार को अपने कार्यालय में घटना का खुलासा करते हुए एसीपी अंशु जैन ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली की ऑटो रिक्शा में सवारी बैठाकर लूट की वारदात की को अंजाम देने वाला गिरोह सजवान नगर कट के पास किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से खड़े है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए विजय नगर थाना प्रभारी अनिता चौहान की टीम ने मौके पर पहुंचकर जीशान पुत्र मुस्लिम अंसारी निवासी खोड़ा कॉलोनी, मोहन पुत्र भंवर सिंह निवासी नवादा सेक्टर-62 को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके पास से लूट का मोबाइल व दो चाकू एवं हजारों की नगदी बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि गिरोह का सरगना वसीम है, जो कि इस गैंग को चलाता है। पकड़े गए आरोपी पहले ऑटो रिक्शा में बैठे होते है। जब कोई सवारी ऑटो में बैंठती तो चाकू दिखाकर उनका सामान लूट लेते थे। सोमवार सुबह भी आरोपी वारदात को अंजाम देने के इरादे से खड़े थे। जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, मगर गिरोह का सरगना ऑटो लेकर फरार हो गया।

आवासीय कॉलोनियों से दूर होने वाली नहीं जाम की समस्या

- मुख्य रोड़ से लगे आवासीय भूखंडों पर मार्केट निर्माण का नही थम रहा है दौर
- जीडीए का प्रवर्तन विभाग हुआ कार्रवाई के मामले में असहाय

गाजियाबाद, संवाददाता

सड़कों से कभी जाम की समस्या दूर हो पाएगी,ऐसा दूर तक भी दिखाई नहीं दे रहा है। वजह जो आवासीय भूखंड रहने के लिए दिए गए,उनमें से अधिकांश मुख्य सडकों से लगे भूखंड के हिस्सों पर मार्केट निर्माण का खेल थमते हुए दिखाई नहीं दे रहा है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन विभाग के जिन अधिकारियों के कंधों पर अवैध निर्माण को रोकने का दायित्व है,वह पूरी तरह से असहाय दिखाई दे रहे है। ये खेल केवल इंदिरापुरम तक ही सीमित नहीं है,बल्कि वैशाली के साथ साथ जीडीए के प्रवर्तन खंड तीन,चार,पांच,सात तथा आठ के एरिया में आने वाले हिस्सों में देखा जा सकता है। शहर की पॉश कालोनी राजनगर,कविनगर तथा दूसरे एरिया की सडकों पर जाम की समस्या बढने की सबसे बडी वजह आवासीय भूखंड के सडक से लगे हिस्सो में मार्केट निर्माण का खेल है। इंदिरापुरम के काला पत्थर रोड पर अक्सर जाम लगने की वजह भी रोड से लगे भूखंडों पर बडे बडे शो रूम का निर्माण किया जाना है। मजे की बात ये है कि इंदिरापुरम की सीआईएसएफ रोड पर वैसे ही वाहनों का दबाव रहता है। सीआईएसएफ रोड से लगे अहिंसा खंड के आवासीय भूखंड पर सिग्ला रेस्टोरेंट खोल दिया गया। वाहनों की पार्किंग मुख्य सडक पर करायी जाती है। जिस वक्त ये रेस्टोरेंट खुल रहा था,जीडीए के प्रवर्तन विभाग के अभियंताओं को भी दिखाई नहीं दिया। जीडीए उपाध्यक्ष के द्वारा लगातार आदेश दिए जा रहे है कि पार्किंग के लिए प्रस्तावित एरिया मे मार्केट या शो रूम का निर्माण नहीं होना चाहिए,लेकिन उनके आदेशों की भी धज्जियां उडायी जा रही है। हैरत का पहलू ये है कि जिस किसी व्यक्ति के द्वारा अपने घर में मरम्मत करायी जा रही होती है तो जीडीए के सुपरबाइजर एवं अवर अभियंता जा धमकते है,लेकिन उन्हें आवासीय भूखंडों पर मार्केट एवं शो रूम दिखाई नहीं पडते है। बताते है कि इन दिनों अवंतिका के आवासीय भूखंडों पर भी मार्केट के निर्माण का खेल आरंभ हो गया है। हालांकि जीडीए के प्रवर्तन जोन छह के प्रभारी दुर्गेश सिंह कहते है कि आवासीय भूखंड पर मार्केट के निर्माण को बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

व्यापारियों के साथ निगम ने चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान

गाजियाबाद, संवाददाता

शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सभी जोन के व्यापारिक क्षेत्रों में जाकर प्लास्टिक फ्री अभियान चलाया गया। मोहन नगर जोन के बाजारों में जाकर निगम की टीम द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया और लोगों से अपील की गई शहर को प्लास्टिक फ्री बनाने के लिए सहयोग करें। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार ने बताया कि नगर आयुक्त के निदेर्शानुसार मोहन नगर जोन के श्याम पार्क एक्सटेंशन मार्केट को प्लास्टिक फ्री किया गया। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए टारगेट बनाते हुए बाजारों को भी प्लास्टिक फ्री किया जा रहा हैं। नगर आयुक्त के निदेर्शानुसार जनभागीदारीता भी सुनिश्चित कराई जा रही है। जिसमें व्यापारी वर्ग को भी साथ लेकर डोर टू डोर दुकानदारों के पास जाकर पॉलिथीन व अन्य प्लास्टिक का बहिष्कार करने की अपील की जा रही है। नगर निगम द्वारा किए जा रहे इस प्रकार के आयोजन से ना केवल व्यापारी वर्ग का सहयोग मिल रहा है। व्यापारियों द्वारा अपनी श्याम पार्क एक्सटेंशन की मार्केट को प्लास्टिक फ्री करते हुए एक पत्र भी चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर को दिया गया। जिसमें उनके द्वारा घोषणा की गई है कि उनका मार्केट पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त किया गया है। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों का भी विशेष सहयोग नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्य में मिलने लगा है।

इंदिरापुरम के पार्क व सेंट्रल वर्ज फैली अव्यवस्था

गाजियाबाद, संवाददाता

- जीडीए सचिव ने लोगों को सभी समस्याओं का जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया

इंदिरापुरम के पार्क व सेंट्रल वर्ज की सही से देखरेख नहीं हो रही है। सेंट्रल वर्ज टूटी हुई है। इसमें लगे पेड़ पौधों को ट्रिमिंग की जरूरत है। पार्कों में भी गंदी फैली हुई है।

इससे नाराज स्थानीय लोग अपनी शिकायत लेकर जीडीए कार्यालय पहुंचे। वार्ड 99 के पार्षद समेत स्थानीय लोगों ने जीडीए उपाध्यक्ष को अपनी समस्याओं से संबोधित ज्ञापन जीडीए सचिव को सौंपा।

जीडीए सचिव ने भी लोगों को सभी समस्याओं का जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। इंदिरापुरम आवासीय योजना अभी तक नगर निगम को हैंडओवर नहीं हुई है। ऐसे में यहां का रखरखाव प्राधिकरण ही करता है। लेकिन क्षेत्र में अव्यवस्था फैली हुई है। सेंट्रल वर्ज, पार्क से लेकर सड़कों तक पर गंदगी है। इनकी सही से देखरेख नहीं हो रही है। इसी की शिकायत लेकर वार्ड 99 के पार्षद अभिनव जैन स्थानीय लोगों के साथ जीडीए कार्यालय पहुंचे। इन्होंने अपनी समस्याओं का ज्ञापन जीडीए सचिव बृजेश कुमार को सौंपा। निवर्तमान पार्षद अभिनव जैन ने कहा कि इंदिरापुरम समेत वैभव खंड क्षेत्र में सेंट्रल वर्ज कई जगहों पर टूट चुके हैं। कई जगहों पर सेंट्रल वर्ज में गंदगी व्याप्त है। पेड़ पौधे की ट्रिमिंग कहीं हुई है, जिससे क्षेत्र की सुंदरता प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के कई पार्क बदहाल हो चुके हैं। वैभव खण्ड में पार्क का वाकिंग एरिया क्षतिग्रस्त हो चुका है। अंदर की हेजेज टूट चुकी हैं। कैनोपियां गिरने वाली हैं, आरसीसी के सरिए निकल चुके हैं। इससे लोगों को चोटें भी लगती रहती हैं। वहीं कई पार्कों में अतिक्रमण देखा जा रहा है, जिससे वहां गंदगी व्याप्त रहती है। इससे पेड़-पौधों की ट्रिमिंग भी बाधित होती है। उन्होंने कहा कि मरम्मत के लिए पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी हैं, बड़े अधिकारी अधीनस्थ अधिकारियों को समुचित कार्रवाई के लिए बोल भी चुके हैं, लेकिन कोई काम नहीं हुआ है। इन समस्याओं को दूर कर क्षेत्र को सुंदर बनाया जाए। इनकी बात चुनने के बाद जीडीए सचिव ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रतिनिधि विकास भट्ट, चंद्रशेखर सिंह आदि मौजूद रहे।

आईटीएस डेंटल कॉलेज में विश्व ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन दिवस पर लेक्चर का आयोजन

गाजियाबाद, संवाददाता

दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर के ओरल सर्जरी विभाग द्वारा सोमवार को विश्व ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन दिवस मनाया गया। जिसमें संस्थान के 150 से अधिक बीडीएस एवं एमडीएस के विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी दंत विभागों के एचओडी तथा दंत चिकित्सक सम्मिलित थे। यह दिन ओरल सर्जरी की विषेषता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये दुनिया भर के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जनों की प्रेरक भूमिका को याद कराता है। कार्यक्रम का शुभारंम्भ मुख्य अतिथि वक्ता डॉ जतिन कालरा तथा आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वल्लित कर किया। आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के सेक्रेट्री भूषण कुमार अरोड़ एवं संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी तथा डॉ राहुल कश्यप, एचओडी ओरल सर्जरी विभाग के साथ-साथ सभी दंत विभागों के एचओडी उपस्थित रहें। संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी ने सभी प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उनका आभार प्रकट किया। इसके बाद डॉ राहुल कश्यप ने सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की विशेषताओं के बाद में प्रतिभागियों को बताया। अतिथि वक्ता डॉ जतिन कालरा वर्तमान में ग्रेटर कैलाश में ससयते मल्टीस्पेशलिटी डेंटल क्लीनिक का नेतृत्व कर रहे है। इसके साथ ही वह लोक नायक अस्पताल, एआईएमएस तथा पीजीआईएमईआर जैसे विभिन्न संस्थानों में भी कार्यरत रहे चुके है। डॉ जतिन द्वारा फुल माउथ रिहैबिलिटेषन विद इम्प्लांट्स इन एट्रोफिक जॉव्स विषय पर एक लेक्चर प्रस्तुत किया गया। उन्होंने अपने लेक्चर के दौरान एट्रोफिक जबड़ें में इम्प्लांट्स के उपयोग की प्रक्रिया की भूमिका के बारे में सभी प्रतिभागियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न मैक्सिलोफेशियल प्रक्रिया को पूरा करने के बारे में भी प्रशिक्षित किया, जिसके माध्यम से मरीजों को नवीनत प्रक्रियाओं के साथ उपचार प्रदान किया जा सकें। इस कायक्रम का मुख्य उद्देश्य बढते हुये मैक्सिलोफेशियल के क्षेत्र में सभी दंत चिकित्सकों के ज्ञान को बढ़ाना था। इसके साथ ही वक्ता डॉ जतिन ने विद्यार्थियों एवं दंत चिकित्सकों के लिये आयोजित इस ज्ञानवर्धक मंच के लिये संस्थान को धन्यवाद देते हुये लेक्चर का समापन किया। अंत में डॉ अमित गुप्ता, प्रोफेसर, ओरल सर्जरी विभाग द्वारा सभी को धन्यवाद देकर कार्यक्रम का समापन किया तथा इस सफल कार्यक्रम के लिए सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

160 क्षय रोगी और लिए गए गोद

- यशोदा कौशांबी ने यूपीएचसी खोड़ा गांव पर उपलब्ध कराया पुष्टाहार

गाजियाबाद, संवाददाता

स्वास्थ्य विभाग के प्रयास से क्षय रोगियों को निक्षय मित्र मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को एक ओर जहां नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी), खोड़ा गांव पर कौशांबी स्थित यशोदा अस्पताल ने 100 और क्षय रोगियों को गोद लिया, वहीं पसौंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ओम बालाजी ऑटोमोबाइल्स ने 60 क्षय रोगियों को गोद लेकर पुष्टाहार प्रदान किया। कंपनी के डायरेक्टर विकास देशवार और चेयरमैन साहेब सिंह ने क्षय रोगियों का उत्साह वर्धन करने के साथ ही नियमित रूप से दवा खाते रहने के लिए प्रेरित किया। यूपीएचसी खोड़ा गांव पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान यशोदा अस्पताल की ओर से 100 क्षय रोगियों को पुष्टाहार प्रदान किया गया। इस मौके पर यूपीएचसी प्रभारी डा. अलका भारद्वाज ने क्षय रोगियों को बताया नियमित रूप से दवा खाने के साथ ही क्षय रोगियों को उच्च प्रोटीन युक्त भोजना लेना जरूरी है। ऐसा करने से उनके ठीक होने के क्रम को गति मिलेगी। इसीलिए एक ओर जहां सरकार निक्षय पोषण योजना के तहत हर माह पांच सौ रुपए का भुगतान क्षय रोगी के खाते में करती है वहीं? निक्षय मित्र उपलब्ध कराकर पुष्टाहार प्रदान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। निक्षय मित्र केवल पुष्टाहार ही प्रदान नहीं करते बल्कि क्षय रोगियों को भावनात्मक और सामाजिक सहयोग भी उपलब्ध कराते हैं। इस मौके पर क्षय रोग विभाग से जिला पीपीएम समन्वयक दीपाली गुप्ता, दीपक, विष्णु, पंकज और राकेश आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर पसौंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलेक्ट्रिक वाहनों की निमार्ता ओम बालाजी ऑटोमोबाइल्स कंपनी ने 60 क्षय रोगियों को गोद लेकर पुष्टाहार प्रदान किया। कंपनी के चेयरमैन साहेब सिंह ने अपने संबोधन में कहा जनपद को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए हम क्षय रोग विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे।

घर को बनाया शराब तस्करी का अड्डा, अवैध शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

गाजियाबाद, संवाददाता

जनपद में अवैध शराब का कारोबार करने वाले तस्कर कितने शातिर हैं। इसका इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि तस्कर मुनाफा कमाने के लिए हरियाणा से शराब की तस्करी तो कर ही रहे हैं। साथ ही पुलिस और आबकारी विभाग की कार्रवाई से बचने के लिए तस्करी के लिए लाई गई शराब को जमीन में गड्ढा खोदकर नीचे छिपा दिया। तस्कर ने जमीन के गड्ढे को ही अपना ठिकाना बनाया हुआ था। उस गड्ढे के ऊपर तस्कर ने भूसा भरा हुआ था। जब कि कहीं से शराब की डिमांड होती तो जमीन के गड्ढे को खोदकर शराब को निकलता और बेच देता। मगर उसकी यह तरकीब भी ज्यादा दिन नही चली। आबकारी विभाग के मुखबिर तंत्र के चलते तस्कर अवैध शराब समेत पकड़ा गया। पहले तो दबिश में आबकारी विभाग की टीम भी धोखा खा गई। क्योंकि जो जानकारी उन्हें मिली थी, उस जानकारी के अनुसार उस घर मे भूसा भरा हुआ था। टीम ने जब कमरे में रखें भूसे को हटाया तो पहले कुछ बरामद नहीं हुआ। टीम ने जब कमरें की गहनता से जांच की तो कमरें में कुछ ईंटे ऊखड़ी हुई मिली। थोड़ी मिट्टी खोदने पर तहखाना नजर आया। जब तहखाने का ढक्कन खोला तो उसमें अवैध शराब रखी हुई थी। तहखाने में से टीम को हरियाणा शराब की खेप बरामद हुई। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि लोनी क्षेत्र में एक तस्कर हरियाणा शराब की तस्करी कर रहा है।

सूचना पर तत्काल आबकारी निरीक्षक अनुज वर्मा, त्रिवेणी प्रसाद मौर्य, राकेश त्रिपाठी की दो टीमें तैयार की गई। दोनों टीम द्वारा रविवार देर शाम को पूजा कॉलोनी, खुशी वाटिका, राहुल गार्डन आदि स्थानों पर दबिश दी गई। एक टीम ने तस्करी करने वाले स्थान पर छापेमारी की कार्रवाई की तो दुसरी टीम ने घर पहुंचकर दबिश दी। पहली टीम को घर पर दबिश के दौरान 10 पेटी (500 पव्वे) बरामद मिला। जो कि घर के अंदर छिपाकर रखी हुई थी। वहीं दुसरी टीम ने शराब तस्करी किए जा रहे बताए गये स्थान पर छापेमारी की कार्रवाई की तो उस स्थान पर भूसें के सिवा कुछ नहीं मिला। भूसा हटाकर देखा गया तो कुछ भी नही मिला। मगर कमरे के अंदर कुछ ईंट ऊखड़ी हुई पड़ी मिली। जब टीम ने ईंट हटाना शुरू किया तो उसमें गड्ढा दिखाई दिया। जहां से करीब 117 पव्वे बरामद किए गये। आरोपी तस्कर विनय पुत्र विनोद ने हरियाणा से शराब के पव्वे को लाकर गड्ढे में छिपाया हुआ था। बरामद शराब की कीमत करीब 45 हजार रुपए हैं। पकड़ा गया तस्कर शातिर किस्म का है। जिसने घर में बने भूसे के कमरे में ही गड्ढा खोदकर ही छोटा शराब का गोदाम बनाया हुआ था। आरोपी पिछले काफी समय से शराब तस्करी का कारोबार कर रहा हैं। जिसके खिलाफ ट्रोनिका सिटी थाने में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया। पूछताछ में तस्कर ने बताया कि वह पुलिस और आबकारी विभाग से बचने के लिए घर अंदर गड्ढा खोदकर शराब छिपाकर रखता था। जब भी कोई मुखबरी करता तो और जांच होती तो सामान्य तौर पर पुलिस को कुछ नही मिलता था।

आकिया एस्थेटिक ने किया विस्तार, राजधानी के डिफेंस कॉलोनी में खुला सेंटर

गाजियाबाद/नई दिल्ली, संवाददाता। आरडीसी स्थित अकिया एस्थेटिक क्लिनिक ने विस्तार करते हुए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी दूसरी इकाई का शुभारंभ किया। क्लिनिक का उद्घाटन राष्ट्रीय भाजपा प्रवक्ता व सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी और भाजपा नेता व रक्षामंत्री के पुत्र नीरज सिंह ने किया। आकिया एस्थेटिक की डायरेक्टर डा. रूपिका सिंह व धनंजय तेवतिया ने आंगतुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. रूपिका सिंह ने बताया कि आकिया एस्थेटिक अपने मरीजों को अत्याधुनिक व विश्व स्तरीय सेवा उपलब्ध को कराने के साथ ही संपूर्ण केयर की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा सेंटर त्वचा देखभाल और त्वचा विज्ञान सेवाओं के लिए आवश्यक सर्वोत्तम उपलब्ध उपकरण और मशीनरी से सुसज्जित है। उन्होंने बताया कि एस्थेटिक क्लिनिक लेजर हेयर रिमूवल, हाइड्रा फेशियल, फिलर्स ऑफ स्किन, बोटोक्स, प्रोफिलो, , ब्राइडल पैकेज, मिरापील आदि सहित सौंदर्य और त्वचा उपचार सहित अनेकों सेवाएं सेवाओं प्रदान करता है। इस अवसर पर डॉ. नवीन कुमार, मधु कुमार, मधुलिका सिंह, डॉ. अनिल तोमर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल ने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल से की भेंट

गाजियाबाद, संवाददाता। राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल ने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से स्नेहशील भेंट की एवं अभी हाल ही में मेरठ रोड स्थित एचआरआईटी कॉलेज में संपन्न हुए 3 दिवसीय राइस इन उत्तर प्रदेश 2022 कार्यक्रम की पुस्तिका उनको उपहार स्वरूप प्रदान की। इस कार्यक्रम में केंद्र एवम प्रदेश सरकार की योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई थी जिसने हजारों युवाओं ने भाग लिया था। मनोज सिन्हा ने पुस्तिका स्वीकार कर लगातार तीसरी बार हुए कार्यक्रम की राज्यसभा सांसद से तारीफ कर उन्हे शुभकामनाएं दी।

पानी बेचने को लेकर दो समुदाय के बीच मारपीट, 5 गिरफ्तार

गाजियाबाद, संवाददाता। साहिबाबाद के टीला मोड़ थाना क्षेत्र के गरिमा गार्डन में दो पक्षों में रविवार को मारपीट हो गई। एक पक्ष के लोगों ने सहायक पुलिस आयुक्त के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों की तहरीर पर दूसरे पक्ष के 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। दूसरे पक्ष की रिपोर्ट दर्ज न होने पर वह देर रात तक टीला मोड़ थाने पर हंगामा करते रहे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अशोक वाटिका निवासी ईशु शिखरवाल का कहना है कि रविवार दोपहर को गरिमा गार्डन के ब्रह्म चौक के पास वह खड़ा था। तभी सद्दाम नाम के युवक ने रंजिश के चलते उस पर हमला कर दिया। आरोपित ने नेता गिरी करने की बात कहते हुए लोहे की रॉड से मारा। उसके साथ 10-15 लोग और आ गए। उन्होंने भी उसे पीटना शुरू कर दिया। उसे बचाने के लिए उसके साथी शिवम और रोहित आए तो आरोपितों ने उसे भी पीटा। उसके सिर में रोड मारकर घायल कर दिया। उसकी जान लेने की कोशिश की। उन्होंने हमला करने वाले पांच लोगों को पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस को पांचों लोगों सौंप दिया। हमला करने पर विरोध में एक पक्ष के लोगों ने राजेंद्र नगर में सहायक पुलिस आयुक्त पूनम मिश्रा के कार्यालय पर प्रदर्शन किया और आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग। पुलिस ने ईशु की तहरीर पर सद्दाम, सुहेल, शाहिद, युसुफ, गुलाम मोहम्मद, सकील, शाहरूख, अमन, सोनू ओर मोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एफआइआर दर्ज होने और पांच लोगों के गिरफ्तार होने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने पुलिस ने एक तरफा कार्रवाई का आरोप लगाया। देर शाम को बड़ी संख्या में महिला और पुरुष टीला मोड़ थाने में हंगामा करते रहे। उन्होंने पुलिस को मारपीट का वीडियो दिखते हुए दूसरे पक्ष के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने की मांग की। सद्दाम के स्वजन ने बताया कि सद्दाम पानी बेचने का काम करता है। दूसरे पक्ष के लोग उस क्षेत्र पानी बेचने का विरोध करते हैं। उन्होंने मारपीट कर उसका पानी फेंक दिया। उन्होंने पानी फेंकने का वीडियो भी दिखाया। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया तो वह शांत हो गए। सहायक पुलिस आयुक्त साहिबाबाद पूनम मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने एक पक्ष की ओर 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दूसरे पक्ष ने भी मारपीट के वीडियो दिखाई है। वीडियो की जांच करने कर दूसरे पक्ष के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

31 बकरियां चोरी, 22 दिन तक रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस के काटता रहा चक्कर

गाजियाबाद, संवाददाता। नंदग्राम थाना क्षेत्र के दीनदयालपुरी में चोरों ने 19 जनवरी की रात मकान की छत से 31 बकरियां चोरी कर लीं। चोर बराबर की छत के रास्ते आए और नशीला स्प्रे कर सो रहे युवक को बेहोश कर दिया। इसके बाद आरोपित मकान का दरवाजा खोलकर बकरियां चुरा ले गए। मामले की शिकायत नंदग्राम चौकी में की गई तो पुलिस 22 दिन तक घुमाती रही। पीड़ित रिपोर्ट दर्ज करने के लिए चक्कर काटता रहा, पर पुलिसकर्मियों ने नसीहत दी कि बकरियों का बीमा क्यों नहीं कराया। बाद में थाने पर शिकायत करने पर रिपोर्ट दर्ज की गई। चोरी बकरियों की कीमत साढ़े पांच लाख रुपये बताई गई हैं। दीनदयालपुरी के रोहित माली का काम करने के साथ बकरी पालन करते हैं। पीड़ित का कहना है कि वह 19 जनवरी के रात परिवार के साथ मकान में सोए थे। छत पर उन्होंने 40 बकरी बांधी थीं। उनकी सुरक्षा के लिए छत पर प्रदीप को सुलाया था। रात में बराबर के प्लाट से कुछ लोग छत पर आए और प्रदीप को नशीला स्प्रे छिड़ककर बेहोश कर दिया। आरोपित बकरी खोलकर सीढ़ियों के रास्ते ले गए। सुबह होने पर पुलिस कंट्रोल रूम के साथ नंदग्राम पुलिस चौकी पर शिकायत दी। आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और उन्हें लगातार घुमाती रही। वह 10 फरवरी को थाने पहुंचे तो रिपोर्ट दर्ज की गई। एसीपी नंदग्राम आलोक दुबे का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर बकरियों की तलाश की जा रही है। चोरों का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

मारामारी चालक पद पर 10 हजार सैलरी पर नौकरी पाने को लेकर मारामारी की वजह कमायी होती है 35 से 40 हजार

डीजल सीएनजी का खेल हर विभाग में...

- 50 लीटर में दस लीटर तेल का पैसा जाता है सुपरबाइजर की जेब में

गाजियाबाद, संवाददाता

पार्षदों की मानें तो डीजल एवं सीएनजी का खेल केवल नगर निगम तक ही सीमित नहीं है, बल्कि तमाम सरकारी विभागों में है। वजह सरकारी विभागों में कांटेक्ट के आधार पर चालक की नौकरी महज 10 हजार रूपए में पाने को लेकर मारामारी इसी लिए होती है,चूंकि एक बाद चालक की नौकरी पाने के बाद वह हर माह डीजल,सीएनजी के खेल से हर माह 35 से 40 हजार रूपए कमा लेता है। अधिकारी भी डीजल एवं सीएनजी के खेल को रोकने के प्रति दिलचस्पी नहीं दिखा रहे है। वजह जिस उदाहरण स्वरूप किसी वाहन को यदि 50 लीटर तेल की पर्ची सुपरबाइजर जारी करता है तो 10 लीटर तेल का पैसा सुपरबाइजर के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को पहुंचाता है। 5 से 10 लीटर डीजल चालक बेच देते है। ये खेल निगम के स्वास्थ्य विभाग के साथ उद्यान,जलकल तथा लाइट विभाग में भी देखा जा सकता है। कुछ पार्षदों ने इस बात को लेकर सवाल खडे किए कि जो निगम का अपना पंप है,उस पर एक व्यक्ति की कैसे पिछले पंद्रह सालो से तैनाती की गई क्या और दूसरे ऐसे बाबू नहीं है जो कि पंप की कमान देख सकें।

बीजेपी के निर्वतमान पार्षद हिमांशु लव ने कहा कि जिस वक्त वह निगम मे पार्षद बनकर सदन में पहुंचे थे,तभी से लगाार आवाज उठायी,ले

सम्पादकीय

ओम-अल्लाह का धर्मयुद्ध

ओम और अल्लाह एक ही हैं। मनु और आदम भी एक ही हैं। मनु की संतानें मनुष्य कही गईं और आदम की औलाद को आदमी कहा गया। अल्लाह ने आदम को भारत की जमीं पर भेजा, लिहाजा भारत मुसलमानों का पहला वतन है और इस्लाम सबसे पुराना मजहब है। जिसे हम अल्लाह मानते हैं, वह ही हिंदुओं में ईश्वर है, फारसी में उसे ही खुदा कहते हैं और ईसाई गॉड मानते हैं। जब मनु धरती पर आए, तब ब्रह्मा नहीं थे, विष्णु और शिव भी नहीं थे, श्रीराम भी नहीं थे, तो मनु किसकी पूजा करते थे? किसी धर्मगुरु ने बताया कि मनु ओम को पूजते थे। फिर सवाल उठा कि ओम क्या था? किसी धर्मगुरु ने व्याख्या की कि ओम का कोई रंग-रूप नहीं था। वह एक हवा थी। जिसे आप हवा मानते हैं, वही हमारे लिए अल्लाह है।

तमाम मुसलमानों को हिंदू ही मानने वालों का विचार जाहिल है। बहरहाल 21वीं सदी में धर्म और भगवान या अल्लाह की ऐसी स्थापनाएं हास्यास्पद लगती हैं। कोई विधर्मी, धूर्त और अज्ञानी व्यक्ति ही ऐसी व्याख्याएं कर सकता है या किसी के विचार को जाहिल करार देते हुए गाली दे सकता है। मुसलमानों के सबसे पुराने और व्यापक मजहबी और सामाजिक संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद के मंच से वयोवृद्ध मौलाना अरशद मदनी ने धर्म और परमात्मा संबंधी ऐसी व्याख्याएं कर साबित करने की कोशिश की है कि भारत धर्मनिरपेक्ष देश नहीं है। बेशक संविधान में धार्मिक और पूजा-पाठ पद्धति की आजादी का अधिकार दिया गया है, लेकिन दूसरे के धर्म और आस्थाओं को गाली देने और उसे अधम करार देने का अलिखित अधिकार भी दिया गया है। बुनियादी तौर पर भारत को मुसलमानों का वतन कहा गया है।

इस्लाम और मुसलमान भारत की ही पैदाइश हैं, वे कहीं बाहर से नहीं आए, ये स्थापनाएं भी दी गई हैं। जमीयत का यह आम आयोजन सर्वधर्म समभाव और सौहार्द्र की सार्वजनिक सोच के तहत किया गया था, लेकिन वह आडंबर और मुखौटा ही थे, नतीजतन जैन मुनि, सिख धर्मगुरु और अन्य को मंच छोड़ कर जाना पड़ा। स्पष्ट कर दें कि हम न तो धर्मगुरु हैं और न ही धर्मों के विशेषज्ञ हैं, लेकिन जितना भी अध्ययन किया है, उसके मुताबिक इन व्याख्याओं को खंडित किया जा सकता है। मौलाना मदनी ने विश्व के सनातन धर्म को खारिज किया है, जिसके कालखंड में वेदों, पुराणों और उपनिषदों के दर्शन दुनिया के सामने आए।

मौलाना ने ब्रह्मा, विष्णु, महेश सरीखे ब्रह्मांड के दैवीय त्रिदेवों और विष्णु-अवतार प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को ही नकारा है, लिहाजा एक बहुसंख्यक मानवीय आबादी की धार्मिक आस्थाओं को कुचला गया है। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव जी का नाम ही नहीं लिया गया, जिनके सुपुत्र भरत के नाम पर देश का नामकरण भारत किया गया था। उनका कालखंड ही करीब 3000 साल पुराना है। त्रिदेव तो ब्रह्मांड के आदि रचयिता हैं, लिहाजा उनके कालखंड की तो कल्पना की जा सकती है, व्याख्या असंभव है। अध्यात्म और आस्था तर्कों के आधार पर तय नहीं किए जा सकते। फिर इस्लाम धर्म तो 1600 वर्ष पुराना ही है, तो उसे दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म कैसे माना और कहा जा सकता है? मौलाना भी धर्म के विशेषज्ञ नहीं हैं। अलबत्ता वह किसी भी मकसद और मंसूबों के तहत मुसलमानों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। मौलाना अरशद इस्लाम के कुछ जानकार हो सकते हैं, लेकिन सनातन धर्म को लेकर वह शून्य हैं।

पूर्वोत्तर के चुनाव कुछ अलग, कुछ खास!

ऋतुपर्ण दवे

साल 2023 भारत के लिए चुनाव के लिहाज से बेहद अलग होगा। 9 राज्यों के चुनाव होने हैं। तीन राज्यों में घोषणा के साथ शंखनाद हो चुका है। राजनीतिक गलियारों में राज्यों के नतीजों से आम चुनाव के लिए नब्ज टटोली जाती है। कभी सत्ता का सेमीफाइनल तो कभी जनता के मिजाज बताकर देखा जाता है। 2024 में आम चुनाव होने हैं। वैसे भी दुनिया में लोकतंत्र के लिहाज से भारत की खास पहचान है। हर साल और हर मौसम में कहीं न कहीं और कोई न कोई चुनाव होता रहता है। यही हमारे लोकतांत्रिक ढांचे की खूबसूरती है और मजबूत जनादेश की व्यवस्था भी। पूर्वोत्तर के राज्य त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में चुनावी ऐलान के साथ राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ गई है। जिन तीनों विधानसभाओं में चुनाव हैं और सभी में 60-60 सीटें हैं। विधानसभाओं के लिहाज से नगालैंड का 12 मार्च, मेघालय का 15 मार्च और त्रिपुरा का 22 मार्च को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। वहीं त्रिपुरा में 16 फरवरी को जबकि नगालैंड-मेघालय में 27 फरवरी को एक-एक चरण में मतदान होगा। नतीजे 2 मार्च को आएंगे।

त्रिपुरा में 2018 विधानसभा चुनाव में भाजपा जीती और 25 साल से शासन कर रहा लेफ्ट बेदखल हुआ। बिप्लब कुमार देब मुख्यमंत्री बने। 2022 में चौंकाने वाला निर्णय को मशहूर भाजपा ने बिप्लब देब की जगह राज्यसभा सदस्य डा. माणिक साहा को नया मुख्यमंत्री बना नया दांव खेला। इससे यह चुनाव बेहद रोचक होंगे। यहां 1967 से विधानसभा चुनाव हो रहे हैं जिसमें 6 दशकों तक मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस एक दूसरे के धुर विरोधी रहे। 2018 तक दोनों में राजनीतिक भिड़ंत होती थी। लेकिन भाजपा के पैर जमाते ही हालात बदले। अब 50 साल से ज्यादा पुराने धुर विरोधी यानी सीपीएम जो 35 साल और कांग्रेस जो 18 साल सत्ता में रहने के बाद अब गठबन्धन को मजबूर हैं। वजह भाजपा को सत्ता से रोकने के लिए दूसरा चारा नहीं है। वहीं 2018 में शून्य से शिखर तक पहुंची भाजपा की राहें भी उतनी आसान नहीं दीखती क्योंकि जिस इंडीजेनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा यानी आईपीएफटी के साथ गठबंधन कर सत्ता में पहुंची थी उसकी मंशा पर भरोसा नहीं है। एक ओर जहां बीजेपी-आईपीएफटी गठबंधन जारी रहने की बात हो रही है। लेकिन एक अन्य क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा ने 2021 में त्रिपुरा ट्राइबल ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल यानी टीटीओडीसी चुनावों में ग्रेटर टिपरालैंड की मांग के साथ सफलतापूर्वक जीत हासिल कर अपनी अहमियत दिखा दी जिससे सियासी जमीन काफी मजबूत हुई। अब, आईपीएफटी टिपरालैंड नाम से अलग राज्य की मांग कर सियासी ताकत बढ़ा रहा है। दोनों की मांगे कमोवेश एक सी हैं इसीलिए कवायद दोनों को एकजुट रखने की है। लेकिन टिपरा मोथा प्रमुख प्रद्योत देब बर्मा की त्रिपुरा की राजनीति में नया विकल्प बनने की चाहत संबंधी कुछ इशारों से भाजपा की चिन्ता बढ़ गई है। त्रिपुरा का सियासी दंगल बेहद दिलचस्प होता दिख रहा है।

मेघालय में 2018 में नेशनल पीपुल्स पार्टी यानी एनपीपी 20 और भाजपा ने 2 सीट जीत गठबंधन सरकार बनी। कांग्रेस 21 सीट जीत सबसे बड़ी पार्टी बनकर भी सत्ता तक नहीं पहुंच सकी। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी यानी यूडीपी को 8, पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी पीडीएफ को 2 सीटें मिली। एनपीपी के कोनराड संगमा मुख्यमंत्री बने। लेकिन जैसा कि अमूमन होता है, चुनाव पूर्व जोरदार राजनीतिक उथल-पुथल जारी है। अब एनपीपी-भाजपा के बीच दरार की बातें सुनाई दे रही हैं। थोड़ा पहले एनपीपी के दो, तृणमूल कांग्रेस के एक और एक निर्दलीय यानी 4 विधायक भाजपा में चले गए जबकि कांग्रेस के 12 विधायकों ने तृणमूल का दामन थामा तो कुछ एनपीपी में चले गए जिससे 2 कांग्रेसी विधायक ही बचे हैं उनके भी दलबदल की चर्चा है। इससे सियासी समीकरण गड़बड़ा गया। संभावना है कि एनपीपी और भाजपा दोनों अलग-अलग चुनाव लड़ें। यहां भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी जैसी राष्ट्रीय पार्टियों के अलावा तमाम क्षेत्रीय दल भी ताल ठोंक रहे हैं। फिलाहाल नेशनल पीपुल्स पार्टी, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी, पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट, हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, गारो नेशनल काउंसिल, खुन हैन्नीवट्रेप राष्ट्रीय जागृति आंदोलन, नार्थ ईस्ट सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी, मेघालय डेमोक्रेटिक पार्टी भी चुनाव में सक्रिय है। यहां 36 सीटों में महिलाओं की जनसंख्या पुरुषों से अधिक है। लेकिन राजनीति में महिलाओं की मौजूदगी ना के बराबर है। हो सकता है इस बार यह भी मुद्दा बने। नगालैंड में तो अनोखी सरकार है। विपक्ष है ही नहीं। सभी ने मिलकर सरकार बना डाली और चलाई। लेकिन वहां की मूल समस्या पर प्रभावी कुछ न होना अब चुनावी रण में चिन्ता का विषय है। वैसे भी अपनी अलग तरह की राजनीति को लेकर नागालैण्ड सुर्खियों में रहता है। इसके बावजूद पक्ष-विपक्ष दोनों मतदाताओं के लिए खास हैं क्योंकि विपक्ष है ही नहीं! इस बार मतदाताओं के विवेक की अग्निपरीक्षा है। पिछले चुनाव में नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी यानी एनडीपीपी ने 17 सीटें तो भाजपा ने 12 जीती थीं। जबकि एक अन्य पार्टी नेशनल पीपल्स पार्टी यानी एनपीए ने 27 सीट जीतीं। चुनाव बाद भाजपा और एनडीपीपी ने मिलकर सरकार बनाई तो नगा पीपुल्स फ्रंट यानी एनपीएफ के अधिकतर विधायकों ने भी एनडीपी को साथ दे दिया जिससे उनके केवल 4 विधायक बचे।

पाक में हिन्दू-भारत विरोधी नेता संकट में क्यों

ये सभी घनघोर भारत तथा हिन्दू विरोधी बयानबाजी करने के कारण बदनाम रहे हैं। इमरान खान की सरकार में गृहमंत्री शेख राशिद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी जेल भी जा चुके हैं। इन दोनों पर सरकारी कामकाज में बाधा उत्पन्न करने के आरोप हैं। कश्मीरी मूल के शेख राशिद रावलपिंडी के उसी गॉर्डन कॉलेज में पढ़े हैं जिसमें सशक्त अभिनेता बलराज साहनी और उनके अनुज तथा महान कथाकार भीष्म साहनी पढ़ते थे। शेख राशिद बेहद हल्के इंसान हैं। उनकी किसी प्रेस कॉफ्रेंस को देखकर उनके गटर छाप होने का अंदाजा लग जाता है। उनके तीन काम हैं। वे या तो शरीफ बंधुओं को कोस रहे होते हैं या वे जरदारी और उनके पुत्र बिलाल भुट्टो को पाकिस्तान के ताजा खराब हालातों के लिए दोष दे रहे होते हैं। यहां तो वे अपने राजनीतिक विरोधियों पर वार करते हैं। पर उन्हें अपने देश के कठमुल्लों के बीच इसलिए सम्मान मिलता रहा है, क्योंकि; वे भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देते रहते हैं।

आर.के. सिन्हा
लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

पाकिस्तान में आजकल एक अजीब तरह का इत्तेफाक देखने में आ रहा है। आटे की कमी और महंगाई की मार से त्रस्त और पस्त झेलते पाकिस्तान में इमरान खान के तीन करीबी नेताओं पर शरीफ सरकार का शिकंजा सकता जा रहा है। ये सभी घनघोर भारत तथा हिन्दू विरोधी बयानबाजी करने के कारण बदनाम रहे हैं। इमरान खान की सरकार में गृहमंत्री शेख राशिद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी जेल भी जा चुके हैं। इन दोनों पर सरकारी कामकाज में बाधा उत्पन्न करने के आरोप हैं। कश्मीरी मूल के शेख राशिद रावलपिंडी के उसी गॉर्डन कॉलेज में पढ़े हैं जिसमें सशक्त अभिनेता बलराज साहनी और उनके अनुज तथा महान कथाकार भीष्म साहनी पढ़ते थे। शेख राशिद बेहद हल्के इंसान हैं। उनकी किसी प्रेस कॉफ्रेंस को देखकर उनके गटर छाप होने का अंदाजा लग जाता है। उनके तीन काम हैं। वे या तो शरीफ बंधुओं को कोस रहे होते हैं या वे जरदारी और उनके पुत्र बिलाल भुट्टो को पाकिस्तान के ताजा खराब हालातों के लिए दोष दे रहे होते हैं। यहां तो वे अपने राजनीतिक विरोधियों पर वार करते हैं। पर उन्हें अपने देश के कठमुल्लों के बीच इसलिए सम्मान मिलता रहा है, क्योंकि; वे भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देते रहते हैं। अपने को दिलीप कुमार तथा रेखा का फैन बताने वाले शेख राशिद यहां तक कह चुके हैं कि उनके देश के पास रखे परमाणु हथियार भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकते हैं। इस्तेमाल इस तरह से होंगे ताकि भारत में रहने वाले मुसलमान बच जाएं।

शेख राशिद कहते थे कि हमारे पास 250-250 ग्राम के न्यूक्लियर हथियार हैं, हम जहां चाहे गिरा सकते हैं। पाकिस्तान को डरने की क्या जरूरत है। इसके साथ ही वो कहा करते थे कि भारत को ऐसा सबक सिखाएंगे कि वो हमेशा याद रखेंगे। वे पाकिस्तान की बदहाली के लिए सरकार की नीतियों से अधिक अल्ला ताला के मुंह फेरने को जिम्मेदार बताते थे। बहरहाल, वे आजकल जेल की हवा खा रहे हैं। जेल में जाते हुए वे कांप रहे होते हैं।

फवाद चौधरी भी शेख राशिद की तरह ही भारत विरोधी हैं। वे भी भारत की तरक्की से जलते-भुनते रहे हैं। जब राफेल लड़ाकू विमान को सौंपे जाने से पहले रक्षा मंत्री द्वारा पूजा हुई तो फवाद चौधरी ने पूजा का मजाक उड़ाया। दशहरे पर फ्रांस ने भारत को पहला राफेल फाइटर जेट सौंपा था। पारंपरिक तौर पर रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने इसकी पूजा की थी। भारत में दशहरे पर शस्त्र पूजा की प्राचीन और पारम्परिक धार्मिक परंपरा है। फ्रांस में शस्त्र पूजा पर राजनाथ ने कहा था कि अलौकिक शक्ति में हमारा पूर्ण विश्वास है। हालांकि पूजा को गलत बताने वालों को कौन बताए कि संसार में केवल दो चीजें ही अनंत हैं- ब्रह्मांड और विस्तार। तमाम हल्की बातों को किनारे रख दें। अगर कोई भारतीय हमारी परंपरानुसार पूजा करता है, तो किसी को भी उसकी आलोचना करने की क्या जरूरत है। रक्षा मंत्री ने केवल भारतीय परंपराओं का निर्वहन किया था। चौधरी बिना जाने-समझे बकवास कर रहे थे। वे भी जेल में भेजे गए थे। फिलहाल जेल से बाहर है। सुना है कि उनकी जेल में कसकर सेवा हुई है।

शेख राशिद तथा चौधरी की तरह एक फैय्याज चौहान साहब भी हैं। वे एक बार कह रहे थे कि हम हिन्दुओं की तरह बुतपरस्त नहीं हैं। हम मुसलमान हैं। भारत यह न सोचे कि वे हमसे सात गुना बढ़ा है। उनका एक वीडियों वायरल हो गया है, जिसमें वे हिन्दुओं पर करारा प्रहार कर रहे हैं। हालांकि, वे यह सब करते हुए कहीं न कहीं अपनी पुरखों को ही कोस रहे थे। उन्हें ही गालियां दे रहे थे। चौहान को लगता है कि उन्हें अपने पूर्वजों के संबंध में कोई इल्म ही नहीं है। उनका सरनेम चौहान होना ही इस बात की गवाही है कि उनके पुखे राजपूत हिन्दू थे। फैय्याज चौहान के पास गलती से संस्कृति विभाग का भी दायित्व था। जरा देख लीजिए कि संस्कृति मंत्रालय को देखने वाला शख्स किस सड़कछाप भाषा का इस्तेमाल कर रहा है। उनके अपने देश में अब भी चालीस-पचास लाख बचे खुचे हिन्दू रहते हैं। हिन्दू पाकिस्तान का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय भी है। इन सबके बावजूद वे अपने देश के हिन्दुओं का भी घोर अनादर करते हैं। वे भारत के ऊपर तोहमत लगाएं तो समझ आता है। पर हिन्दू धर्म ने वहां पर किसी का क्या बिगाड़ा है।

शेख राशिद एक बार कह रहे थे कि अगर भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया तो पाकिस्तान को भारत पर परमाणु बम गिराने में देर नहीं लगेगी। हम मंदिरों की घंटियों को बंद करवा देंगे। गौर कीजिए कि ये सब मंत्री पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से ही आते हैं। पाकिस्तान के इसी प्रान्त में भारत के खिलाफ सर्वाधिक दुश्मनी का माहौल रहता है। देश के बंटवारे के वक्त पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में ही सबसे अधिक खून खराबा हुआ था। शेख राशिद के खुद के शहर रावलपिंडी में मई, 1947 में ही जमकर हिन्दुओं और सिखों का कत्लेआम हुआ था। यहां के हिन्दू और सिख खासे सम्पन्न हुआ करते थे। वह आग आगे चलकर पंजाब के दूसरे बहुत से शहरों तक में फैल गई थी। फिलहाल उन जख्मों को फिर से हरा करने का वक्त नहीं है। लेकिन, इनकी भड़काऊ बयानबाजी के पीछे गंभीर मंशा लगती है। पिछले दिनों चौहान से पुलिस के कुछ अफसर हिकारत से बात कर रहे थे जब वे लाहौर में इमरान खान के घर में जाने की कोशिश कर रहे थे। दरअसल पाकिस्तान को सुनिश्चित करना होगा ताकि उसके नेता भारत या हिन्दू धर्म को लेकर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी न करें। दोनों देशों के संबंधों में सुधार न होने के पीछे एक बड़ा कारण शेख राशिद, फवाद चौधरी तथा चौहान जैसे नेता ही रहे हैं। ये कुछ बोलने से पहले सोचते नहीं हैं। इनकी जुबान पर ताला लगना चाहिए।

सेक्युलर खेमे ने काऊ हग डे का विरोध कर गौ माता से अपनी नफरत का इजहार किया

इस दिन पूरी दुनिया में वेलेंटाइन डे भी मनाया जाता है। केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मन्त्री श्री पुरुषोत्तम रुपाला की टिप्पणी के एक दिन बाद बोर्ड के सचिव श्री एस.के. दत्ता ने अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए एक नोटिस के माध्यम से यह अपील वापस ले ली। रुपाला ने कहा कि ह्यअच्छा होता कि अगर लोग बोर्ड की ओर से 14 फरवरी को ह्यगाय आलिंगन दिवस के रूप में मनाने की अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते। यह पहली बार था जब पशु कल्याण बोर्ड ने देश में गाय प्रेमियों से ह्यगाय आलिंगन दिवस मनाने की अपील की। बोर्ड ने कहा था कि पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के चलते भारत की वैदिक परम्पराएं विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं। अब समय है कि हम अपनी परम्पराओं को पहचानें व उनको अपनाएं। ज्ञात रहे कि भारतीय समाज व गाय का रिश्ता उसके अस्तित्व से ही जुड़ा है।

राकेश सैन
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

सेक्युलर दलों के विरोध व सोशल मीडिया पर व्यापक आलोचना के बाद भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने 14 फरवरी को गाय से आलिंगन दिवस के रूप में मनाने की अपील वापस ले ली। इस दिन पूरी दुनिया में वेलेंटाइन डे भी मनाया जाता है। केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मन्त्री श्री पुरुषोत्तम रुपाला की टिप्पणी के एक दिन बाद बोर्ड के सचिव श्री एस.के. दत्ता ने अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए एक नोटिस के माध्यम से यह अपील वापस ले ली। रुपाला ने कहा कि ह्यअच्छा होता कि अगर लोग बोर्ड की ओर से 14 फरवरी को गाय आलिंगन दिवस के रूप में मनाने की अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते। यह पहली बार था जब पशु कल्याण बोर्ड ने देश में गाय प्रेमियों से ह्यगाय आलिंगन दिवसह्ल मनाने की अपील की। बोर्ड ने कहा था कि पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के चलते भारत की वैदिक परम्पराएं विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं। अब समय है कि हम अपनी परम्पराओं को पहचानें व उनको अपनाएं। ज्ञात रहे कि भारतीय समाज व गाय का रिश्ता उसके अस्तित्व से ही जुड़ा है।

यह शायद सम्भव नहीं लगता कि देश में परम्परा निर्वहन व गौ कल्याण की बात हो और इसे वो सेक्युलर खेमा इसे सहजता से स्वीकार कर ले, जो गौमांस भक्षण को संवैधानिक अधिकार बताता आया हो। ऐसा हुआ भी, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, वामपन्थी दलों सहित समूचे इको सिस्टम ने इसका विरोध करना और उपहास उड़ाना शुरू कर दिया। बोर्ड के एक सार्थक प्रयास को कभी साम्प्रदायिक, कभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छिपे एजेण्डे का हिस्सा बताया जाने लगा तो सोशल मीडिया पर इसका खूब उपहास उड़ाया गया। इसी कारण बोर्ड ने किसी विवाद की आशंका के चलते अपना निर्णय वापस ले लिया लगता है।

इस बात की तो पहले से ही आशंका व्यक्त की जा रही थी कि पशु कल्याण बोर्ड की इस साहसिक पहल पर कईयों के नाक भौं चढ़ सकते हैं और अन्ततः ऐसा हुआ भी जिसके चलते बोर्ड को अपना निर्णय बदलना पड़ा। दूसरी ओर यह सच्चाई है कि भारत की तरह ही दुनिया के कई देशों में गायों से बहुत प्यार और स्नेह किया जाता है। इन देशों में नीदरलैण्ड, रॉटरडैम, स्विट्जरलैण्ड, अमेरिका सहित यूरोप, अफ्रीका के कई देश शामिल हैं जहां के नागरिक गायों को खूब प्रेम करते हैं।

मैं और मेरा दोस्त राजेश लखोटिया बचपन में गली में घूमने वाली गायों के गलकम्बल व पीठ को सहलाते, तो देखते कि इससे गाय जड़वत खड़ी हो जाती और आनन्द में उनकी आंखें मुन्द जातीं। हमें भी अजीब-सा सुकून मिलता और देख कर हैरानी होती कि ये गायें हमें पहचानने लगती और जब भी गली में हम खड़े मिलते तो हमारे पास आकर हमें चाटना या हमारे शरीर के साथ गर्दन खुजाना शुरू कर देतीं। हम भारतीयों का गायों से नाता हमारे हमारे अस्तित्व से ही जुड़ा है और गौप्रेम जन्मघूटी से ही मिलता है। खुशी की बात है कि अब दुनिया गाय के महत्त्व को पहचानने लगी है। बताते हैं कि नीदरलैण्ड के गांव रूवर से गौ आलिंगन का प्रचलन निकला जो अब कई देशों में फैलता जा रहा है। डच भाषा में इसे ह्यकोए नफेलेनह्ल कहते हैं। ह्यएप्लाइड एनिमल बिहेवियर साइंस जर्नलह्ल के एक अध्ययन में कहा गया है कि जब गायों की गर्दन और ऊपरी पीठ के विशेष हिस्सों में मालिश की जाती है, तो वे गहरी राहत महसूस करती हैं, उनकी आंखें मुन्द जाती हैं और वे अपने कान गिरा देती हैं।

जब इंसान गायों की पीठ को थपथपाते हैं तो वो उनके लिए काफी आरामदायक होता है। गाय पालन सकारात्मकता को बढ़ावा देता है और मनुष्यों में ऑक्सीटोसिन को बढ़ाकर तनाव को कम करता है। इसीलिए गाय को गले लगाने का चलन दुनिया में बढ़ रहा है। इन दिनों अमेरिका में एक विशेष प्रकार का अभियान छेड़ा गया है। इस अभियान में अमेरिका की जनता बढ़ चढकर भाग ले रही है। यहां तक कि जमकर पैसे भी खर्च कर रही है। लोगों का मानना है कि कोरोना वायरस के दौर में दुनिया में कई लोग मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में उन्हें गाय को गले लगाना चाहिए। गाय की गर्दन और पीठ की तरफ सहलाने से उन्हें तो बड़ा आराम मिलता है, लेकिन यह गाय के साथ-साथ उसे भी आराम पहुंचाता है जो गाय को सहला रहा होता है।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक गाय से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। गाय को सहलाने से इंसानों की शरीर में ऑक्सिटॉसिन हार्मोन बढ़ता है, जो तनाव कम करने में सहायक होता है। अमेरिका में तो लोग 90 मिनट तक गाय को गले लगाने के लिए 22 हजार रुपए तक खर्च कर रहे हैं। कुछ लोग इसे चिकित्सा पद्धति भी बताते हैं, इनका कहना है कि अगर गाय पलटकर आपको चाटती है तो वो बताती है कि आपके और उसके बीच विश्वास कितना गहरा है। गाय के शरीर का गर्म तापमान, धीमी धड़कनें और बड़ा आकार उन्हें सटकर बैठने वालों को शान्ति का अहसास देता है। गाय से सटकर बैठना, चाटने देना ये सब इस चिकित्सकीय अनुभव का ही हिस्सा हैं।

भारत में गाय का युगों से जहां धार्मिक महत्त्व है वहीं इसका हमारी संस्कृति, इतिहास, आर्थिकता व आम जनजीवन से अटूट रिश्ता है। इसी कारण हमारे हर तरह के ग्रन्थ गौ-महिमा से अटे पड़े मिलेंगे। गाय का स्पर्श, चरण वन्दना, पीठ व गर्दन सहलाना, माथे को पलोसना लगभग हर भारतीय का दैनिक कृत्य है। हर शुभकार्य में गाय व इसके पंचगव्यों का किसी न किसी रूप में प्रयोग होता है। भारतीयों की गाय के प्रति श्रद्धा किसी बोर्ड या सरकार की मोहताज अथवा एक दिन का पर्व नहीं बल्कि अन्तर्आत्मा से जुड़ा विषय है परन्तु हैरानी तो उस सेक्युलर मानसिकता पर होती है जो जड़वत हो चुकी है। कोरोना महामारी के बाद मानवता अवसाद, मानसिक परेशानियों, तरह-तरह की बीमारियों की शिकार है, ऐसे में रुग्ण मानवता के कल्याण के लिए गौ-आलिंगन के रूप में नवाचार होता है तो इसका स्वागत होना चाहिए था, न कि विरोध।

राजस्थान में गहलोत की वापसी का ब्लूप्रिंट तैयार?

राजस्थान में गहलोत की वापसी का ब्लूप्रिंट तैयार?

-प्रभुनाथ शुक्ल-

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक सधे हुए पॉलिटिकल मैजिक मैन हैं। राजस्थान के आम बजट में उन्होंने राज्य के सभी वर्गों को साधने का काम किया है। बजट में उन्होंने आम आदमी की जेब का विशेष ख्याल रखा है। वैसे तो यह राज्य का वित्त बजट है, लेकिन इसका सीधा सरोकार होने वाली विधानसभा चुनाव से है। राजस्थान की सत्ता में दोबारा वापसी के लिए उन्होंने ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। गहलोत के जादुवी बजट से यह साबित होता है कि राजस्थान का आम चुनाव मोदी बनाम अशोक गहलोत होगा। क्योंकि चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, अन्नपूर्णा योजना, किसानों को मुफ्त बिजली, उज्जवला योजना में सस्ती गैस जैसी सुविधाएं भाजपा के फ्री राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और सुशासन की काट हैं। निश्चित रूप से राजस्थान की जनता पर इसका सीधा असर पड़ेगा। क्योंकि राज्य के आम बजट में आम आदमी का खासा ख्याल रखा गया है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के लिए राज्य का आम चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगा। क्योंकि एक तरफ सत्ता में दोबारा वापसी के लिए जहाँ सारे प्रयोग करने पड़ेंगे। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी से उन्हें लड़ना पड़ेगा। लेकिन इन सब के बावजूद स्वयं उन्हें कांग्रेस से लड़ना पड़ेगा। क्योंकि पार्टी में ही सचिन पायलट उनके धुर राजनीतिक विरोधी रहे हैं। उनकी नाराजगी और बगावती तेवर कई बार सड़क पर आ चुके हैं। भाजपा कांग्रेस की इस अंदरूनी फूट का लाभ उठाना चाहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य का दौरा भी कर चुके हैं और वहां उन्होंने जनसभाओं के जरिए राज्य की नब्ज टटोलने की कोशिश की है। कांग्रेस आलाकमान सोनिया गांधी, अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच कैसे तालमेल बिठाएंगी यह भी एक बड़ा सवाल है। लेकिन फिर भी राज्य में गहलोत की अपनी साख है। सियासी और करिश्माई व्यक्ति हैं। हालांकि राजस्थान में वह गांधी परिवार का भरोसा खोने के बावजूद भी सबसे अधिक भरोसेमंद दिखते हैं।

केंद्र की मोदी सरकार निश्चित रूप से महंगाई नियंत्रण करने में विफल रही है। रसोई गैस और बिजली जैसी सुविधा को फ्री कर मुख्यमंत्री ने आम आदमी को साधने की पूरी कोशिश की है। रसोई गैस की बढ़ती कीमतों से लोग बेहद परेशान हैं। राजस्थान से सटे राज्य पंजाब और दिल्ली में केजरीवाल की फ्री बिजली योजना काफी कारगर रहीं है। जिसका असर गहलोत की राजनीति पर भी पड़ता दिखता है। आम आदमी के लिए राज्य सरकार ने जहाँ 100 यूनिट बिजली फ्री देने की घोषणा की है। वहीं किसानों एकदम मुफ्त बिजली मिलेगी। सरकार की सबसे बड़ी घोषणाओं में यह खास है कि कोरोना में अनाथ हुए बच्चों को सरकारी नौकरी मिलेगी।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आम आदमी और किसानों के लिए विशेष रियायत दी है। किसानों को मुफ्त बिजली देने का भी उन्होंने ऐलान किया है। इसके तहत राज्य के 11 लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। इसके साथ किसानों को तीन हजार करोड़ का कर्ज भी दिया जाएगा जो ब्याज मुक्त होगा। राजस्थान में लंपी बीमारी की वजह से लाखों गायों की मौत हुई है। जिसकी वजह से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जिन पशुपालकों की दो गायों की मौत हुई है उन्हें प्रति गाय 40-40 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। अपने आप में यह बड़ी घोषणा है। कृषि कल्याण कोष के वित्त को भी बढ़ा दिया गया है। इसमें 50 फीसदी का इजाफा कर 7500 करोड़ कर दिया गया है। संरक्षित खेती को बढ़ावा देने के लिए एक हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। निश्चित रूप से यह घोषणाएं किसानों के लिए वरदान साबित होंगी।

राज्य में अंतरजातीय विवाह को प्रोत्साहन देने के लिए वर्तमान वित्त बजट को दोगुना कर दिया गया है। अभी तक लाभार्थियों को जहां ₹50 हजार मिलते थे अब सीधे एक लाख की मदद मिलेगी। इसके साथ ही युवाओं में स्किल डेवलपमेंट के लिए 500 करोड़ की योजना प्रस्तावित है। राज्य में अब एक से बारहवीं तक के छात्र- छात्राओं को मुफ्त शिक्षा मिलेगी। राजस्थान की महिला आबादी पर भी विशेष ख्याल रखा गया है। राजकीय बसों में यात्रा पर 50 फीसदी छूट मिलेगी। राज्य में साफ सफाई और

रहरा पुलिस ने वांछित अभियुक्त फैजान को एक अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

हसनपुर/ रहरा। पुलिस अधीक्षक अमरोहा आदित्य लांग्हे व अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी हसनपुर अभिषेक कुमार यादव के कुशल निर्देशन मे जनपद में संदिग्ध/वांछित अपराधियो के विरुद्व कार्यवाही के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सैदनगली पर दिनांक 16.01.2023 को पंजीकृत मु०अ०सं० 10/2023 धारा 3(1) गैग० एक्ट बनाम अभियुक्त फैजान पुत्र अलाउद्दीन नि० ग्राम माण्डली समसपुर थाना एचौडा कम्बोह जनपद सम्भल हाल पता एचएस स्कूल के पास थाना हसनपुर जनपद अमरोहा को मय एक अदद नाजायज तमन्चा 315 बोर व एक अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर सहित ग्राम गंगवार मदरसे के सामने से दिनांक 14.02.2023 को लगभग नौ बजे गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना रहरा अरविंद कुमार त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना रहरा पर मु0अ0सं0 43/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट दर्ज बनाम फैजान उपरोक्त दर्ज कर अभियुक्त फैजान को दाखिल कर जैल भेज दिया है ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार त्यागी,उ०नि० प्रवीण कुमार,है०का०प्रविन्द्र कुमार थाना रहरा जनपद अमरोहा आदि पुलिस कर्मी रहे।

पुलिस ने सरकारी किताब बेचने के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

हसनपुर। मंगलवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक कुमार यादव ने सरकारी किताबें बेचे जाने के मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार कर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के बाद न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया बता दें कि 7 फरवरी को थाना सैद नंगली की पुलिस द्वारा गांव कनेटा में शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को वर्ष 2022- 23 की बटने आई 10000 किताबों को कबाड़ी के रिश्तेदार के यहां से बरामद किया था जिस संबंध में 12 फरवरी को जिलाधिकारी बीके त्रिपाठी द्वारा 2 शिक्षकों को निलंबित किया जा चुका है वही मामले की विवेचना कर रहे पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक कुमार यादव ने मंगलवार को शिक्षा विभाग के बाबू जयपाल पुत्र कल्लू सिंह, कबाड़ी सरफराज पुत्र कलुआ एवं सप्लायर संजीव राणा पुत्र रतनपाल को गिरफ्तार करके प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की तथा अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया वही गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से थाना सैद नंगली प्रभारी रणवीर सिंह एवं वरिष्ठ उप निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल गौरव कुमार, कांस्टेबल राहुल ढाका आदि रहे।

कावड़ यात्रा को लेकर चौकीदारों को दिए गए दिशा निर्देश

हसनपुर। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार वर्मा के निर्देशन में क्षेत्र के तमाम चौकीदारों की एक बैठक कोतवाली परिसर में आयोजित की गई जिसमें चौकीदारों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि कावड़ यात्रा के मद्देनजर क्षेत्र में कांवरियों के गुजरने वाले रास्ते पर किसी भी हालत में मीट मछली अंडा इत्यादि आदि की बिक्री ना होने पाए यदि कहीं इस प्रकार की बिक्री होती पाई जाती है तो उसके तुरंत सूचना कोतवाली पुलिस को दे वही कावड़ यात्रा के सकुशल संपन्न होने तक सभी चौकीदार अपने अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का पूरा सहयोग करें एवं किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्व की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, बताते चलें कि सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार शर्मा ने चौकीदारों के समक्ष यह बात रखी वही इस मौके पर सब इंस्पेक्टर सोमपाल सिंह कस्बा इंचार्ज विकास कुमार सेहरावत एवं क्षेत्र के तमाम चौकीदार मौजूद रहे।

कानपुर देहात में मां-बेटी की जलकर मौत की घटना में 39 के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

कानपुर देहात, एजेंसी। जनपद में बुधवार को अतिक्रमण हटाने के दौरान आग में जलकर मां-बेटी की मौत हो गई थी। मामले में मैथा तहसील के उप जिलाधिकारी समेत 39 लोगों के खिलाफ हत्या जैसी गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। कानपुर देहात के मैथा तहसील के मड़ौली गांव में रहने वाले कृष्ण गोपाल दीक्षित के खिलाफ अवैध कब्जा करने की शिकायत थी। सोमवार को उप जिलाधिकारी मैथा ज्ञानेश्वर प्रसाद, पुलिस व राजस्व कर्मियों के साथ गांव में अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे। आरोप है कि टीम ने जेसीबी से नल और मंदिर तोड़ने के साथ ही छप्पर गिरा दिया। इससे छप्पर में आग लग गई और वहां मौजूद प्रमिला (44) व उनकी बेटी नेहा (21) की आग की चपेट में आने से जिंदा जलकर मौत के गाल में समां गई। जबकि कृष्ण गोपाल गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की सूचना पर आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले में ग्रामीणों को शांत कराया। घटना की गंभीरता को देखते हुए कानपुर जोन के एडीजी आलोक सिंह, मंडलायुक्त डॉ राजशेखर के साथ एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति समेत अन्य पुलिस के अधिकारी पहुंचे और जांच पड़ताल की। इसके बाद पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर देर उपजिलाधिकारी समेत 39 लोगों पर हत्या जैसी गम्भीर धाराओं पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुकदमे में उपजिलाधिकारी मैथा ज्ञानेश्वर प्रसाद, कानूनगो, लेखपाल मंडौली अशोक सिंह, तीन अन्य लेखपाल, थानाध्यक्ष रूरा दिनेश कुमार गौतम के साथ गांव के अशोक, अनिल, निर्मल, विशाल, जेसीबी ड्राइवर दीपक के साथ 10 से 12 अज्ञात सहयोगी को शामिल किया गया है। एडीजी कानपुर जोन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

एसडीएम और लेखपाल को निलम्बित किया

कानपुर देहात के मड़ौली में मां-बेटी की जलकर हुई घटना में शासन स्तर पर संज्ञान लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। प्रकरण में प्रथम दृष्टया उपजिलाधिकारी मैथा ज्ञानेश्वर प्रसाद, लेखपाल मड़ौली अशोक सिंह को निलम्बित कर दिया गया है। प्रकरण की उच्चाधिकारियों से जांच कराई जा रही है। गांव में तनाव को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा फोर्स तैनात कर दिया गया है।

एंबुलेंस खंबे से टकराई, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

बरेली। फतेहगंज पूर्वी से गर्भवती महिला को लेकर आ रही 108 एंबुलेंस अचानक खंभे से टकरा गई। जिसमें गर्भवती महिला समेत एंबुलेंस चालक और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में अस्पताल पहुंचने पर महिला की डिलीवरी करा दी गई है। बच्चा सुरक्षित है। मंगलवार सुबह करीब 4:15 बजे फतेहगंज पूर्वी की रहने वाली अंजलि को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। उनके पति रवि ने एंबुलेंस को फोन किया और वहां से करीब 4:30 बजे अंजलि को लेकर जिला अस्पताल की ओर चल पड़े। ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचने पर अचानक से एंबुलेंस रोड पर खड़े खंभे से टकरा गई। जिसमें एंबुलेंस पायलट दीपक इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) दीपेंद्र और गर्भवती अंजलि गंभीर रूप से घायल हो गई। फिलहाल अंजलि के बच्चे को कोई भी चोट नहीं आई है। जिला महिला अस्पताल में उसकी डिलीवरी कराने के बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। अंजलि ने बच्ची को जन्म दिया है।

बाराबंकी में किसान ने देखा विशालकाय अजगर, मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम

दरियाबाद/बाराबंकी। सुबह खेत गये किसान ने विशालकाय अजगर देख कांप गया। किसान जब तक अन्य लोगों को सूचना देता की अजगर बिल में घुस गया। दरियाबाद क्षेत्र के जेठौती कुर्मियान निवासी राकेश वर्मा मंगलवार की सुबह अपने खेत गये थे। खेत में उन्होंने एक विशालकाय अजगर देखा तो उनके हाथ पांव फूल गये। जब तक वह इसकी सूचना अन्य लोगो को देते तब तक अजगर बिल में घुस चुका था। किसान ने जिसकी सूचना वन विभाग को दी। जब मौके वन विभाग की टीम पहुँची तो अजगर का सुराग नहीं मिला। वन दरोगा श्यामलाल ने बताया कि किसान द्वारा सूचना मिली थी। लेकिन अजगर बिल में घुस गया है। जब दोबारा दिखाई देगा तो पकड़ा जाएगा।

नकली नोट के कारोबार का पुलिस ने किया भंडाफोड़, 5.90 लाख की नकदी समेत तीन गिरफ्तार

गोंडा। नगर कोतवाली व एसओजी टीम ने नकली नोटों के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 5.90 लाख के नकली नोट समेत एक पिस्टल, पुलिस की लोगो लगी कार, प्रिंटर व बड़े पैमाने पर नोट छापने के उपकरण बरामद किए हैं। सीओ क्राइम लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि जिले में काफी समय से नकली नोट का कारोबार करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम को आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगाया गया था। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि इस गिरोह से जुड़े कुछ शातिर नकली नोट की बड़ी डील करने की फिराक में है। इस पर पुलिस टीम ने उतरौला मार्ग पर छापेमारी की कार्रवाई करते हुए तीन शातिर आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपिसों के पास से पुलिस ने 5.90 लाख रुपये के नकली नोटों की करेंसी,95 हजार रुपये के असली नोट, प्रिंटर,पिस्टल व कारतूस,पुलिस के मोनोग्राम लगी कार व नकली नोट छापने के कई उपकरण बरामद किया है। पकड़ा गया शातिर ननके शर्मा बहराइच जिले के पयागपुर का रहने वाला है। उसके साथ उसका भांजा नरसिंह नरायण शर्मा निवासी करमडीह भटपुरवा थाना धानेपुर व दिलीप कुमार तिवारी निवासी परसिया पंडित थाना धानेपुर इस पूरे कारोबार को अंजाम दे रहे थे। सीओ ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ जालसाजी व आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

चित्रकूट के एसपी सहित चार अधिकारियों को डीजीपी देंगे प्रशंसा चिन्ह

लखनऊ। चित्रकूट जेल में अब्बास अंसारी की पत्नी निकहत को पकड़ने के मामले में पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक सहित चार पुलिसकर्मियों को पुलिस महानिदेशक डीएस चौहान मंगलवार को प्रशंसा चिन्ह देकर सम्मानित करेंगे। जानकारी के मुताबिक, सम्मानित होने वाले सूची में पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, पुलिस उपाधीक्षक प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, चौकी प्रभारी जेल श्याम देव सिंह शामिल हैं। इन अफसरों को आज लखनऊ के सिग्नेचर बिल्डिंग बुलाया गया है, जहां दो बजे इन पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अब्बास अंसारी और निकहत मामले में रगौली चौकी प्रभारी श्याम देव सिंह ने कर्वी कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज कराया था। जिसमें निकहत पर अब्बास को जेल से फरार कराने की साजिश रचने और कुछ पुलिस अधिकारियों, गवाहों और अभियोजन अधिकारियों की हत्या की योजना बनाने का भी जिक्र किया गया है। डीजीपी इस गोपनीय आपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाली पुलिस टीम को कमेंडेशन डिस्क देकर सम्मानित करेंगे।

पीड़ित परिवार की हर संभव मद्द करेगी सरकार : ब्रजेश पाठक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कानपुर देहात में हुई घटना पर कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। घटना के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार की हर संभव मद्द करेगी। ब्रजेश पाठक ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि कानपुर देहात की घटना दुखद है। उल्लेखनीय है कि कानपुर देहात जनपद के रुरा में आग में जलकर मां-बेटी के मौत का मामला सोमवार को सामने आया है। राजस्व की टीम अतिक्रमण हटाने गयी थी। अतिक्रमण हटाने के दौरान ही पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में मां और उसकी बेटी की जलकर मौत हो गयी।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद मुख्यमंत्री योगी ने बुलाई कैबिनेट बैठक

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक बुलाई है। यह कैबिनेट बैठक मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सीएम आवास पांच कालिदास मार्ग पर सुबह 11:30 बजे होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उनके सरकारी आवास पर कैबिनेट बैठक बुलाई गई है। वह पहले मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मे प्राप्त निवेश प्रस्ताव के क्रियान्वयन के सम्बंध में शाम चार बजे बैठक होगी। आज मुख्यमंत्री अटल आवासीय विद्यालय को लेकर प्रस्तुतिकरण बैठक होगी।

हाशमी कालेज की छात्रा कामनी ने जीता स्वर्ण पदक

प्रात : किरण, संवाददाता

हाशमी डिग्री कालेज अमरोहा की छात्रा कामनी यादव ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित वॉलीवाल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर हाशमी कालेज एवं जनपद का नाम रौशन किया है। आज हाशमी कालेज पहुंचने पर छात्रा कामनी यादव को सम्मानित किया गया। छात्रा को मेडल व बुक देकर उसका सम्मान किया। मूल रूप से ग्राम धावड़ी निवासी कामनी यादव पुत्री श्री सतेन्द्र सिंह हाशमी महिला महाविद्यालय अमरोहा में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा है। छात्रा द्वारा 4 फरवरी से जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर वॉलीवाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया तथा उनकी पहले स्थान रहकर गोल्ड मेडेल जीता। इससे पूर्व प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता जो 13 जनवरी से सहारनपुर में प्रतिभाग किया। गोल्ड मेडल जीतने के बाद पहली बार कालेज पहुंची छात्रा कामनी यादव को हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन डा0 सिराज उद्दीन हाशमी एडवोकेट एवं कालेज प्राचार्या डा0 रिजवाना कुलसुम व स्टाफ द्वारा छात्रा को बुक देकर एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन व कालेज प्रबंधक डा0 सिराजुद्दीन हाशमी एडवोकेट ने छात्रा कामनी यादव की हौंसला अफजाई करते कहा कि छात्रा ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए जहां कालेज का नाम रौशन किया है वहीं जिले का नाम भी ऊंचा किया है। उन्होने उम्मीद जताते कहा कि अन्य छात्राएं भी इससे प्रेरणा लेते हुए महाविद्यालय का नाम रौशन करेंगी। कालेज प्राचार्या डा0 रिजवाना कुलसुम ने कहा कि खेलों में भाग लेने से छात्राओं का मानसिक विकास के साथ शारीरिक विकास भी होता है तथा इससे उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना भी जागृत होती है। हमें पढ़ाई के साथ साथ खेलों पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने अन्य छात्राओं से खेलों में प्रतिभाग करने की अपील की। इस अवसर पर कालेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

राहुल गांधी का दौरा निरस्त होने पर कांग्रेस कार्यकर्ता भड़के, सरकार पर साधा निशाना

- आरोप, सरकार के इशारे पर राहुल गांधी के विमान को बाबतपुर एयरपोर्ट पर उतरने की नहीं मिली इजाजत

वाराणसी, एजेंसी

कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी को प्रयागराज जाने के लिए सोमवार की देर रात बाबतपुर एयरपोर्ट पर आना था। केरल वायनाड से आ रहे राहुल गांधी के स्वागत के लिए स्थानीय कांग्रेस के नेता एयरपोर्ट पर शाम को ही पहुंच गये। अचानक देर शाम राहुल गांधी का दौरा रद्द हो गया। इसकी जानकारी पाते ही कांग्रेस नेता आक्रोशित हो गये। एयरपोर्ट पर पार्टी के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष प्रयागराज जोन पूर्व मंत्री अजय राय ने आरोप लगाया कि सरकार के इशारे पर राहुल गांधी के विमान को वाराणसी एयरपोर्ट पर उतरने की इजाजत नहीं दी गई। इस वजह से उनके प्रयागराज आने का कार्यक्रम निरस्त करना पड़ा। अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी की बढ़ती हुई लोकप्रियता से सरकार डर गई है। इस तरह की हरकत की जितनी निंदा की जाए कम है। अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी का विमान बाबतपुर हवाई क्षेत्र में पहुंचा था। दो-तीन चक्कर लगाया, लेकिन एयरपोर्ट अथॉरिटी ने लैंडिंग की परमिशन नहीं दी। फिर विमान दिल्ली के लिए रवाना हो गया। इस संबंध में एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि राहुल की लैंडिंग पहले से ही निरस्त थी। एयरपोर्ट निदेशक आर्यमा सान्याल ने बताया कि राहुल गांधी के मूवमेंट के निरस्त होने की सूचना पहले ही आ गई थीं। एयरक्राफ्ट आपरेटर ने रात 9:30 बजे यह सूचना दी थी कि राहुल गांधी का विमान कन्नौर से नई दिल्ली के लिए उड़ा है। विमान का वाराणसी आना निरस्त हो गया है।

राहुल गांधी का प्रयागराज दौरा भी रद्द

राहुल गांधी का प्रयागराज का दौरा रद्द होने के बाद अभी तक अगले कार्यक्रम की तारीख तय नहीं हो पाई है। पार्टी के स्थानीय नेताओं ने संभावना जताई है कि शीघ्र ही राहुल गांधी के प्रयागराज दौरे का कार्यक्रम तय होगा। बताते चलें कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को प्रयागराज में नेहरू गांधी परिवार के पैतृक आवास स्वराज भवन में सोमवार रुककर अगले दिन मंगलवार को कमला नेहरू ट्रस्ट की बैठक में शामिल होना था।

बांदा में सड़क हादसे में भाजपा नेता की मृत्यु

बांदा। उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार भारतीय जनता पार्टी नेता की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि अलीगंज मुहल्ले के रामलीला मैदान निवासी भाजपा नेता उमेश मिश्र (50) बाइक से बीती देर रात अपने गांव अरबई जा रहे थे कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गुरेह गांव के निकट एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह ट्रक के पिछले पहिए के नीचे गिरकर कुचल गए। घटना की सूचना पर उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लाया गया जहां देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

नरेश मेहता एवं लक्ष्मीकान्त वर्मा स्मृति समारोह विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी

लखनऊ, एजेसी

उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा नरेश मेहता एवं लक्ष्मीकान्त वर्मा स्मृति समारोह के शुभ अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन, लखनऊ में पूर्वाह्न 11.00 बजे से किया गया। दीप प्रज्वलन, माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण के उपरान्त प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में वाणी वन्दना सुश्री रिद्धिमा श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत की गयी। सम्माननीय अतिथि डॉ0 राकेश कुमार शुक्ल, डॉ0 विनयदास, डॉ0 हेमांशु सेन व विनम्र सेन सिंह का उत्तरीय द्वारा स्वागत श्री के0पी0द्विवेदी, निदेशक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा किया गया। अभ्यागतों का स्वागत करते हुए निदेशक, उ0प्र0 हिन्दी संस्थान ने कहा- उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा आयोजित ह्यनरेश मेहता एवं लक्ष्मीकान्त वर्माह्य की पावन स्मृति को सादर नमन।

डॉ0 विनम्र सेन सिंह ने कहा -लक्ष्मीकांत वर्मा का व्यक्तित्व विराट था, अद्भुत था। नई कविता आन्दोलन में उनकी बहुत बड़ी भूमिका रही है। उनका मानना था नई कविता आधुनिकता से ओत-प्रोत है। नई कविता का कवि अर्थ के लय को पकड़ कर कार्य करता है। नई कविता के कवियों को काफी विरोधों का सामना करना पड़ा। वे काव्य में व्यंग्य के महाध्यम से भावों को प्रकट करने में समर्थ रहे। उन्होंने नई कविता में लघुमानव तत्व की परिकल्पना की। वे नई कवितायें मनुष्य की मनुष्यता की खोज करते नजर आते हैं। वे अपने काव्य में मनुष्य को समझने पर बल देते हैं। नई कविता के कवियों पर अस्तित्ववादी होने के आरोप लगाये गये। नई कविता अनुभूतियों का नवीनीकरण करती है। नई कविता के कवि नये भाव से कविता की रचना करत हैं। उनका मानना था कि कटुता व निराशा भी कविता में प्रकट कर सकते हैं। डॉ0 हेमांशु सेन ने कहा - नरेश मेहता ने हिन्दी धरा को विभूषित किया। साहित्य समाज का दर्पण होता है तो संस्कृति परिवेश को परिभाषित करती है। नरेश मेहता ने राम के चरित्र का सुन्दर वर्णन अपनी रचना में की है। भाषा की भी अपनी संस्कृति होती है। संस्कृति हमें दिशा देती है। परम्परा से जोड़ती है। केशव प्रसाद मिश्र, विश्वनाथ मिश्र तथा नन्द दुलारे वाजपेयी के सानिध्य ने नरेश मेहता को महान बनाया। नरेश मेहता राम कथा के माध्यम से अपने काव्य की रचना करते हैं। कविता में अहं का तत्व महत्वपूर्ण है। ह्यनई कविता के प्रतिमानह्य उनकी प्रमुख रचनाओं में से एक है। लक्ष्मीकांत वर्मा का कहना था कि कवि का अपना सत्य ही असली सत्य होता है। नरेश मेहता अपने काव्यों में अनुभूति के धरातल पर रचना करते हैं। उनकी रचनाओं में राम कर्म सिद्धान्त के प्रतीक हैं। भाषा मनुष्य को सामर्थ्यवान बनाती है जिस दिन व्यक्ति अभिव्यक्ति विहीन हो जायेगा वह दिन सबसे दुर्भाग्यपूर्ण होगा। नरेश मेहता की रचना में भारतीय संस्कृति रची-बसी हैं।

डॉ0 विनयदास ने कहा- लक्ष्मीकांत वर्मा नई कविता के मेरुदण्ड थे। वे नई कविता आन्दोलन के प्रस्तोता के रूप में जाने जाते रहे। वे व्यक्तित्व के धनी थे। वर्मा जी का जीवन काफी संघर्षमय रहा है। वे ह्यहिन्दी लाओ अंग्रेजी हटाओ आन्दोलन के सक्रिय सदस्य रहे। वे हिन्दी भाषा के प्रबल पक्षधर रहे। उनमें विरल प्रतिभा थी। वे रेडियो कलाकार, निबन्धकार, नाटककार, उपन्यासकार भी थे। नई कविता में प्रतिमानों को स्थापित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनका समय उपन्यासों का प्रयोग काल चल रहा था। उन्हें तत्कालीन उपन्यासकारों के विरोधों का भी सामना करना पड़ज्ञ था। लक्ष्मीकांत वर्मा का प्रमुख ह्यमुंशी रायजादाह्य उपन्यास चर्चित रहा है।

डॉ0 राकेश कुमार शुक्ल ने कहा- नरेश मेहता का व्यक्तित्व स्वनिर्मित था। उनका जीवन बहुत विसंगितयों में व्यतीत हुआ। वे कभी सेना में तो, कभी बौद्ध भिक्षुबने, आजीविका का संकट का सामना करते हुए उनका जीवन संघर्षमय रहा। नरेश मेहता जी अपने समय के रचनाकारों से आलोचना के शिकार रहे। काफी चुनौतियों का सामना करते हुए उन्होंने अपनी रचनाधर्मिता जारी रखी। ह्यउत्तर कथाह्य उनकी प्रमुख रचनाओं में से एक हैं। उनकी मान्यता थी कि शब्द सत्ता महत्पूर्ण है। शब्द के माध्यम से ही भावनाओं की अभिव्यक्ति हो रही है।

उनके उपन्यासों में स्त्रियाँ साक्षात त्याग की प्रतिमूर्ति है। उनकी रचनाओं की विशेषता कथा रस है। नरेश मेहता स्वयं को मूलतः कवि ही मानते थे। वे अनोखे परम्परा के कवि थे। समाज की समग्र संस्कृति वहाँ के साहित्य में मिलती हैं उनकी रचनाओं में शब्दों का आलोक सांस्कृतिक पथ को उजागर करता है उनके साहित्य में राष्ट्रीय जागृति भरी पड़ी है। नरेश मेहता एवं लक्ष्मीकांत वर्मा की कविता, निबंध, कहानी, उपन्यास अंश, संस्मरण से सम्बन्धित रचनाओं का तनुमिश्रा, रोशनी लोधी, खुशी सखूजा, अर्चना, सुकीर्ति तिवारी, रागिनी सिंह, अर्पित जायसवाल द्वारा पाठ किया गया। डॉ0 अमिता दुबे, प्रधान सम्पादक, उ0प्र0 हिन्दी संस्थान ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस संगोष्ठी में उपस्थित समस्त साहित्यकारों, विद्वत्तजनों एवं मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

प्राकृतिक गौआधरित प्राकृतिक खेती से लागत को कम करके जहा एक ओर आमदनी को बढ़ाया जा सकता है....

नशा मुक्त किसान के बिना किसान की दशा में सुधार संभव नहीं : शिवकांत दीक्षित

प्रात : किरण, संवाददाता

अमरोहा।भारतीय किसान संघ के प्रदेश संगठन मंत्री शिवकांत दीक्षित ने अपने अमरोहा प्रवास के समय कार्यकर्ताओ को दिलाया गौआधारित प्राकृतिक खेती करने का संकल्प।कहा कि परंपरागत खेती में बदलाव किया जाना आवश्यक है।गौआधरित प्राकृतिक खेती से लागत को कम करके जहा एक ओर आमदनी को बढ़ाया जा सकता है वहीं इससे खेती को विष मुक्त किया जा सकता है किसान कृषि की आय में कमी के चलते बदहाली के दौर से गुजर रहा है।रही सही कसर नशा की प्रवृति किसान को बदहाल कर रही है। भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता 15 फरवरी से 4 मार्च तक पूरे प्रदेश में टोली बनाकर गांव गांव जाकर किसानों को विषमुक्त खेती एवं नशा मुक्त किसान के लिए जागरूक करने का काम करेंगे साथ ही किसानों को गौआधारित प्राकृतिक खेती करने का संकल्प दिलाएंगे। उपस्थित प्रांत संगठन मंत्री सुनील कुमार ने 15 फरवरी से पहले ब्लाको की बैठके करके विष मुक्त खेती और नशा मुक्त किसान अभियान सफल बनाने हेतु रणनीति बनाने के कार्यकताओं को निर्देश दिए। स्वामी निजानंद को जिला कार्यसमिति सदस्य घोषित किया।इस अवसर पर कृष्ण कुमार शर्मा जिलाध्यक्ष, चंद्रप्रकाश शर्मा जिला कोषाध्यक्ष, महीपाल सिंह जिला कार्यालय मंत्री, नरेंद्र सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष, सतीश त्यागी जिला प्रचार प्रमुख, सुखदेव शर्मा जिला युवा संयोजक, धर्मपाल सिंह ब्लाक अध्यक्ष, यशवीर सिंह ब्लाक उपाध्यक्ष, ओमवीर सिंह ब्लाक मंत्री, लाखन सिंह युवा जिला मंत्री, धर्मपाल सिंह, विजय पाल सिंह, जयप्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

उद्यमी योजना से आम लोगों को रोजगार के लिए लोन देने के प्रति महागठबंधन सरकार सजग : समीर महासेठ

- बार काउंसिल के लिए सारी सुविधाओं की व्यवस्था की जायेगी : शमीम अहमद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि बिहार में गांव और आम लोगों के विकास के प्रति राज्य सरकार सजग है और इस दिशा में निरंतर उद्योग विभाग के माध्यम से पिछड़ा वर्ग उद्यमी योजना से आम लोगों को ऋण की सुविधा कुटीर उद्योग के लिए दिये जा रहे हैं। साथ हीं साथ अकलियती वर्ग को तालीम के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए तालिमी मरकज को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में छिड़काव के लिए स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से मौसमी कार्यकर्ता के माध्यम से छड़काव संबंधी कार्य कराये जायेंगे जिससे कि स्वच्छ वातावरण का निर्माण हो सके। इससे सभी को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराने के प्रति मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव का जो संकल्प है उसे सरजमीन पर उतारा जा सकेगा। उद्योग मंत्री मंगलवार को राजद कार्यालय में आयोजित सुनवाई कार्यक्रम के बाद उक्त बातें कहीं।

इस अवसर पर विधि मंत्री डॉ शमीम अहमद ने कहा कि त्वरित न्यायिक प्रक्रिया के लिए लगातार सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है और समाज के सभी वर्गों को न्याय देने के प्रति महागठबंधन सरकार के संकल्प को आगे बढ़ाया जा रहा है। इन्होंने आगे कहा कि बार काउंसिल के लिए हर जिला में भवन का निर्माण कराया जायेगा, जो सभी सुविधाओं से लैस होगा, जिसमें वकीलों के साथ-साथ आम लोगों के बैठने की भी सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

इन्होंने आगे कहा कि बिहार में कानून का राज स्थापित करने के लिए लगातार हर स्तर पर कार्रवाई की जा रही है और इस मामले में महागठबंधन सरकार पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रही है। बताते चलें कि राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के विचारोंनुरूप उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ एवं विधि मंत्री डॉ मो शमीम अहमद ने सुनवाई करते हुए प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में संबंधित विभाग एवं विभिन्न जिला के पदाधिकारियों को कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि आज करीब 30 लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रतिवेदन मंत्री के समक्ष रखा, जिसे सुनकर कार्रवाई की गई। और आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभाग और जिला के अधिकारियों को दिये।

इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, महासचिव फैयाज आलम कमाल, धर्मेन्द्र पटेल, सहित मो अफरोज आलम, उपेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी, फुदेना रविदास, अवनीत कुमार गौतम एवं राहुल यादव ने सुनवाई कार्यक्रम में सहयोग किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता रीतू जायसवाल, प्रदेश महासचिव बल्ली यादव, संजय यादव, डॉ पी के चौधरी भी उपस्थित थे।

भाजपा सरकार ने देश में लगा रखा है अघोषित आपातकाल : उमेश कुशवाहा

- बीबीसी पर आयकर की छापेमारी से स्पष्ट है कि देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बीबीसी के दफ्तरों पर आयकर की छापेमारी को चौंकाने वाली कारवायी बताते हुए कहा कि ये छापे स्पष्ट करते हैं कि देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है' देश में क्या हो रहा है और संस्थानों के साथ किस प्रकार खिलवाड़ किया जा रहा है'

उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने पहले बीबीसी के डॉक्यूमेंट्री को प्रतिबंधित किया और अब उसके दफ्तरों पर छापेमारी की जा रही है' दूसरी ओर जिस अडानी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं उनके यहाँ छापेमारी करने की बजाए केंद्र सरकार उन्हें बचाने में लगी है' मोदी सरकार ने पहले दैनिक भास्कर, फिर न्यूज लौंड्री और अब बीबीसी के दफ्तरों पर छापा मार कर यह प्रमाणित कर दिया है कि लोकतंत्र में उनकी आस्था नहीं बची है' ये लोग लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को ध्वस्त करने में लगे हैं' इनकी यह कारवायी अघोषित आपातकाल जैसी है'

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बीबीसी द्वारा 2002 गुजरात दंगों पर बनायी गयी डॉक्यूमेंट्री को प्रोपेगेंडा बताते हुए केंद्र सरकार ने इसकी स्क्रीनिंग पर रोक लगा दी थी' आज आयकर विभाग द्वारा सुबह साढ़े ग्यारह बजे शुरू की गयी छापेमारी में दिल्ली और मुंबई स्थित बीबीसी के दफ्तरों में कागजों और कंप्यूटर के डेटा को खंगाला जा रहा है' साथ ही सभी कर्मचारियों के फोन बैकअप लेने के लिए जब्त किये गए हैं' जबकि 1927 में शुरू बीबीसी 40 भाषाओं में खबरें प्रसारित करता है, जिसका मैनेजमेंट फॉरेन एंड कॉमनवेल्थ ऑफिस के जरिए होता है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं भी दायर हैं।

गृह मंत्री के 25 फरवरी के कार्यक्रम को लेकर भाजपा विधानमंडल दल की वर्चुअल बैठक

- गृह मंत्री के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं : जायसवाल
- गृह मंत्री का 25 फरवरी का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा : विजय सिन्हा
- बजट सत्र में जनहित के मुद्दों को उठाया जाएगा : सम्राट चौधरी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

देश के गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष श्री अमित शाह 25 फरवरी को एक दिवसीय दौरे पर बिहार आने वाले हैं। इसे लेकर भाजपा विधानमंडल दल की एक बैठक मंगलवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय से वर्चुअल आयोजित हुई। वर्चुअल तौर पर आयोजित इस बैठक में सभी विधानसभा के सदस्यों और विधान परिषद के सदस्यों को संबोधित करते हुए विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि गृह मंत्री 25 फरवरी को बिहार आने वाले हैं।

वे इस दिन वे वाल्मीकिनगर और पटना में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने बैठक में शामिल लोगों से अपील करते हुए कहा कि ये दोनो कार्यक्रम ऐतिहासिक बनाने के लिए अभी से ही एमएलए और एमएलसी अपने अपने संबंधित क्षेत्रों में लग जाएं।

उन्होंने सभी विधायकों और विधान पार्षदों से कहा कि 27 फरवरी से विधानमंडल के बजट सत्र की शुरूआत होने वाली है। उन्होंने इस सत्र में जनहित के मुद्दों को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि विपक्ष इस सत्र में जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के तौर पर उठाएगी।

उन्होंने कहा कि छपरा हत्याकांड सहित राज्य की गिरती कानून व्यवस्था सहित राज्य में सरकार की शह पर अधिकारियों द्वारा बिहारियों का अपमान और अधिकारियों में खींचतान को भी मुद्दा बनाया जाएगा। बैठक में वर्चुअल तौर पर जुड़े भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा कि गृह मंत्री का बिहार दौरा ऐतिहासिक बनाने को लेकर भाजपा कमर कस चुकी है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकिनगर के लोग अपने गृह मंत्री के स्वागत को लेकर तैयार हैं। पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम की जोर शोर से तैयारी चल रही है पार्टी कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि पटना एवं बाल्मीकि नगर के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाना है। उन्होंने कहा कि बिहार की गिरती कानून व्यवस्था के बीच गृह मंत्री अमित शाह जी का यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है।

इस बैठक में विधान परिषद में विपक्ष के नेता सम्राट चौधरी ने कहा की बजट सत्र में जनहित के मुद्दों को उठाया जाएगा ' 25 फरवरी को आयोजित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाना है '

इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसानिया, विधानसभा में विरोधी दल के मुख्य सचेतक जनक सिंह, विधान परिषद में मुख्य सचेतक डॉ दिलीप जायसवाल समेत सभी विधायक विधान पार्षद वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

केंद्र की योजनाओं से बिहार का विकास : पारस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस सोमवार को हाजीपुर के भगवानपुर में कई सारी योजनाओं का शिलान्यास किया और वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष रूप से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस बजट में जिस तरह से जो पुरानी लंबित रेल परियोजनाएं थी उसको बजट में स्वीकृति दी गई और अब जल्द से जल्द जो लोग ट्रेन से सफर करना चाहते हैं उनका सपना भी पूरा होगा। पशुपति पारस ने कहा कि सड़कों के बनने से लोगों को सुविधा होगी और आवागमन और सुचारू होगा। इस मौके पर एमएलसी भूषण कुमार ने कहा कि जिस तरह से लगातार इन इलाकों में शिलान्यास हो रहा है और विकास का काम तेजी से हो रहा है। इसके लिए केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस का वह आभार प्रकट करते हैं और आने वाले समय में लोगों को सड़कों और रेल लाइनों का जिस तरह से जाल बीच रहा है उससे विशेष सुविधा मिलेगी 'वहीं, केंद्रीय मंत्री भगवानपुर जाकर विशुन राजदेव टीचर ट्रेनिंग कॉलेज का उद्घाटन किया और वहां कई छात्रों को प्रशस्ति पत्र लैपटॉप और शिक्षा से संबंधित कई चीजों को बांटा गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने कहा कि जिस तरह से लगातार बीएड कॉलेज नर्सिंग कॉलेज बिहार में खुल रहा है और केंद्र सरकार लगातार इन क्षेत्रों में पैसा दे रही है। उससे बिहार के युवाओं को और लाभ मिलेगा तथा अन्य शिक्षण संस्थान हो अगर इसी तरह से सुदूर इलाकों में खुलते रहेंगे तो शिक्षा के क्षेत्र में केंद्र सरकार लगातार ये कोशिश कर रही है कि गांव-गांव तक बेहतर शिक्षा पहुंचाई जाए '

प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चंद्रवंशी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दें।

बीबीसी दफ्तर पर छापेमारी अलोकतांत्रिक कदम : राजद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के विधायक डॉ रामानुज प्रसाद एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार ने आज दिल्ली एवं मुंबई के बीबीसी दफ्तर पर हुए आईटी के छापे को लेकर केंद्र पर तंज कसा है। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहां कि निष्पक्ष मीडिया पर इस प्रकार की कार्यवाही सरकार का यह नीति दशार्ता है, जो मीडिया सरकार के खिलाफ या सरकार के मनोनुकूल काम नहीं करेगी। उसे आईटी सीबीआई ईडी इत्यादि का सामना करना पड़ेगा और बिना कोई गुनाह के भी उन्हें प्रताड़ना सहना पड़ेगा। केंद्र सरकार की यह घटना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की निष्पक्षता को यानी बेबाक आवाज को दबाने की एक जबरदस्त कोशिश है। सरकार की यह कार्रवाई वैसे पत्रकारों को डराने के लिए है जो निष्पक्ष पत्रकारिता करती है इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है जो मीडिया हर हर मोदी घर घर मोदी का नारा नहीं लगाते जो हिंदू मुस्लिम की बात नहीं करते जो भारतीय जनता पार्टी के गुणगान नहीं गाते। वैसे मीडिया को धमकाने की यह नाकाम कोशिश है। इमरजेंसी के समय भी पत्रकारों पर खासकर स्वतंत्र पत्रकारों पर ऐसी कार्रवाई देखने को नहीं मिलती थी। बीबीसी का समाचार आपातकाल में लोग इसलिए सुना करते थे, क्योंकि उसके निष्पक्षता पर कोई उंगली नहीं उठा सकता है। परंतु आज वही निष्पक्षता उसके लिए कलंक बनने का काम किया।

गया के गांधी मैदान में 26 फरवरी को होगी हम की बड़ी जनसभा : प्रफुल्ल चंद्रा

पटना। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से) के सहकारिता प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रफुल्ल चंद्रा ने कहा कि मगध प्रमंडल में हमारी पार्टी के द्वारा गरीब संपर्क यात्रा 12 से फरवरी शुरू किया गया जो नवादा जिला के कौवाकोल जयप्रकाश नारायण आश्रम सोखोदेवरा से प्रारंभ हुई है। प्रफुल्ल चंद्रा ने कहा कि गरीब संपर्क यात्रा के तीसरे दिन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार सरकार में मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन जहानाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में गरीब संपर्क यात्रा में शामिल है और लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। लोगों के अपार समर्थन से पार्टी के लोगों में एक उत्साह का माहौल है और पार्टी निश्चित तौर पर इस कार्यक्रम को पूरे बिहार में आयोजित करेगी और लोगों की समस्याओं को सुनेगी और सरकार तक उनकी समस्याओं को दूर कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रफुल्ल चंद्रा ने कहा कि हमारी पार्टी गरीबों की पार्टी है। गरीब संपर्क यात्रा के माध्यम से हम गरीबों के बीच जाकर जन-जन को जगाने का काम करेंगे । उनकी समस्याओं को सुनने का काम करेंगे तथा समस्याओं का संकलन कर परेशानी को हल करेंगे । पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मंत्री डॉ सरकार संतोष मांझी एवं पार्टी के संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का कहना है कि किसी भी जाति और धर्म से मतलब नहीं गरीब सभी जाति में होती है । गरीबों के विकास के लिए और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए काम करना है उसके लिए हम तैयार हैं । गरीब संपर्क यात्रा से प्राप्त गरीबों की समस्याओं को लेकर जरूरत परी तो इन समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का काम करेंगे और निश्चित तौर पर गरीबों की समस्याओं का समाधान होगा । पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी का नारा है कि भारत के गरीबों एक हो । अपने हक की लड़ाई लड़ो जब तक राष्ट्रपति का बेटा हो या भंगी का संतान सबको शिक्षा एक समान नहीं मिलता । हम पार्टी द्वारा आयोजित गरीब संपर्क यात्रा बिहार के कोने कोने में जाकर गरीब जनता के बीच जन समस्याओं को सुनने का काम करेंगे तथा उनके सभी समस्याओं का निराकरण करने का काम करेंगे ।

प्रफुल्ल चंद्रा ने कहा कि 26 फरवरी को गया के गांधी मैदान में एक बड़ी जनसभा का भी आयोजन किया गया है । गरीब संपर्क यात्रा में लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है निश्चित तौर पर आने वाले समय में हमारी पार्टी और मजबूत होगी ।

लोकतंत्र बचाओ-देश बचाओ रैली ऐतिहासिक होगी : माले

- रैली में शामिल होने के लिए लोगों के पटना पहुंचने का सिलसिला आज से ही शुरू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में होनेवाली ह्यलोकतंत्र बचाओ-देश बचाओ रैली हर लिहाज से ऐतिहासिक होने जा रही है। पार्टी की ओर से बताया गया कि बिहार के कोने-कोने से सभी जिलों के गांवों और कस्बों-शहरों से, भारी तादाद में लोग इस रैली में पहुंचेंगे। इनमें गरीब-दलित खेत ग्रामीण मजदूरों, किसानों के साथ ही छात्र-युवाओं, महिलाओं, स्कीम वर्कर्स और पटना राजधनी पटना समेत पूरे बिहार से आए बुद्धिजीवियों व आंदोलनकारी सामाजिक कार्यकताओं की भी अच्छी-खासी भागीदारी होगी। यह रैली आज देश व राज्य के सामने मौजूद ज्वलंत जन समस्यायों, बेरोजगारी, महंगाई, वास-आवास से विस्थापन, स्वास्थ्य-शिक्षा-सम्मानपूर्ण जीविका पर मंडराता खतरा, महिलाओं पर बढ़ती हिंसा, सांप्रदायिक भेदभाव-नफरत-उन्माद और बटाईदार किसानों की दुर्दशा और किसानों के एमएसपी - इन सवालों पर रैली का मुख्य फोकस रहेगा।

भाकपा (माले) महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य इस रैली को मुख्य वक्ता के बतौर संबोधित करेंगे। झारखंड के विधायक विनोद कुमार सिंह, अखिल भारतीय किसान महासभा के महासचिव व पूर्व विधयक राजाराम सिंह, अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा, बिहार में विधायक दल के नेता महबूब आलम व उप नेता सत्यदेव राम, स्कीम वर्कर्स की राष्ट्रीय नेता शशि यादव, ऐपवा की महासचिव मीना तिवारी आदि समेत कई अन्य नेता भी रैली के वक्ता होंगे. मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस), आरएमपीआइ - पासला (पंजाब), लाल निशान पार्टी व सत्यशोधक कम्युनिस्ट पार्टी (महाराष्ट्र) आदि समान धर्मी सहयोगी पार्टियों के नेता भी रैली मंच को सुशाभित करेंगे।

बीबीसी दफ्तर पर छापेमारी-अघोषित आपातकाल : गगन

पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बीबीसी के दफ्तर पर सीबीआई की छापेमारी की तीखी शब्दों में निन्दा करते हुए कहा है कि आज देश में अघोषित रूप से आपातकाल की स्थिति लागू कर दी गई है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले बीबीसी द्वारा बनाए गए डाक्यूमेंट्री को प्रतिबंध कर दिया गया था। और आज उसके दफ्तर पर सीबीआई की छापेमारी हो रही है। इन घटनाओं से आपातकाल की याद ताजा हो जाती है। उस समय की सरकार द्वारा तो एक वैधानिक प्रक्रिया का इस्तेमाल करते हुए देश में आपातकाल लगाया था। पर आज तो बगैर आपातकाल लागू किए हीं आपातकाल से भी भयावह स्थिति पैदा कर दी गई है। सरकार के खिलाफ बोलने वाले हर व्यक्ति को देशद्रोही करार कर दिया जाता है। प्रेस की स्वतंत्रता छीन ली गई है। सीबीआई, आईटी,ईडी जैसी केन्द्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल सरकार के गलत और जनविरोधी नीतियों का विरोध करने वाले व्यक्तियों को परेशान एवं बदनाम करने के लिए खुलेआम किया जा रहा है। जबकि टैक्स हेवन देशों में फर्जी सेल कम्पनियों के माध्यम से बड़े पैमाने पर घोटाले करने वालों पर सीबीआई, आईटी, ईडी और सेबी जैसी संस्थाएं चुप्पी साधे हुए है।

बासवा की अध्यक्ष बनी अनीता और महासचिव बनी कल्पना

पटना। बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस वाइफ एसोसिएशन का नया कार्यकाल (2023 - 25) के लिए नई कार्यकारिणी का गठन हुआ ।इस नई निर्विरोध कार्यकारिणी मे अनीता मेहता अध्यक्षा चुनी गई , वही कल्पना कुमारी को महासचिव चुना गया । आम सभा रिटर्निंग ऑफिसर पूनम सिंह एवं कार्यकारी अध्यक्ष निहारिका वर्मा की देखरेख में संपन्न हुई । नई कार्यकारिणी में 7 पद धारक के अलावा 16 सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह बासा के भवन में संपन्न हुआ । इसके साथ 15 सदस्यों के स्थायी सलाहकार समिति की भी घोषणा की गई। अगले 2 वर्षों में एसोसिएशन द्वारा किए जाने वाले कार्यों की प्रस्तुति की गई। इन कार्यों में सामाजिक- सांस्कृतिक के अलावा महिलाओं खास कर लड़कियों के शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार के लिए बेहतरीन कदम उठाने का संकल्प लिया गया । नई कार्यकारिणी के गठन पर बासा ने सभी को शुभकामनाएं दी है ।

आप छोड़ डॉ मनीष ने ली लोकमंच की सदस्यता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना । भारतीय लोकमंच पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव कुणाल सिकंद ने अपने महेन्द्रू महावीर लेंन स्थित आवास पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता डॉ मनीष कुमार को लोकमंच की सदस्यता ग्रहण करवाये। सदस्यता लेने के बाद डॉ मनीष ने कहा कि भारतीय लोकमंच पार्टी के जन हित मे काम करते देख काफी प्रभावित हुआ और पार्टी की सदस्यता ली। मनीष के सदस्यता लेने के बाद लोकमंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष साधु शरण पांडेय, राष्ट्रीय महासचिव धर्मेन्द्र कुमार पासवान, राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता शगुफ्ता रशिद,छात्र प्रदेश संयोजक मो मिनहाज समसी, छात्र प्रदेश संगठन सचिव सह सारण प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह जी,छात्र नेत्री प्रकाम्या श्रीवास्तव आदि लोगो ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।।

बाढ़ थर्मल पावर से जुड़ी परियोजनाओं के कार्य प्रगति का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

पटना। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने मगंलवार को बाढ़ थर्मल पावर को निर्बाध कोयले की आपूर्ति से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक आज सबसे पहले ग्रैंड कॉर्ड सेक्सन के गया स्टेशन के पास बंधुआ-पैमार के मध्य 12.3 किमी लंबे निमार्णाधीन आरओआर (रेल ओवर रेल) का निरीक्षण किया । महाप्रबंधक बंधुआ स्टेशन का भी निरीक्षण किया। इसके उपरांत महाप्रबंधक बंधुआ-राजगीर रेलखंड के मध्य रेल पटरियों, पुल-पुलियों एवं संरक्षा से जुड़े अन्य मानकों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के अंत में उन्होंने पटना-हावड़ा मुख्य लाइन पर स्थित बख्तियारपुर के पास 4.6 किमी लंबे निमार्णाधीन आरओआर का भी निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने दोनों आरओआर को निर्धारित लक्ष्य पर पूरा करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए । विदित हो कि बाढ़ थर्मल पावर तक कोयले की सुगम पहुंच हेतु 13.07 किमी लंबे बंधुआ-पैमार सरफेस ट्रायंगल एवं 19 किमी लंबे करनौती-बख्तियारपुर सरफेस ट्रायंगल का निर्माण कार्य पूरा कर इसकी कमीशनिंग की जा चुकी है तथा दोनों जगह आरओआर (रेल ओवर रेल) का निर्माण कार्य प्रगति पर है । इन दोनों आरओआर का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के उपरांत बाढ़ स्थित थर्मल पावर प्लांट तक कोयला का परिवहन निर्बाध गति से हो सकेगी ।

प्रो रमेश पाठक के पद्य में है रसायन और गद्य में विज्ञान

- दो पुस्तकों क्रौंच कृष्ण पक्षे तथा मानस प्रिया बातें तेरी मेरी का हुआ लोकार्पण, आयोजित हुई कवि-गोष्ठी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

विज्ञान के प्राध्यापक और हिन्दी के साहित्यकार प्रो रमेश पाठक के साहित्य में उनका वैज्ञानिक चिंतन अपनी पूरी महिमा के साथ लक्षित होता है। पाठकों को उनके पद्य में, काव्य-साहित्य में वर्णित नौ-रसों में से अनेक रसों के अतिरिक्त रसायन-शास्त्र, और गद्य में विज्ञान के तत्व प्रचुरता में मिलेंगे। यह एक अच्छी बात है कि साहित्य में विज्ञान को स्थान मिल रहा है, जो नई पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

यह बातें मंगलवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित पुस्तक लोकार्पण समारोह एवं कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि डा पाठक की रचनाओं में प्रयुक्त प्रतीक भी अत्यंत मनोरम और सर्वथा साहित्यिक हैं, भाव-पूर्ण भी हैं, किन्तु उनमे वैज्ञानिक तार्किकता भी है। उनकी काव्य-कल्पनाएँ, किसी कवि-मन की कपोल-कल्पित न होकर, विज्ञान-बोध से प्रेरित हैं। इसलिए इनकी रचनाओं में पाठकों को एक नूतन-रस का आनंद भी मिलगा और ज्ञान-वर्द्धन का परितोष भी।

इसके पूर्व पूर्व केंद्रीय मंत्री डा सी पी ठाकुर ने प्रो पाठक के काव्य-संग्रह क्रौंच कृष्ण पक्षे तथा लघुकथा-संग्रह मानस प्रिया बातें तेरी मेरी का लोकार्पण किया और कहा कि पुस्तकों के लोकार्पण सहित अनेकानेक साहित्यिक आयोजन कर बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन हिन्दी के लिए बड़ा काम कर रहा है। इतनी सक्रियता देश की किसी भी दूसरी साहित्यिक संस्था में नहीं देखी जा रही है। हिन्दी भाषा और साहित्य के उन्नयन हेतु लेखन और लेखक को उचित अवसर और प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

पुस्तक पर अपना विचार रखते हुए, ख्याति-लब्ध समालोचक और सम्मेलन के प्रधानमंत्री डा शिववंश पाण्डेय ने कहा कि हिन्दी को विश्व-भाषा बनाने के लिए यह आवश्यक है कि हिन्दी को विज्ञान, तकनीक और व्यवसाय की भाषा बनाना होगा। अर्थात विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में भी इसका अधिकाधिक प्रयोग हो। लोकार्पित पुस्तक के लेखक ने इस दिशा में एक महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। डा पाठक ने विज्ञान के विषयों में भी हिन्दी में लिखा है और रचनात्मक साहित्य में भी वैज्ञानिक दृष्टि दी है। इनकी रचनाओं में गहन गूढ़ता है। काम शब्दों में बड़ी बातें कहने की क्षमता इनकी विशिष्टता है। आकाशवाणी के पूर्व सहायक निदेशक और कवि डा किशोर सिन्हा ने कहा कि जब विज्ञान पर साहित्य रचा जाता है तो वह साहित्य तार्किक धरातल पर श्रेष्ठ और विश्वसनीय सिद्ध होता है। इनकी रचनाओं में वैज्ञानिक-दृष्टि स्पष्ट दिखाई देती है। इन्होंने अपनी रचनाओं में, जीवन से जुड़ी समस्याओं का वैज्ञानिक दृष्टि से समाधान देने की चेष्टा की है। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा मधु वर्मा, डा कल्याणी कुसुम सिंह, तथा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवि बच्चा ठाकुर, शायर आर पी घायल, डा राजमणि मिश्र, कमल किशोर कमल, डा रेणु मिश्र, अरविंद रंजन दास, अर्जुन प्रसाद सिंह, ई अशोक कुमार, डा अर्चना त्रिपाठी, प्रवीर विशुद्धानन्द, मो शादाब, अश्विनी कविराज, अजीत कुमार भारती, नेहाल कुमार सिंह निर्मल आदि ने अपनी रसवन्ती कविताओं से श्रोताओं के मन को खूब गुदगुदाया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। सम्मेलन के भवन अभिरक्षक डा नागेश्वर प्रसाद यादव, बाँके बिहारी साव, आनन्द मोहन झा, रामाशीष ठाकुर, कुमार गौरव, अमन वर्मा, दुःखदमन सिंह, सच्चिदानंद शर्मा, अमरजीत शांडिल्य, नरेंद्र देव आदि प्रबुद्धजन समारोह में उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

आपसी विवाद में मारपीट मा बेटा जख्मी

बरौली । बरौली थाना क्षेत्र के रतनसराय गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट में मां बेटा जख्मी हो गए। आसपास के लोगो की मदद से जख्मी मां बेटे को इलाज के लिए बरौली पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने संजीव सिंह की हालत नाजुक देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां जख्मी संजीव सिंह व झांती देवी का इलाज चल रहा है। वही घटना की सूचना पाकर पंहुची पुलिस घायलों का बयान दर्ज कर मामले की जांच पडताल करने में जुट गयी है।

अलाव तापने के दौरान महिला झुलसी, सदर अस्पताल रेफर

बरौली। बरौली थाना के बढेया गांव में अलाव तापने के दौरान एक महिला गंभीर रूप से झुलस गयी। परिजनों द्वारा आनन फानन में इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जंहा उसकी स्थिति गंभीर बनी हुयी है। महिला शत्रुघ्न महतो की पत्नी कविता देवी बतायी गयी है।

नरकटिया से शराब के नशे में हंगामा करते एक गिरफ्तार

गोपालगंज । जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के नरकटिया गांव में पुलिस ने सूचना के आधार पर छापेमारी कर शराब के नशे में हल्ला हंगामा करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के नरकटिया गांव के टुनटुन सिंह के रूप में की गई है। मामले में प्राथमिकी करने के बाद पुलिस ने मंगलवार के दिन आरोपित को न्यायालय में प्रस्तुत किया। थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित को शराब का सेवन करने के आरोप में पुलिस ने दूसरी बार गिरफ्तार किया है।

अरना में बिजली चोरी को लेकर चार के विरुद्ध प्राथमिकी

गोपालगंज। जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के अरना गांव में बिजली विभाग के उचकागांव प्रशाखा के कनिया अभियंता बबलू कुमार के नेतृत्व में बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान छापेमारी दल ने चार लोगों को चोरी से बिजली का प्रयोग करते पाया गया। जांच में पाया गया कि पूर्व में बकाया राशि के कारण बिजली विभाग द्वारा आरोपितों का विद्युत कनेक्शन काटा गया था। इसके बावजूद भी चारों आरोपितों ने बिना बकाया राशि जमा किए व बिना आरसीडीसी रसीद कटाए चोरी से बिजली का प्रयोग किया जा रहा था। मामले को लेकर बिजली विभाग के कनिय अभियंता बबलू कुमार के आवेदन पर आरोपितों के विरुद्ध क्षतिपूर्ति का आकलन करते हुए थाना क्षेत्र के अरना गांव के वकील साह, राजेश कुमार सिंह, बृजनाथ प्रसाद और छोटन कुमार के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

14 लीटर देसी शराब के साथ एक अधेड़ हुआ गिरफ्तार

शाहकुंड (भागलपुर)। अकबरनगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर स्थानीय इलाके से 14 लीटर देसी शराब के साथ एक अधेड़ को गिरफ्तार किया है। इस बाबत अकबरनगर थाना पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक अधेड़ देसी शराब के साथ इलाके में कारोबार करने पहुंचे हुए है। इसके बाद प्राप्त सूचना के आलोक में छापेमारी टीम गठित कर उक्त सूचना स्थल पर पहुंचकर छापेमारी की। जहां पुलिस टीम ने स्थानीय नया टोला मोतीचक के बिलास मंडल को 14 लीटर देसी महुआ शराब के साथ धर दबोचा गया। जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार बिलास मंडल के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत आवश्यक कार्यवाही करते हुए मेडिकल जांच के साथ न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

उच्च माध्यमिक विद्यालय मिरहट्टी में छात्र एंव छात्राओं ने पुलवामा हमले में हुए शहीद वीर जवानों को लोक गीत गाकर दी श्रद्धांजलि

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज के मिरहट्टी पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में पुलवामा हमले में हुए शहीद 40 वीर जवानों को लेकर विद्यालय के छात्र एंव छात्राएं ने लोक गीत गाकर दी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षिका रेशमी कुमारी ने क्लास आठ की छात्रा निशा कुमारी के द्वारा लोक गीत प्रस्तुत किये। उक्त गीतों के बोल को विद्यालय के सभी छात्राओं ने दोहराते हुए पुलवामा हमले में हुए वीर जवानों को दिए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान स्कूल छात्र एंव छात्राएं व शिक्षक मौजूद थे।

मुखिया की हत्या मामले में बसपा नेता गिरफ्तार, दो अन्य की तलाश जारी

09 फरवरी को थावे थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के समीप हुई थी मुखिया की हत्या

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के थावे थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के समीप बीते नौ फरवरी को फुलगनी पंचायत के मुखिया की अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। हत्या की घटना में शामिल मुख्य आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले शार्प शूटरों की तलाश में पुलिस की टीम छापेमारी अभियान चला रही है। इसकी जानकारी सदर एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी स्वर्ण प्रभात ने दी। एसपी ने बताया कि थावे थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के समीप बीते नौ फरवरी को फुलगनी पंचायत के मुखिया महम्मद कुरैश की बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। हत्या की घटना के बाद पुलिस ने 14 फरवरी तक पूरे मामले का खुलासा करने का भरोसा पीड़ित स्वजन को दिया था। इस बीच सदर एसडीपीओ संजीव कुमार के नेतृत्व में गठित एसआइटी ने नारायणपुर गांव निवासी बसपा नेता नेयाज अहमद के घर पर टेक्निकल सेल की मदद से छापेमारी की। छापेमारी में नेयाज अहमद अपने घर से गायब मिले। जिसके बाद पुलिस का शक और गहरा गया। इसके साथ ही नेयाज अहमद ने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया था। जिसके बाद पुलिस को उसकी खोजबीन करने में परेशानी होने लगी। इस बीच पुलिस ने नेयाज अहमद को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए नेयाज अहमद से पुलिस ने जब पूछताछ की तो नेयाज अहमद ने बताया कि मुखिया महम्मद कुरैश से दस कट्टा जमीन पर विवाद चल रहा था। साथ ही महम्मद कुरैश नई टेक्निलाजी की मदद से नई ईंट भट्ठा लगा रहे थे। इस बात से नेयाज अहमद को काफी तकलीफ थी। जिसके बाद नेयाज अहमद ने शार्प शूटरों की मदद से मुखिया महम्मद करैश की गोली मारवा कर हत्या करा दी। हत्या की घटना के बाद शार्प शूटर बाइक से फरार हो गए। पुलिस टीम ने नेयाज अहमद से पूछताछ करने के बाद मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रेस वार्ता में सदर एसडीपीओ संजीव कुमार तथा थावे थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह मौजूद थे।

बरौली थाने में पहली बार महिला दरोगा ने किया योगदान

बरौली प्रात : किरण संवाददाता

बरौली थाने के इतिहास में पहली बार किसी महिला दरोगा ने योगदान किया है। इसके पूर्व इस थाने में किसी महिला दरोगा की तैनाती नही हुयी थी। जिसके कारण महिलाओं के मामलें में पुलिस को काफी परेशानी का सामना करना पडता था। महिला दरोगा के योगदान के बाद बरौली थाने की पुलिस को महिला आरोपितों की गिरफ्तारी करने में सहुलियत मिलेगी। मंगलवार को बरौली थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार तिवारी के समक्ष महिला दरोग सुधा कुमारी ने अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद महिला दरोगा सुधा कुमारी ने बताया कि क्राइम करने वाले महिला हो या पुरुष किसी को बक्सा नही जायेगा। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अपना काम करेगी। उन्होंने कहा की इस पद पर चयन होने के बाद पुलिस अधीक्षक के द्वारा बरौली थाना में योगदान करने का निर्देश मिला है।

मांझा सीएचसी में बच्चा जन्म देने के बाद प्रसूता की हुई मौत

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के मांझा प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी के दौरान बच्चा जन्म देने के बाद प्रसूता की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर व कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ज्ञात हो कि भटवलिया गांव के जितेंद्र कुमार साह की पत्नी सपना कुमारी को सीएचसी मांझा में भर्ती कराया गया था। वहीं मंगलवार को उसने नार्मल डिलीवरी से एक बच्चा जन्म दिया। बच्चे का जन्म होने के बाद उसे ब्लीडिंग होने लगी व कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों का कहना है कि नार्मल डिलीवरी के दौरान घोर लापरवाही बरती गई है तभी उसकी मौत हुई है। उसके पति ने बताया कि मांझा अस्पताल में ही उसकी मौत हो गई थी बावजूद डॉक्टरों ने जान बूझकर उसे रेफर कर दिया। डिलीवरी के बाद भी उससे मिलने नहीं दिया जा रहा था तभी परिजनों को संदेह हुआ था। वहीं अस्पताल कर्मियों द्वारा मिठाई की मांग भी की जा रही थी। बाद में रेफर करने की बात कहकर उसे एम्बुलेंस से गोपालगंज भेजा जाने लगा तब परिजनों को उसके मौत की जानकारी हो सकी। इस मामले में पूछे जाने पर चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि डिलीवरी के बाद ब्लीडिंग होने लगी थी जिसके बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। वहां जाने के बाद मौत हुई है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई लापरवाही नहीं बरती गई है।

छापेमारी में दो शराब माफिया गिरफ्तार, तीन लाख नकदी बरामद

कुख्यात शराब माफिया भोलू सिंह की गिरफ्तारी के बाद तस्करी पर रोक की बढ़ी उम्मीद

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

यूपी से बिहार में शराब की सप्लाई करने वाले दो शराब माफिया को पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के तुरकहा नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए शराब माफिया के पास से तीन लाख रुपये नकदी व एक स्कार्पियो बरामद किया गया है। गिरफ्तार किए गए दोनों शराब माफिया से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसकी जानकारी सदर एसडीपीओ ने अपने कार्यालय में मंगलवार को प्रेस वार्ता में दी। सदर एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि एसपी स्वर्ण प्रभात को सूचना मिली कि यूपी से एक स्कार्पियो में शराब की खेप लेकर दो शराब तस्कर सिवान में शराब की ब्रिकी करने के बाद वापस गोपालगंज की तरफ लौट रहे है। इस सूचना के बाद नगर थानाध्यक्ष ललन कुमार के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, एएसआई राजेश राय, सिपाही बबलू कुमार व विकास कुमार ने नगर थाना क्षेत्र के तुरकहां नहर के पास छापेमारी कर स्कार्पियों सवार दो शराब माफिया को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में विशंभरपुर थाना क्षेत्र के गालीमपुर गांव निवासी कुख्यात शराब माफिया भोलू सिंह उर्फ प्रिंस कुमार राय व कुचायकोट थाना क्षेत्र के मठिया दयाराम गांव निवासी नारायण कुमार सोनी के पास से तीन लाख रुपये बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार शराब माफिया भोलू सिंह पर महम्मदपुर व कुचायकोट थाने में चार शराब तस्करी के मामले पूर्व से दर्ज हैं। गिरफ्तार शराब माफिया काफी दिनों से शराब की तस्करी करने का कार्य करते हैं।

राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के लिए चयन छात्र को प्रमुख व एमडी ने किया सम्मानित

राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के लिए चयनित छात्र भोरे का है निवासी

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के फुलवरिया प्रखंड क्षेत्र के मिश्र बतरहां बाजार स्थित संचालित ज्ञानोदय कॉम्पिटिशन स्कूल के एक छात्र ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के प्रवेश परीक्षा 2023-24 में नामांकन हेतु चयनित किया गया है। इस अपार सफलता से छात्र के अभिभावक व संस्थान के शिक्षक व प्रबंधक गदगद है। इससे संबंधित मंगलवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रखंड प्रमुख मुन्नी खातून, विद्यालय के चेयरमैन व समाजसेवी मोहम्मद सरफराज तथा विद्यालय के एमडी शशिकांत राय ने संयुक्त रुप से सफल छात्र को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उक्त लोगों ने सफल छात्र अमन साह को मिठाई खिलाकर उसका हौसला बढ़ाया। इस दौरान प्रमुख मुन्नी खातून ने बताया कि संस्थान के शिक्षक व छात्र की कड़ी मेहनत के बाद सफलाता हासिल हुई है।

सफल छात्र अमन साह ने अपने संस्कार का परिचय देते हुए सफलता का सारा श्रेय अपने गुरुजनों को दिया है। सफल छात्र के साथ संस्थान के वरिष्ठ शिक्षक जितेंद्र यादव, अंबिका श्रीवास्तव, जितेंद्र राय, रोहित गुप्ता, रजनीश शर्मा, इनायतुउल्लाह अंसारी, सुरकेश यादव, अजय कुमार, प्रदीप शर्मा, विभा कुमारी, सद्दाम हुसैन तथा राजू अंसारी के अलावे अन्य शिक्षकों ने इस सफलता में अभिभावकों का श्रेय माना, जिन्होंने अपने नौनिहाल को अच्छा संस्कार देते हुए संस्थान में दाखिला कराया। विद्यालय के एमडी शशिकांत राय ने बताया कि सफल छात्र अमन साह का राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल बेलगांव कर्नाटका में हुआ है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल की संख्या पूरे भारत में मात्र पांच है। राष्ट्रीय मिलिट्री के मात्र 30 सीट ही सिविलियन के लिए होता है। ऐसे में मेरे विद्यालय के छात्र व भोरे प्रखंड के तिवारी छपरा गांव के निवासी सुरेश साह का पुत्र अमन साह ने पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। मौके पर मुखिया अशोक साह, प्रमुख प्रतिनिधि मोहम्मद सरफराज, उप प्रमुख प्रतिनिधि विपिन तिवारी, संदीप दुबे तथा आदित्य कुमार सहित अन्य अभिभावक मौजूद रहे।

मीरगंज से ब्रांच मैनेजर की बाइक हुई चोरी

गोपालगंज। जिले के मीरगंज शहर में बाइक चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। बाइक चालक बाइक को जैसे ही सड़क किनारे खड़ी कर अपने काम में जा रहे हैं। इसी दौरान पलक झपकते ही चोर बाइक चोरी कर उड़ा ले जा रहे हैं। एक ताजी घटना में उचकागांव प्रखंड के उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक धीरेंद्र शर्मा की बाइक को चोरों ने चोरी कर लिया है। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम बैंक बंद होने के बाद मीरगंज के शिक्षक कॉलोनी स्थित अपने आवास के बाहर बाइक को खड़ी कर कुछ देर के लिए शाखा प्रबंधक आवास के अंदर गए हुए थे। जिसके कुछ देर बाद ही जैसे ही वे सब्जी खरीदने के लिए घर से बाहर निकले। इतना ही देर में उनकी बाइक को चोरों ने चोरी कर ली थी। मामले को लेकर पीड़ित ब्रांच मैनेजर धीरेंद्र शर्मा के आवेदन पर मीरगंज थाने में अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है।

बरात में कट्टा लहराना युवक को पड़ा महंगा

बरौली प्रात : किरण संवाददाता

बरौली थाने की पुलिस ने छापेमारी कर देशी कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्त में आया युवक बतरदेह गांव का राजेश प्रसाद बताया गया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार तिवारी ने बताया की बतरदेह गांव में बरात आई थी। जिसमे उक्त युवक के द्वारा कट्टा लहरा जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही गस्ती कर रहे थाने के दरोगा बद्री प्रसाद वहां पंहुच गए। हलांकि पुलिस के आने से पहले युवक वहां से भाग गया था। जिसके बाद पुलिस ने ने छापेमारी कर देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान युवक शराब के नशे में धुत था। गिरफ्तार युवक से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

कटेया को सात विकेट से हरा कर सिकटा गोरखपुर विजयी

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के पंचदेवरी प्रखंड के बहेरवा में 13 फरवरी से चल रही डीएसटी स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच सिकटा गोरखपुर व कटेया के बीच खेला गया। जिसमें सिकटा की टीम सात विकेट जीत हासील कर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। मैच का उदघाटन प्रमुखपति सह जदयू नेता आनंद मिश्र व अमेया के पैक्स अध्यक्ष विकास तिवारी ने फीता काटकर किया। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कटेया की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 115 रनों का लक्ष्य सिकटा टीम के सामने रखा। जवाब सिकटाकी टीम ने आठवें ओवर में ही तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया। सिकटा टीम के खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सिकटा टीम के खिलाड़ी रिंकू को दिया गया। आयोजन समिति के प्रबंधक कमलेश कुशवाहा ने बताया कि बुधवार को प्रतियोगिता का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच गोपालगंज व सीवान के बीच खेला जायेगा। मौके पर गंगा सागर मिश्र, राहुल तिवारी, प्रफुल्ल राय, आतिश द्विवेदी, अजय गुप्ता, प्रेम बैठा, प्रतीक राय, रवि कुमार, परमेंद्र, शत्रुघ्न, सोनू सहित आयोजन समिति के सभी सदस्य व काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

कटेया पुलिस ने लगभग एक हजार लीटर तस्करी का शराब किया जप्त

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के कटेया थाने की पुलिस ने जमुनहा बाजार स्थित तिवारी मार्केट के समीप और भगवान पुर मोड़ के पास वाहन जांच के दौरान भारी मात्रा मे लगभग एक हजार लीटर शराब बरामद किया है। बिदित हो की इस मामले मे अंतर प्रांतीय शराब तस्करो की गिरफ्तारी भी की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जमुनाहा बाजार मे तिवारी मार्केट के समीप एक पिकअप एवं बाइक से 154.56 लीटर विदेशी शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि पुलिस पदाधिकारी हरेराम कुमार पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के जमुनहा बाजार स्थित तिवारी मार्केट के समीप यूपी की तरफ से आने वाले वाहनों एवं लोगों की जांच कर रहे थे। उसी दौरान एक पिकअप से 500 एवं 180 एमएल के 384 पीस कुल मात्रा 145.92 लीटर एवं एक बाइक से 180 एमएल के 48 पीस कुल मात्रा 8.64 लीटर विदेशी शराब बरामद करने के साथ ही चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें पुलिस ने पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार शराब तस्कर सीतामढ़ी जिला अंतर्गत महिंदवाड़ा थाना क्षेत्र के बालुया निवासी संतोष कुमार, मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत मिनापुर थाना क्षेत्र के भाव छपरा निवासी हरिबंस राय, शिवहर जिला अंतर्गत तरियानी थाना क्षेत्र के गंगा धरमपुर निवासी अरुण कुमार एवं मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत मीनापुर थाना क्षेत्र के तुर्की खरारु टोले टेडा निवासी राकेश कुमार बताए जा रहे हैं। दूसरी तरफ एक स्कार्पिओ गाड़ी से पुलिस ने 820.75 लीटर शराब जब्त किया। थाना क्षेत्र के भगवानपुर मोड़ के समीप वाहन जांच कर रहे थे। तभी एक स्कॉर्पियो गाड़ी तेजी से आती दिखाई दी। जिसे बल के द्वारा रुकने का इशारा करने पर गाड़ी का चालक तेजी से गाड़ी लेकर भागने लगा। पुलिस के द्वारा पीछा करने पर गाड़ी का चालक कुछ दूरी पर गाड़ी छोड़कर भागने में कामयाब रहा। जब गाड़ी की तलाशी ली गई तो दो सौ एमएल के 90 कार्टून 4050 पीस कुल मात्रा 810 लीटर देशी शराब एवं 500 व 750 एमएल के 16 पीस कुल मात्रा 10.75 लीटर विदेशी शराब बरामद किया। वहीं पुलिस बरामद शराब एवं स्कॉर्पियो गाड़ी को जप्त कर थाने लाई और अग्रिम कार्यवाही में जुट गई।

तपस्वी नर्सिंग होम में 26 वर्षीय युवक की हुई मौत को लेकर परिजनों ने कांटा बबाल

अस्पताल कर्मियों ने पीड़ित परिवार के लोगों पर जमकर चलाये लाठी-डंडे व लात घुसा

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिला का एक ऐसा अस्पताल जहां हर समय चर्चे का माहौल बना रहता है,जहां आए दिन किसी भी बात को लेकर मरीजों के परिजनों द्वारा प्रदर्शन किये जाने का मामला सामने आता रहा है। जिसका कारण सिर्फ एक है यहां आए रोगियों को परिजनों के साथ यहां के डॉक्टरों वं कर्मचारियों के द्वारा अमानवीय तरीके से दुर्व्यवहार किया जाता है। वह अस्पताल कोई और नहीं भागलपुर अवस्थित आदमपुर इलाके के नामचीन अस्पताल तपस्वी नर्सिंग होम है। जहां लोगों का प्रदर्शन आम बात बन गयी है यू माने तो यहां आए दिन डॉक्टरों की लापरवाही से कई लोगों की जानें जा चुकी हैं। परिजनों की मानें तो नाथनगर नसरत खानी का रहने वाला कपिल देव सिंह का पुत्र अमित कुमार की तपस्वी नर्सिंग होम में संदेहास्पद मौत हो गई है। परिजनों का कहना है हमारे बेटे की मौत का जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ डॉक्टर हैं, उनके लापरवाही के कारण ही मेरे बेटे की मौत हुई है। मृत अमित के पिता कपिल देव सिंह ने बताया मेरे बेटे को सांस लेने में परेशानी हो रही थी, मैंने तपस्वी नर्सिंग होम मैं उसे विगत रविवार की रात एडमिट कराया था और सोमवार की दोपहर उसकी मौत हो गई।

मैंने कितनी दफा डॉक्टर इलाज कर रहे शशिकांत जोशी को बताया लेकिन उनका कहना हुआ डॉक्टर मैं हूं, या आप मैं जैसे इलाज कर रहा हूं होने दीजिये आप निश्चिंत रहिए आप के रोगी को कुछ भी नहीं होगा, लेकिन अंततः अमित की मौत हो गई। गौरतलब हो कि अमित कुमार की विगत शादी दिसंबर में ही हुई थी। वही मामले से आहत हुये परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

वही जब अस्पताल में शोर-शराबा होने की सूचना मिलने पर जब मीडिया कर्मी जैसे ही अस्पताल पहुंचे जहां चौथी मंजिल चढ़ने के लिए लिफ्ट पर सवार हुए तो वहां के कर्मियों ने लिफ्ट का लाइन काट दिया गया। जिससे कई मीडिया कर्मी घंटों लिफ्ट में फंसे रहे, मीडिया कर्मियों का दम घुटने लगा तब जाकर लिफ्ट में फसे मीडिया कर्मी द्वारा भागलपुर एसएसपी को फोन किया गया। उन्होंने जब फोन रिसीव नहीं किया तो 112 पर डायल किया गया, वह भी नहीं उठाए उसके बाद सीटी डीएसपी ने उठाकर आदमपुर थाना को सूचना दी। तब जाकर लिफ्ट खोला गया और सभी मीडिया कर्मी की जान बची। देखते ही देखते तपस्वी नर्सिंग होम अखाड़ा बन रन क्षेत्र में तब्दील हो गया खास बात यह देखी गई थी अस्पताल के ही कर्मी मृत परिजन पर लाठी-डंडे लात घुसा बरसाना शुरू कर दिया था, परिजनों का बस इतना कहना था मेरे बेटे को मरने के बाद भी तो छोड़ दो इतना सुनते ही वहां के दो-तीन कर्मी उत्तेजित हो गए और परिजनों पर जोरदार प्रहार शुरू कर दिया। जिससे कई लोग घायल हो गए आसपास के देखने वाले थे इसकी चपेट में आयी है।

रण क्षेत्र बना तपस्वी नर्सिंग होमः आदमपुर थाना क्षेत्र की पूरी टीम वहां पहुंच कर मामले को शांत कराने की जद्दोजहद में जुट गयी साथी मृत अमित कुमार के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

बिहार में शराबबंदी को लोग दिखा रहे ठेंगा

प्रात : किरण संवाददाता

नाथनगर (भागलपुर)। नाथनगर थाना पुलिस व ललमटिया पुलिस ने क्षेत्र में नशा करने वाले व व्यापार चलाने वाले कारोबारियों के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया है। इस दौरान पुलिस टीम ने नौ युवक सहित अधेड़ को शराब के नशे की हालत में गिरफ्तार किया है। गौरतलब हो कि सभी लोगों को सीटीएस चौक के समीप से गिरफ्तार किया है। वही मामले को लेकर ललमटिया थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पासी टोला से छापेमारी कर इलाके में शराब का कारोबार करने के आरोप में शंकर चौधरी को 10 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है, साथ ही पुलिस ने चार अन्य शराबी को भी उक्त स्थल से नशे की हालत में गिरफ्तार किया है।

संक्षिप्त खबरें

कृषि उड़ान योजना से 21 और हवाई अड्डों को जोड़ेगी सरकार : सिंधिया

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि सरकार कृषि उड़ान योजना से देश के 21 और हवाई अड्डों को जोड़ना चाहती है ताकि जल्दी खराब होने वाले कृषि, बागवानी और मत्स्य उत्पादों का तेज रफ्तार हवाई परिवहन सुनिश्चित किया जा सके। सिंधिया, भारत की जी20 अध्यक्षता में कृषि उप प्रमुखों की इंदौर में जारी बैठक में हिस्सा लेने के बाद मीडिया से मुखातिब थे।

उन्होंने कहा, फिलहाल कृषि उड़ान योजना से देश के कम से कम 31 हवाई अड्डे जुड़े हैं। मैं इस योजना से 21 और हवाई अड्डों को जोड़ने के लिए रक्षा मंत्रालय से चर्चा कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि कृषि, बागवानी और मछलीपालन क्षेत्रों के जल्दी खराब होने वाले उत्पादों के तेज रफ्तार परिवहन के लिए शुरू की गई कृषि उड़ान योजना बेहद कामयाब रही है। सिंधिया ने मिसाल दी कि पूर्वोत्तर भारत में पैदा होने वाले नींबू, कटहल और अंगूर इस योजना के जरिये न केवल देश के अन्य हिस्सों, बल्कि जर्मनी, इंग्लैंड, सिंगापुर और फिलीपींस तक पहुंच रहे हैं। जी20 बैठक के दूसरे दिन खाद्य सुरक्षा और पोषण, पर्यावरण अनुकूल तरीकों से टिकाऊ खेती, समावेशी कृषि मूल्य श्रृंखला एवं खाद्य आपूर्ति तंत्र और कृषि रूपांतरण के डिजिटलीकरण सरीखे चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक के आखिरी दिन बुधवार को प्रतिनिधियों द्वारा कृषि कार्य समूह की ओर से दिए जाने वाले प्रमुख समाधानों पर चर्चा की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में आयोजित तीन दिवसीय बैठक में 30 देशों के 89 कृषि प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए अपनाएं ये टिप्स, कभी नहीं होगा नुकसान

आज के समय में ऑनलाइन फ्रॉड होना आम बात हो गई है। आपकी एक छोटी सी गलती का फायदा उठाकर जालसाज आपके खाते को साफ कर सकते हैं। ऐसे में हमें अपने खाते से जुड़ी जानकारियों को लेकर काफी सर्तक रहना चाहिए, जिससे आपके साथ कोई फ्रॉड न हो। इसे लेकर आरबीआई की ओर से कुछ टिप्स जारी किए गए हैं, जिनके बारे में हम अपनी रिपोर्ट में बताने जा रहे हैं। अपने जागरूकता

कैंपेन ह्यआरबीआई कहता है के तहत केंद्रीय बैंक की ओर से ट्वीट कर बताया गया कि किसी भी व्यक्ति को अपने ओटीपी, पिन पासवर्ड, लॉगइन आईडी, सीवीवी, डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड नंबर, पेन और आधार कार्ड का नंबर किसी के साथ भी शेयर नहीं करना चाहिए। यहां तक अपने बैंक और सर्विस प्रोवाइडर के साथ भी नहीं।

लोन लेते समय रहे सर्तक

इससे पहले आरबीआई ने लोन को लेकर भी एक अन्य ट्वीट में बताया गया कि कभी लोगों को जल्दी लोन लेने के चक्कर में गैर - विनियमित संस्थानों के पास नहीं जाना चाहिए। केवल आरबीआई द्वारा विनियमित संस्थानों से ही लोन लेना चाहिए। साथ ही लोन लेने से पहले लौटाने की शर्तों के बार में अच्छे से जानकारी ले लेनी चाहिए। नहीं तो आप कर्ज के जाल में फंस सकते हैं।

इन बातों का भी रखें ध्यान

मौजूदा समय में सभी कार्य ऑनलाइन किए जाते हैं। ऐप्स की ओर से गोपनीय जानकारी जैसे कॉन्टैक्ट, मैसेज, लोकेशन, कैमरा, गैलरी इत्यादि तक पहुंचने की परमिशन मांगी जाती है। ऐसे में ऐप्स को परमिशन देने से पहले आपको खास सावधानी बरतनी चाहिए।

ऑनलाइन फ्रॉड में आ रही कमी

केंद्र सरकार की ओर से ऑनलाइन फ्रॉड पर लोकसभा में जानकारी दी गई थी कि साल दर साल भारत में ऑनलाइन फ्रॉड में कमी देखी जा रही है। 2019-20 में ये आंकड़ा 185 करोड़ रुपये था, जो 2020-21 में गिरकर 160 करोड़ रुपये और 2021-22 में गिरकर 128 करोड़ रुपये पर आ गया है।

हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 296 अंक उछला

नई दिल्ली,एजेंसी।

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार पहले सत्र में गिरावट के बाद जोरदार वापसी करते हुए हरे निशान पर खुला। वैश्विक बाजार से मिल रहे पॉजिटिव संकेतों के बीच कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स और निफ्टी ने बढ़त बना ली।फिलहाल बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 296.03 अंक यानी 0.49 फीसदी उछलकर 60,727.87 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 63.25 अंक यानी 0.36 फीसदी बढ़कर 17,834.15 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। इससे पहले सेंसेक्स

सुबह 118 अंकों की तेजी के साथ 60,550 पर खुला, जबकि निफ्टी भी 69 अंक चढ़कर 17,840 पर खुला। निवेशकों ने आज शुरूआत से ही यूपीएल, इंफोसिस, अदानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टीसीएस जैसी कंपनियों पर दांव लगाया। इन कंपनियों में लगातार निवेश से इनके शेयर टॉप गेनर की सूची में आ गए।

वहीं, अपोलो अस्पताल, बीपीसीएल, कोल इंडिया, कोटक महिंद्रा बैंक और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस जैसी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी रही जिससे ये टॉप लूजर की सूची में चले गए। उल्लेखनीय है कि हफ्ते के पहले कारोबारी सत्र में बीएसई का सेंसेक्स 250.86 अंक यानी 0.41 फीसदी लुढ़क कर 60,431.84 के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 85.60 अंक यानी 0.48 फीसदी टूट कर 17,770.90 पर बंद हुआ था।

रुपया शुरूआती कारोबार में 13 पैसे मजबूती के साथ 82.57 प्रति डॉलर पर

मुंबई,एजेंसी। अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी आने से मंगलवार को शुरूआती कारोबार में रुपया 13 पैसे मजबूती के साथ 82.57 प्रति डॉलर पर आ गया। फॉरेक्स डीलरों ने कहा कि घरेलू बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी मुद्रा की आवक से भी निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.59 प्रति डॉलर पर खुलने के बाद और चढ़कर 82.57 प्रति डॉलर पर आ गया। यह पिछले कारोबारी सत्र की तुलना में 13 पैसे की बढ़त है। शुरूआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 82.61 के निचले स्तर तक गया। इससे पहले सोमवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 12 पैसे टूटकर 82.70 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 प्रतिशत गिरकर 103.18 पर पहुंच गया।

छत्तीसगढ़ में पुराने वाहनों की खरीद-बिक्री हुई आसान

रायपुर,एजेंसी।

छत्तीसगढ़ में पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री के लिए अब परिवहन अधिकारी के दफ्तर जाने की जरूरत नहीं होगी। अब यह काम परिवहन सुविधा केंद्रों से ही हो जाएंगे। आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि परिवहन विभाग ने आधार ऑथेंटिकेशन नाम से नई प्रक्रिया शुरू की है।

इसके तहत गाड़ी को खरीद-बिक्री करने वाले अपने नजदीकी परिवहन सुविधा केंद्र जाएंगे और आसानी से नाम ट्रांसफर करा सकेंगे। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि नाम ट्रांसफर के खेल में दलालों की सक्रियता कम हो जाएगी।

अभी जानकारी के अभाव में ज्यादातर लोग दलालों के चक्कर में फंसते हैं और दलाल मोटी रकम ऐंठते हैं। परिवहन अफसरों की मानें तो इस नई व्यवस्था के शुरू होने से लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। अभी जितना पैसा ट्रांसफर में लग रहा है, उसमें 100 रुपए अतिरिक्त परिवहन

सुविधा केंद्र को देने होंगे। परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा ने बताया कि परिवहन विभाग की इस नई व्यवस्था के शुरू होने से सेकंड हैंड गाड़ी की खरीदी-बिक्री करने वालों को अब परिवहन सुविधा केंद्र के माध्यम से घर के पास सुविधा दी जाएगी। आरटीओ के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में हर साल दो लाख से ज्यादा सेकंड हैंड गाड़ियां खरीदी और बेची जाती हैं, इन गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट ट्रांसफर करना होता है। यह काम बेहद पेचीदा होता है। बता दें जब तक गाड़ी की ओनरशिप वाहन क्रेता अपने नाम ट्रांसफर नहीं करते, तब तक विधिक रूप से उस गाड़ी के मालिक नहीं कहे जाते हैं। इसी तरह यदि आपने गाड़ी बेची है और यदि उस गाड़ी से एक्सीडेंट या कोई अपराध घटित होता है तो आरसी बुक में दर्ज व्यक्ति के नाम से कार्यवाही होती है। यदि आप पुरानी कार या बाइक खरीद या बेच रहे हैं, तो उसके लिए रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर करना जरूरी होता है। प्रदेश भर में परिवहन विभाग ने 500 सुविधा केंद्र तो वहीं रायपुर जिले में करीब 50 सुविधा केंद्र खोले हैं। वर्तमान में यहां परिवहन संबंधित कामों के लिए ऑनलाइन फार्म भरने का काम किया जाता है। विभाग अब इन सेवा केंद्रों पर आधार ऑथेंटिकेशन शुरू कर रहा है। यहां क्रेता-विक्रेता को अपना आधार नंबर बताना होगा।

पीटीसी इंडिया का चालू वर्ष की तीसरी तिमाही में लाभ 66 प्रतिशत बढ़कर 104 करोड़ रुपये

पीटीसी इंडिया ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2022) में एकीकृत शुद्ध लाभ के तहत 66 प्रतिशत वृद्धि के साथ 104 करोड़ रुपये अर्जित किए। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी को 62.91 करोड़ रुपये लाभ हुआ था। कंपनी की चालू वर्ष की तीसरी तिमाही में कुल आय घटकर 3,146.91 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 3,338.40 करोड़ रुपये थी।

पियाजियो व्हीकल्स की फिलीपींस में तिपहिया वाहन एप इलेक्ट्रिक को पेश करने के घोषणा

मुंबई,एजेंसी। इटली की प्रमुख वाहन निमार्ता कंपनी पियाजियो ग्रुप की भारतीय अनुषंगी पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (पीवीपीएल) ने मंगलवार को बताया कि वह अपने इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन एप इलेक्ट्रिक को फिलीपींस में पेश करेगी। इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन का विनिर्माण महाराष्ट्र के बारामती में स्थित कंपनी की विनिर्माण इकाई में होगा। पीवीपीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक डिएगो ग्रेफी ने कहा, पियाजियो व्हीकल्स के लिए फिलीपींस में प्रवेश दुनियाभर में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता और बेहतर पर्यावरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इसके बाद कहा, हम बाजार में निर्यात की भारी संभावनाएं देखते हैं और इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में सार्थक सहयोग करने की इच्छा रखते हैं। यह वाहन सन मोबिलिटी की उन्नत बैटरी-स्वैपिंग प्रौद्योगिकी से लैस होंगे। कंपनी ने कहा कि अनुषंगी रस्को मोटर्स इंक के माध्यम से फिलीपींस में उपलब्ध होने वाला यह वाहन वहां का पहला इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन होगा।

अदाणी के खिलाफ जांच की मांग को लेकर कांग्रेस नेता ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

कांग्रेस के एक नेता ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट की पृष्ठभूमि में अदाणी समूह की कंपनियों के खिलाफ जांच की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, साथ ही उद्यमों के एफपीओ में भारी मात्रा में सार्वजनिक धन का निवेश करने पर भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और एसबीआई की भूमिका की भी जांच की मांग की है। अधिवक्ता वरिंदर कुमार शर्मा के माध्यम से जया ठाकुर द्वारा दायर याचिका में शीर्ष अदालत से अदाणी समूह की कंपनियों के खिलाफ जांच का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। आरोप लगाया गया है कि समूह के चेयरमैन व उनके सहयोगियों ने सीबीआई, ईडी, डीआरआई, सीबीडीटी, ईआईबी, एनसीबी, सेबी, आरबीआई, एसएफआईओ आदि के जरिए लाखों करोड़ की ठगी की है। मामले की शीर्ष अदालत के सिटिंग जज की देखरेख और निगरानी में जांच की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि एजेंसियों अदाणी इंटरप्राइजेज के एफपीओ में 3200 रुपये प्रति शेयर की दर से सार्वजनिक धन का निवेश किया, जबकि बाजार में अदाणी इंटरप्राइजेज के शेयर लगभग 1800 रुपये प्रति शेयर थे। दलील में कहा गया है कि 24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट द्वारा किए गए खुलासे के बाद, अदाणी समूह की कंपनियों के शेयर की कीमत में भारी गिरावट आई और 24 जनवरी को भारत के विभिन्न शेयर बाजारों में प्रचलित कीमत के लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंच गया। इसकी वजह से देश के लाखों लोगों को 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ। हिंडनबर्ग रिपोर्ट विवाद के संबंध में शीर्ष अदालत पहले से ही दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि मौजूदा ढांचा, जिसमें भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और अन्य एजेंसियां शामिल हैं, अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद उत्पन्न स्थिति को संभालने के लिए सक्षम हैं।

थोक महंगाई दर में राहत, जनवरी में गिरकर 4.73 पहुंची

नई दिल्ली, ।

वाणिज्य मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2023 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर कम हुई है। दिसंबर 2022 में डब्ल्यूपीआई 4.95 प्रतिशत थी जो जनवरी 2023 में 4.73 प्रतिशत हो गई। थोक मूल्य मुद्रास्फीति में गिरावट खनिज तेल, रसायन और रासायनिक उत्पादों, कपड़ा, कच्चा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और खाद्य उत्पादों की दर में गिरावट के कारण हुई है। दिसंबर 2022 में थोक मुद्रास्फीति 4.95 प्रतिशत हो गई थी, जो नवंबर

2022 में 6.12 प्रतिशत थी। दिसंबर 2022 में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में गिरावट भी मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पादों, वस्त्रों, रसायनों और रासायनिक उत्पादों की कीमतों में गिरावट के कारण थी।

कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली,एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले 24 घंटे से ब्रेंट क्रूट 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है।

हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। मुंबई में पेट्रोल का भाव 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार के दौरान ब्रेंट क्रूड 0.65 डॉलर यानी 0.75 फीसदी टूट कर 85.62 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.93 डॉलर यानी 1.16 फीसदी की गिरावट के साथ 79.81 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है।

समझौते को लागू करने को सिंगापुर व यूपी के अधिकारियों की गठित होगी कमेटी

लखनऊ,एजेंसी।

एक संयुक्त साझेदारी समिति (जेपीसी) उत्तर प्रदेश सरकार और सिंगापुर सरकार के बीच हाल ही में संपन्न निवेशक सम्मेलन में हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) को लागू करना सुनिश्चित करेगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में 29,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए सिंगापुर सरकार के साथ 20 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार समझौता ज्ञापनों की सहकारी गतिविधियों की योजना, निगरानी, कार्यान्वयन और समीक्षा के लिए एक जेपीसी का गठन किया जाएगा।

समिति की सह-अध्यक्षता सिंगापुर और उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी करेंगे। इसमें ऐसे अधिकारी शामिल होंगे, जिनके पास प्रासंगिक विशेषज्ञता और जिम्मेदारियां होंगी। जेपीसी पारस्परिक रूप से अन्य एजेंसियों को शामिल करने का निर्णय ले सकती है, जो सहयोग के क्षेत्रों में जेपीसी सदस्य नहीं हैं। यह स्थायी सचिव (विकास), व्यापार और उद्योग मंत्रालय, सिंगापुर और उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को भी नियमित रूप से अपनी प्रगति की रिपोर्ट देगा।

यूपीजीआईएस-23 में भागीदार देश सिंगापुर ने शिक्षा, स्मार्ट सिटी, सुरक्षित शहर, कचरा प्रबंधन और डाटा सेंटर सहित कई क्षेत्रों में निवेश किया है। कई परियोजनाओं में अयोध्या के कुढ़ा केशवपुर में लागू की जाने वाली एक पायलट परियोजना है। यह पानी की आपूर्ति की लागत में कटौती, पीने योग्य पानी की आपूर्ति को बढ़ावा देने और पानी और परिसंपत्ति प्रबंधन की स्थिरता को बढ़ाने के लिए स्मार्ट जल प्रौद्योगिकियों की प्रभावकारिता को प्रदर्शित करेगा।

जनवरी में विदेशों से पाकिस्तान आने वाले धन में 9.9 फीसदी की गिरावट

इस्लामाबाद,एजेंसी।

विदेशों से पाकिस्तान में आने वाले पैसे जनवरी में महीने-दर-महीने आधार पर 9.9 प्रतिशत घट गए। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने ये जानकारी दी है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को बैंक के नए जारी किए गए आंकड़ों से पता चला कि विदेशों में रहने वाले पाकिस्तानियों ने दिसंबर में 2.102 अरब डॉलर के आंकड़े की तुलना में जनवरी में 1.894 अरब अमेरिकी डॉलर पाकिस्तान भेजे। इसमें साल-दर-साल 13.1 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। जैसा कि आंकड़े बताते हैं कि चालू वित्त वर्ष 2022-2023 के पहले सात महीनों के दौरान 16



अरब डॉलर के संचयी प्रवाह के साथ, पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत की कमी आई है। जनवरी में भेजे गए पैसे मुख्य रूप से सऊदी अरब से 407.6 मिलियन डॉलर, संयुक्त अरब अमीरात से269.2 मिलियन डॉलर, ब्रिटेन से 330.4 मिलियन डॉलर और अमेरिका से 213.9 मिलियन डॉलर पाकिस्तान आए। विदेशों में रहने वाले पाकिस्तानी देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि वे विदेशी मुद्रा के प्रमुख स्रोतों में से एक हैं।

हिंडनबर्ग विवाद: अडाणी समूह ने ऑडिट के लिए ग्रांट थॉर्नटन को नि युक्त किया

नई दिल्ली,एजेंसी।

अडाणी समूह ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को खारिज करने और निवेशकों व प्रवर्तकों को आश्वस्त करने के उद्देश्य से अपनी कुछ कंपनियों के हिसाब-किताब की स्वतंत्र जांच (ऑडिट) कराने के लिए लेखाकार फर्म ग्रांट थॉर्नटन को नियुक्त किया है।

अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने समूह पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया था। सूत्रों ने बताया कि ऑडिट में शुरूआत में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जैसे नियामकों को यह प्रदर्शित करने के लिए है कि समूह ने कुछ नहीं छिपाया है और उसने सभी संबद्ध नियमों का पालन किया है। ऑडिट में विशेष रूप से यह देखा जाएगा कि कोष में कोई अनियमितता है और क्या ऋण का उपयोग उसके अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए किया गया है, जिसके लिए यह लिया गया हो।

सूत्रों ने बताया कि ऑडिट इसकी पूरी जांच करेगा कि खातों में कोई गड़बड़ी नहीं है और परियोजनाएं सही दिशा में हैं, जिसके बारे में निवेशक जानना चाहते हैं।

डॉलर इंश्योरेंस देखो को 2016 में ऑटोमोबाइल एग्रीगेटर कारदेखो द्वारा लॉन्च किया गया था...

इंश्योरेन्स देखो ने जुटाये 15 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली,एजेंसी।

इंश्योरटेक कंपनी इंश्योरेंसदेखो ने मंगलवार को कहा कि उसने गोल्डमेन सैक्स एसेट मैनेजमेंट और टीवीएस कैपिटल फंड की अगुवाई में सीरीज ए फंडिंग में 15 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। एक भारतीय इंसुरटेक कंपनी द्वारा अब तक की सबसे बड़ी सीरीज ए राउंड के रूप में पहचाने जाने वाले इस फ्रेश फंडिंग में इक्विटी और डेब्ट का मिश्रण है, जिसमें इन्वेस्टकॉर्प, अवतार वेंचर्स और लीपफ्रॉग इन्वेस्टमेंट्स की भागीदारी भी देखी गई। इंश्योरेंसदेखो के सह-संस्थापक और सीटीओ, ईश बब्बर ने कहा, धन उगाहने से हमें डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, लास्ट माइल सर्विसिंग और क्लेम मैनेजमेंट के क्षेत्रों में स्केलेबल इंसुरटेक सॉल्यूशंस को तैनात करने में मदद मिलेगी, जबकि ग्राहक अनुभव को हर चीज के मूल में रखा जाएगा। कंपनी ने कहा कि वह अपने उत्पाद

और प्रौद्योगिकी कार्यों को बढ़ाने, नए बाजारों में विस्तार करने और स्वास्थ्य और जीवन श्रेणियों में नए उत्पादों को लॉन्च करने के लिए धन का उपयोग करेगी। इंश्योरेंसदेखो को 2016 में ऑटोमोबाइल एग्रीगेटर कारदेखो द्वारा लॉन्च किया गया था। वित्त वर्ष 2022 के दौरान, इंश्योरेंसदेखो का राजस्व वित्त वर्ष 2021 में 29.71 करोड़ रुपये से 61 प्रतिशत बढ़कर 47.91 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का लक्ष्य मार्च 2023 तक सालाना 3,500 करोड़ रुपये का प्रीमियम रन रेट हासिल करना है। गोल्डमैन सैक्स एसेट मैनेजमेंट के प्रबंध निदेशक रजत सूद ने कहा, इंश्योरेंसदेखो ने प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानों के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाते हुए और बीमाकताओं के साथ मिलकर काम करते हुए नए-टू-इंश्योरेंस चैनल पार्टनर्स को उनके प्लेटफॉर्म पर लाने की सिद्ध क्षमता का प्रदर्शन किया है। इंश्योरेंसदेखो देश के 98 प्रतिशत पिन कोड को कवर करते हुए 1,300 से अधिक शहरों में मौजूद है।

सरकार ने वर्ष 2022-23 के लिए आईटीआर फॉर्म को अधिसूचित किया

आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए व्यक्तियों और व्यवसायों हेतु आईटीआर भरने के लिए फॉर्म को अधिसूचित किया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 10 फरवरी की तारीख वाली एक अधिसूचना के माध्यम से आईटीआर फॉर्म 1-6, आईटीआर-वी (प्रमाणीकरण फॉर्म) और आईटीआर पावती प्रपत्र को अधिसूचित किया है। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ साझेदार रजत मोहन ने कहा कि सीबीडीटी ने निर्धारण वर्ष 2023-24 (2022-23 में हुई आय के

लिए) के आयकर रिटर्न फॉर्म को बहुत जल्दी अधिसूचित कर दिया है, जिससे करदाताओं को अपनी आय के रिटर्न तैयार करने में मदद मिलेगी। पिछले साल ऐसे फॉर्म अप्रैल के पहले सप्ताह में अधिसूचित हुए थे। बड़ी संख्या में छोटे और मध्यम करदाताओं के उपयोग वाले आईटीआर-1 और आईटीआर-4 पहले से सरल कर दिए गए हैं।

संक्षिप्त खबरें

दक्षिण अफ्रीका दौरे पर रवाना हुई जूनियर महिला टीम

बेंगलुरु। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम मंगलवार सुबह यहां के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से दक्षिण अफ्रीका के लिये रवाना हुई। कप्तान प्रीति के नेतृत्व में भारतीय टीम 17 से 25 फरवरी के बीच दक्षिण अफ्रीकी जूनियर महिला हॉकी टीम और दक्षिण अफ्रीका-ए टीम का सामना करेगी। रुताजा दादासो पिसल को उप-कप्तान की जिम्मेदारियां सौंपी गयी हैं। प्रीति ने दक्षिण अफ्रीका में खेलने को लेकर उत्साह जाहिर करते हुए कहा, ₹टीम में हर कोई दक्षिण अफ्रीका में खेलने के लिये बहुत उत्साहित है। यह कुछ खिलाड़ियों का पहला दौरा है और हम चुनौती के लिये तैयार हैं। हमने बेंगलुरु के राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में एक बहुत अच्छा शिविर पूरा किया जहां हमें सीनियर टीम को भी करीब से देखने का मौका मिला।₹ उन्होंने कहा, ₹दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ये मैच एशिया कप अंडर-21 से पहले एक अच्छा प्रदर्शन दौरा होगा। दक्षिण अफ्रीका में ये मैच हमें उन क्षेत्रों को समझने में मदद करेंगे जिनमें सुधार की आवश्यकता है।₹ भारतीय लड़कियां 17, 18 और 20 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका की अंडर-21 टीम से भिड़ेंगी जबकि 24 और 25 फरवरी को उनका सामना दक्षिण अफ्रीका 'ए' टीम के खिलाफ होगा।

दिल्ली में खेले जाने वाले भारत ऑस्ट्रेलिया टेस्ट के सभी टिकट बिके

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से यहां शुरू हो रहा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट खचाखच भरे स्टेडियम में खेला जाएगा। दिल्ली दिसंबर 2017 के बाद पहली बार टेस्ट की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम ने नागपुर में खेले गये पहले टेस्ट मैच को तीन दिनों के अंदर जीतकर चार मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त कायम कर ली है। डीडीसीए (दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ) के संयुक्त सचिव राजन मनचंदा ने मंगलवार को बताया कि टिकट बिक चुके हैं और हम मैदान के खचाखच भरे रहने की उम्मीद कर रहे हैं। मैच को लेकर काफी दिलचस्पी है क्योंकि दिल्ली में लंबे समय बाद टेस्ट मैच खेला जा रहा है। अरुण जेटली स्टेडियम में 40,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता है। इस मैच के लिए 24,000 टिकट बिक्री के लिए रखे गए जबकि 8000 टिकट डीडीसीए सदस्यों के बीच वितरित किए गए, जो कि सामान्य है। शेष सीटों का उपयोग खेल में भाग लेने वाले गणमान्य व्यक्तियों के लिए किया जाएगा। मैच के दौरान सुरक्षा प्रदान करने वाले परिवारों के लिए स्टैंड का एक भाग आरक्षित है। नागपुर में श्रृंखला के पहले मैच के दौरान भी मैदान दर्शकों से भरा हुआ था।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट से पहले न्यूजीलैंड को झटका, जैमीसन और हेनरी बाहर

वेलिंगटन। इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही घरेलू टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड को तेज गेंदबाज काइल जैमीसन की सेवाएं नहीं मिलेंगी जो पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण टीम से बाहर हो गये है। स्ट्रेस फ्रैक्चर आमतौर पर तब होता है किसी एक जगह की हड्डी पर लगातार दबाव बनता है। जैमीसन के साथी तेज गेंदबाज मैट हेनरी भी अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए परिवार से साथ होने के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं है। इन दोनों की जगह नये गेंदबाज स्कॉट कुगलेइजन और जैकब डफी को टीम में शामिल किया गया है। जैमीसन पिछले साल जून से इस चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे थे। वह पिछले सप्ताह दो दिवसीय अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड एकादश के लिए मैदान पर उतरे थे लेकिन उनकी चोट फिर से उभर आयी। टीम ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह माउंट माउंगानुई में खेले जाने वाले पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, ह्यह्यकाइल के लिए ऐसा होना वास्तव में बहुत ही निराशाजनक है, क्योंकि उसने वापसी के लिए कड़ी मेहनत की थी। जून में चोटिल होने के बाद से वह चिकित्सा दल की निगरानी में थे। उन्होंने कहा, काइल को कोई दर्द नहीं हो रहा था लेकिन स्कैन (जांच) में स्ट्रेस फ्रैक्चर दिख रहा था। शुक्रवार को एक और जांच के बाद हम चोट की गंभीरता को देखते हुए आगे के बारे में सोचेंगे।

सबसे महंगी बिकी मंधाना, 10 भारतीय महिला खिलाड़ियों को मिले एक करोड़ से ज्यादा

मुंबई, एजेंसी

भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना शुरूआती महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिये यहां सोमवार को हुई नीलामी में सबसे ज्यादा राशि में बिकने वाली खिलाड़ी रहीं जिन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने बोली की टक्कर में मुंबई इंडियंस को पछाड़ते हुए 3.40 करोड़ रुपए (410,000 डॉलर) में खरीदा। नीलामी में 10 भारतीय खिलाड़ी एक करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि हासिल करने में सफल रहीं लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर को मुंबई इंडियंस ने काफी सस्ता मंधाना से आधी राशि में 1.80 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया। वह मुंबई की सबसे महंगी खिलाड़ी भी नहीं हैं क्योंकि टीम ने इंग्लैंड की नैट स्किवर ब्रंट को सबसे ज्यादा 3.20 करोड़ रुपए देकर हासिल किया। बल्कि हरमनप्रीत नीलामी में खरीदी गयी शीर्ष छह भारतीय खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं है क्योंकि देश की दूसरी सबसे महंगी बिकने वाली खिलाड़ी आल राउंडर दीप्ति शर्मा हैं जिन्हें यूपी वारियर्स ने 2.6 करोड़ रुपए में खरीदा। ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के लिये मशहूर युवा शेफाली वर्मा और रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ विश्व टी20 मैच की स्टार रहीं जेमिमा रोड्रिग्स को दिल्ली कैपिटल्स ने क्रमशः दो और 2.20 करोड़ रुपए में खरीदा। आल राउंडर पूजा वस्त्राकर (मुंबई इंडियंस) और ऋचा घोष (आरसीबी) को भी 1.90 करोड़ रुपए मिले। जेमिमा और ऋचा को रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत से काफी फायदा मिला। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में शेफाली के साथ पारी का आगाज करने वाली यास्तिका भाटिया को मुंबई इंडियंस ने 1.50 करोड़ रुपये में खरीदा जबकि रेणुका सिंह को आरसीबी ने इतनी ही राशि पर अपने साथ जोड़ा। देविका वैद्य को यूपी वारियर्स ने 1.40 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया। दिल्ली कैपिटल्स के लिये सबसे अच्छा सौदा समकालीन महिला क्रिकेट की बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक आस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग को 1.10 करोड़ रुपए में खरीदना रहा। आरसीबी के क्रिकेट निदेशक माइक हेसन ने अपनी पंसदीदा खिलाड़ियों को खरीदने के लिये काफी राशि खर्च करने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, हर कोई मंधाना और एलिस पैरी (1.7 करोड़ रुपए) को जानता है, हम कुछ खिलाड़ियों को लेने के लिये प्रतिबद्ध थे। हम इतनी शानदार खिलाड़ियों को खरीदकर काफी खुश हैं। मंधाना, पैरी और सोफी डेविने (50 लाख रुपए) को टीम में शामिल करना स्वप्निल नतीजा रहा। उन्होंने कहा, स्मृति को कप्तानी का काफी अनुभव है और वह भारतीय हालात से काफी परिचित हैं इसलिये पूरी संभावना है (कि वह कप्तान होंगी)। मंधाना अपनी टीम के साथ नीलामी देख रही थीं। उन्होंने कहा, ह्यह्यहम पुरूष खिलाड़ियों की भी नीलामी देखते रहे हैं। महिला खिलाड़ियों के लिये इस तरह की नीलामी होना बड़ा पल है। यह पूरी प्रक्रिया काफी कड़ी है। आरसीबी की विरासत काफी बड़ी है और उनका फैन बेस भी काफी बड़ा है। उम्मीद करते हैं कि हम एक बड़ी टीम बना सकेंगे। दीप्ति ने कहा, हम इस मौके का इंतजार कर रहे थे। मैं उत्तर प्रदेश की हूं तो अपने राज्य की टीम के लिये चुना जाना शानदार अहसास है। मैं यूपी वारियर्स के लिये ज्यादा से ज्यादा योगदान करना चाहूंगी। नीलामी के पहले दौर में आस्ट्रेलिया की ऑफ स्पिन आल राउंडर एशले गार्डनर को गौतम अडानी की गुजरात जायंट्स ने 3.20 करोड़ रुपए (386,000 डॉलर) में खरीदा। गार्डनर और नैट स्किवर विदेशी खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा राशि हासिल करने वाले खिलाड़ी रहीं। आस्ट्रेलिया की स्टार आल राउंडर एलिस पैरी 1.70 करोड़ रुपए (205,000 डॉलर) में बिकीं जिनकी बोली आरसीबी ने जीती। आरसीबी ने न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डेविने को 50 लाख रुपए के सस्ते बेस प्राइस में अपनी टीम में शामिल किया। यूपी वारियर्स ने इंग्लैंड की बायें हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन को खरीदने में 1.80 करोड़ रुपए खर्च किये। इनमें से पांच संभावित कप्तान मंधाना (आरसीबी), हरमनप्रीत (मुंबई इंडियंस), लैनिंग (दिल्ली कैपिटल्स), बेथ मूनी (गुजरात जायंट्स) और दीप्ति शर्मा (यूपी वारियर्स) हैं। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज लौरा वोलवार्ट ऐसे बड़े नाम हैं जिन्हें कोई खरीदार नहीं मिला। दिल्ली कैपिटल्स के सह मालिक पार्थ जिंदल नीलामी के दौरान अपनी टीम के लिये खिलाड़ियों को चुनकर काफी खुश थे और उन्होंने कहा कि उनकी योजना स्टार खिलाड़ियों को चुनने की नहीं बल्कि अच्छी टीम बनाने की थी। दिल्ली कैपिटल्स ने रोड्रिग्स के अलावा आल राउंडर राधा यादव (40 लाख रुपए) और शिखा पांडे (60 लाख रुपए) के साथ अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप विजेता शेफाली और टिटास साधू (25 लाख रुपए) को भी टीम में शामिल किया।

पीएसएल 2023 : फखर जमान ने खेली तूफानी पारी, टीम को अंतिम गेंद पर मिली जीत

मुल्तान, एजेंसी

पाकिस्तान सुपर लीग का आगाज एक रोमांचक मैच के साथ हुआ है। टूनामेंट का पहला मुकाबला मुल्तान सुल्तांस और लाहौर कलंदर्स के बीच खेला गया, इसे लाहौर कलंदर्स ने एक रन के करीबी अंतर से जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लाहौर ने 6 विकेट पर 175 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में खेलते हुए मुल्तान ने 6 विकेट पर 174 रनों का स्कोर हासिल किया।

मुल्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। लहौर के ओपनर मिर्जा बैग और फखर जमान ने पहले विकेट के लिए 61 रनों की भागीदारी की। इस दौरान बैग 32 रन बनाकर आउट हो गए लेकिन जमान क्रीज पर बने रहे और फिफ्टी जमा दी। फखर जमान के बल्ले से 66 रन आए। उनके अलावा सिकंदर रजा ने 19 और हुसैन तलत ने 20 रनों की पारी खेली। इस तरह लाहौर कलंदर्स ने पहले खेलते हुए 6 विकेट पर 175 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुल्तान के लिए उसामा मीर और इन्शानुल्लाह ने 2-2 विकेट अपने नाम किये। जवाब में खेलते हुए मुल्तान के लिए शान मसूद और रिजवान ने धाकड़ बैटिंग कर पहले विकेट के लिए 100 रन जोड़े। यहां से ऐसा लग रहा था कि मुल्तान आसानी से जीत दर्ज करेगी। मसूद 35 और रिजवान 75 रन बनाकर आउट हुए और मैच का पासा पलट गया। डेविड मिलर ने 25 और पोलार्ड ने 20 रन बनाकर प्रयास किया लेकिन इनके आउट होने के बाद दो बल्लेबाज बिना खाता खोले आउट हो गए। इससे दबाव और बढ़ गया। हालांकि मैच किसी भी पक्ष में जा सकता था लेकिन लाहौर ने वापसी कर मैच बना दिया। अंत में मुल्तान सुल्तांस की टीम 6 विकेट पर 174 के स्कोर तक पहुँच पाई। शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, जमान खान और हुसैन तलत ने लाहौर के लिए 1-1 विकेट झटका।

लेग स्पिनर मिचेल स्वैप्सन अपने बच्चे के जन्म की वजह से ऑस्ट्रेलिया वापस लौटेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई टीम के लेग स्पिनर मिचेल स्वैप्सन अपने बच्चे के जन्म की वजह से ऑस्ट्रेलिया वापस लौटेंगे। वहीं उनकी जगह पर लेफ्ट ऑर्म फिंगर स्पिनर मैथ्यू कुहनेमान को ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। एश्टन एगर के रूप में कंगारू टीम के पास इस वक्त एक लेफ्ट ऑर्म स्पिनर है लेकिन उनके खराब फॉर्म ने दिक्कतें बढ़ा दी हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम को उम्मीद थी कि एश्टन एगर भी उसी तरह का इम्पैक्ट डालेंगे जिस तरह से रविंद्र जडेजा ने भारत के लिए किया लेकिन ऐसा नहीं हो सका और शायद इसी वजह से मैथ्यू कुहनेमान को टीम में शामिल किया गया है। एगर को प्लेइंग इलेवन में भी शामिल नहीं किया गया था और उनकी जगह टॉड मर्फी ने अपना डेब्यू किया और जबरदस्त प्रदर्शन किया। हालांकि नाथन लियोन उस तरह का प्रदर्शन नहीं कर पाए और सिर्फ एक ही विकेट वो ले सके। ऑस्ट्रेलियाई टीम को लगता है कि भारत के खिलाफ इस सीरीज के लिए एक लेफ्ट ऑर्म स्पिनर की जरूरत है। इसकी वजह ये है कि भारत के पास दाएं हाथ के कई बल्लेबाज मौजूद हैं। वहीं मिचेल स्टार्क दूसरे टेस्ट मैच में स्कॉट बोलैंड को रिप्लेस कर सकते हैं। जोश हेजलवुड अभी भी सेलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं हैं। आपको बता दें कि ऑस्ट्रेलिया की टीम नागपुर टेस्ट मैच की पहली पारी में सिर्फ 177 रन पर सिमट गई। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में काफी हो-हल्ला भी हुआ। वहां की मीडिया ने रविंद्र जडेजा पर बॉल टैंपरिंग का भी आरोप लगा दिया। वहीं जब भारतीय टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी तो कप्तान रोहित शर्मा ने शतक लगा दिया और अक्षर पटेल ने भी अपने करियर की बेस्ट पारी खेली और 84 रन बना दिए। यही वजह रही कि भारतीय टीम ने 400 रन अपनी पहली पारी में बना दिए और ऑस्ट्रेलिया से 223 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरी पारी में भी कंगारू टीम सिर्फ 91 रन बनाकर सिमट गई और उन्हें पारी के अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

एलिस कैप्से का तेज तर्रार अर्धशतक, इंग्लैंड ने आयरलैंड को चार विकेट से हराया

पार्ल, एजेंसी

शीर्ष क्रम बल्लेबाज एलिस कैप्से की 22 गेंद में 51 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने सोमवार को यहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप मैच में पड़ोसी देश आयरलैंड को चार विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स ने कैप्से को सोमवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी के दौरान 75 लाख रुपए में खरीदा। उन्होंने अपनी ताबड़तोड़ पारी के दौरान 10 चौके जमाये जिससे इंग्लैंड ने 34 गेंद रहते आयरलैंड को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। जीत के लिये महज 106 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने पावरप्ले में एक विकेट पर 69 रन बनाये। इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज सोफी डंकले (04) के रूप में पहला विकेट पहले ही ओवर में सस्ते में गंवा दिया था। कैप्से सातवें ओवर की दूसरी गेंद पर आउट हुईं। नैट स्किवर ब्रंट (05) भी सस्ते में पवेलियन लौट गयी जिन्हें डब्ल्यूपीएल नीलामी में मुंबई इंडियंस ने 3.2 करोड़ रुपए में खरीदा। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट (14) और विकेटकीपर एमी जोंस (12) भी ज्यादा रन नहीं जोड़ सकीं लेकिन कैप्से (231.8 स्ट्राइक रेट) की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने 14.2 ओवर में छह विकेट पर 107 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। कैथरीन स्किवर ब्रंट ने नाबाद पांच रन बनाये। आयरलैंड के लिये कारा मरे ने 15 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि ओर्ला प्रेंडरगास्ट और अरलेन कैली ने एक एक विकट हासिल किये। इससे पहले इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन (13 रन देकर तीन विकेट), सारा ग्लेन (19 रन देकर तीन विकेट) और चार्ली डीन (26 रन देकर दो विकेट) ने आयरलैंड की बल्लेबाजों को क्रीज पर जमने ही नहीं दिया जिससे टीम 18.2 ओवर में 105 रन पर सिमट गयी। एक्लेस्टोन को यूपी वारियर्स ने खरीदा है। आयरलैंड के लिये गैबी लुईस 36 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं।

सामने कोई भी बल्लेबाज हो मेरा काम विकेट लेना है : मोहम्मद आमिर

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने एक बार फिर से कप्तान बाबर आजम के ऊपर निशाना साधा है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि बाबर आजम भी मेरे लिए उसी तरह के बल्लेबाज हैं जैसे पुछल्ले बल्लेबाज खेलते हैं। मेरा काम है विकेट लेना और मैं उसकी कोशिश करुंगा। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने मानसिक प्रताड़ना का हवाला देते हुए दिसंबर 2020 में 28 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उस दौरान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन रमीज राजा थे, जिनका मानना था कि जिसने एक बार पाकिस्तान क्रिकेट के लिए फिक्सिंग जैसे काम किए हैं, उसे दोबारा टीम में खेलने का मौका नहीं मिलना चाहिए। लिहाजा, उनके कार्यकाल में आमिर को मौका नहीं मिल पाया। हालांकि, अब पीसीबी के अध्यक्ष नजम सेठी हैं और उन्होंने आमिर की वापसी के संकेत दिए हैं। उससे पहले मोहम्मद आमिर पाकिस्तान सुपर लीग में खेलते हुए नजर आएंगे और इस दौरान उनके सामने कप्तान बाबर आजम भी होंगे। पाकिस्तान के न्यूज चैनल एआरवाई पर इंटरव्यू के दौरान मोहम्मद आमिर ने बाबर आजम को गेंदबाजी करने और उनके साथ अपनी राइवलरी को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, मेरी बाबर आजम के साथ कोई राइवलरी नहीं है। मेरे लिए बाबर आजम भी वैसे ही हैं जैसे एक पुछल्ला बल्लेबाज खेलता है। मेरा काम है टीम को विकेट लेकर देना, फिर चाहे सामने बाबर आजम हों या फिर 10वें नंबर का बल्लेबाज हो। मुझे जाकर उन्हें वैलेंटाइन डे पर फूल नहीं देना है। मुझे गेंदबाजी मिलेगी तो मेरा काम उन्हें आउट करना है। टीम को जिताना मेरा काम है। आपको बता दें कि मोहम्मद आमिर पीएसएल के इस सीजन में कराची किंग्स की तरफ से खेलते हुए नजर आएंगे और उनके परफॉर्मेंस पर सबकी निगाहें होंगी।

यूपी वारियर्स ने हरफनमौला दीप्ति शर्मा के लिए खोला खजाना, बनाई मजबूत टीम

मुंबई, एजेंसी

कैपरी ग्लोबल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी, यूपी वॉरियर्स ने मुंबई में आयोजित पहली महिला प्रीमियर लीग 2023 (डब्ल्यूपीएल) प्लेयर ऑक्शन में उत्तर प्रदेश के क्रिकेट प्रशंसकों को खुश करने के लिए एक मजबूत टीम बनाई है। मुंबई में आयोजित 2023 महिला प्रीमियर लीग से पहले पहली बार खिलाड़ियों की नीलामी में, यूपी वारियर्स ने हरफनमौला दीप्ति शर्मा के लिए रिकॉर्ड 2.6 करोड़ रुपये की बोली लगाई, जो नीलामी में तीसरी सबसे बड़ी बोली थी।

24 वर्षीय दीप्ति, जो आगरा शहर की रहने वाली हैं, नीलामी में यूपी वॉरियर्स की पहली भारतीय पिक थीं। दीप्ति ने 28 नवंबर 2014 को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के निर्णायक मुकाबले में पदार्पण किया किया था। दीप्ति ने कहा, यह एक अच्छा मौका है और चूंकि मैं यूपी से ताल्लुक रखती हूं, इसलिए मुझे भी इस बारे में काफी अच्छा महसूस हो रहा है। मैं डब्ल्यूपीएल में यूपी वारियर्स की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती हूं। यह हमारे लिए भी एक नई शुरूआत है और हम कुछ समय से इस तरह के मौके का इंतजार कर रहे थे, और मेरी भूमिका बस अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की होगी, ताकि मैं टीम में योगदान दे सकूं।

दीप्ति ने 88 मैचों में 97 विकेट लिए हैं और वर्तमान में आईसीसी की टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है। दीप्ति टी20 में 106.53 की उपयोगी स्ट्राइक-रेट के साथ 26 की औसत से 914 रन बनाए हैं। अपने करियर के दौरान, दीप्ति ने वेस्टर्न स्टॉर्म (किआ सुपर लीग), सिडनी थंडर (डब्ल्यूबीबीएल), बर्मिंघम फीनिक्स और लंदन स्पिरिट (दोनों द हंड्रेड) में भारत के बाहर फ्रेंचाइजी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है।

कैप्री ग्लोबल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश शर्मा ने कहा, ₹हम उत्तर प्रदेश राज्य के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों की सेवाएं प्राप्त करने में सक्षम होने से प्रसन्न हैं। दीप्ति शर्मा और पार्शवी चोपड़ा शानदार खिलाड़ी हैं। हम चाहते हैं कि हमारे स्थानीय सितारे मिश्रण का हिस्सा बनें। इन दो आइकन के जुड़ने से निश्चित रूप से यूपी वॉरियरज के लिए एक बड़ा प्रशंसक आधार बनाने में मदद मिलेगी, और हम चाहते हैं कि परिवार का विस्तार हो।

यूपी वारियर्स की टीम इस प्रकार है : सोफी एक्लेस्टोन, दीप्ति शर्मा, तहलिया मैकग्राथ, शबनम इस्माइल, एलिसा हीली, अंजलि सरवानी, राजेश्वरी गायकवाड़, पार्श्ववी चोपड़ा, श्वेता सहरावत, एस यशश्री, किरण नवगिरे, ग्रेस हैरिस, देविका वैद्य, लॉरेन बेल, लक्ष्मी यादव और सिमरन शेख।

सुपर लीग के दौरान बड़ा हादसा, ओपनिंग सेरेमनी के दौरान फ्लडलाइट में लगी आग

मुल्तान, एजेंसी

पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के नए सीजन के आगाज से पहले ही एक बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। ओपनिंग सेरेमनी के दौरान एक फ्लडलाइट में आग लग गई और इसी वजह से मुल्तान सुल्तांस और लाहौर कलंदर्स के बीच पहला मुकाबला आधे घंटे की देरी से शुरू हुआ। सोशल मीडिया पर जो वीडियो शेयर किए गए और मीडिया के मुताबिक ओपनिंग सेरेमनी के दौरान जो पटाखे छोड़े गए उसकी वजह से ये हादसा हुआ। आग लगने के तुरंत बाद ही फायर ब्रिगेड को बुलाना पड़ा और तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि इसकी वजह से मैदान में अफरा-तफरी का माहौल जरूर बन गया लेकिन अच्छी बात ये रही कि किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और पूरा मैच खेला गया। आपको बता दें कि इस पहले मैच में लाहौर कलंदर्स ने मुल्तान सुल्तांस को एक रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लाहौर ने 6 विकेट पर 175 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में खेलते हुए मुल्तान ने 6 विकेट पर 174 रनों का स्कोर हासिल किया। इससे पहले क्वेटा में पीएसएल के प्रदर्शनी मैच के दौरान भी मुकाबले को बीच में रोकना पड़ा था। पहली पारी के बाद मैच को रोकना पड़ा। ऐसी खबरें आईं कि क्वेटा के पुलिस क्वार्टर में हुए बम ब्लास्ट की वजह से मैच को रोकना पड़ा है। हालांकि लोकल मीडिया के मुताबिक मैच को इसलिए रोकना पड़ा क्योंकि जो दर्शक मैदान के अंदर नहीं जा पाए उन्होंने काफी उपद्रव किया। एक टीवी चैनल के मुताबिक क्वेटा में ब्लास्ट जरूर हुआ लेकिन ये बुग्ती स्टेडियम के करीब नहीं हुआ, जहां पर मैच का आयोजन हो रहा था। बल्कि दर्शक मैदान के अंदर पत्थर फेंकने लगे थे और इसी वजह से इस मुकाबले को रोकना पड़ा था। आधे घंटे के बाद मैच दोबारा शुरू हुआ।

हैदराबाद एफसी का लक्ष्य अपना दूसरा स्थान पक्का करना

हैदराबाद, एजेंसी

हैदराबाद एफसी को हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2022-23 के प्लेऑफ में अपना दूसरा स्थान पक्का करने अपने शेष तीन मैचों में केवल दो अंकों की जरूरत है, लेकिन मौजूदा चैम्पियनों को एटीके मोहन बागान से सावधान रहना होगा जो जीत का लय पाने के लिए बेताब होगी, जब ये दोनों टीमें मंगलवार रात जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में भिड़ेंगी। मैरिनर्स सीजन के ज्यादातर समय के लिए प्लेऑफ स्थानों में बने हुए थे, लेकिन उन्होंने अपने पिछले पांच मैचों में केवल एक ही जीत हासिल की है। वे जैसे-तैसे शीर्ष चार में बने कामयाब हुए हैं लेकिन पिछले सप्ताहांत में बेंगलुरू एफसी ने उनके साथ अंकों की बराबरी कर ली है। हालांकि, उनके पास बेंगलुरू एफसी की तुलना में एक मैच अतिरिक्त है और लीग दौर के अंतिम मुकाबलों में किसी भी बेचैनी से बचने के लिए तालिका पर फिर से अंतर बढ़ाना चाह रहे हैं। वे अपना लीग दौर चरण पूरा करने के लिए कोलकाता डर्बी से पहले हैदराबाद एफसी और केरला ब्लास्टर्स का सामना करेंगे। इस समय एटीकेएमबी की सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है, उनकी गोल स्कोरिंग में कमी आना। पिछले पांच मैचों के दौरान, उन्होंने केवल तीन गोल किए हैं-पिछले हफ्ते, उन्होंने जमशेदपुर एफसी के खिलाफ गोल रहित ड्रा खेला था-और ये तीनों गोल दिमित्री पेट्राटोस ने दागे हैं। इस सीजन में सबसे कम गोल करने के मामले में एटीकेएमबी (20) से पीछे केवल दो टीम हैं, जो तालिका में एकदम नीचे हैं। बागान के कुल गोलों में से 12 गोल पेट्राटोस और हुगो बौमस के संयुक्त प्रयासों से आए हैं। अन्य खिलाड़ियों के योगदान की कमी मुख्य कोच जुआन फेरांडो के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती साबित सकती है, जो स्थितियां बदलने का इरादा रखते हैं। मैरिनर्स के मुख्य कोच जुआन फेरांडो ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं तीसरे स्थान पर पहुंचने के लिए तीन अंक प्राप्त करने की कोशिश करने के बारे में अधिक सोच रहा हूं। मैं यह नहीं सोच रहा हूं कि अगर हम प्लेऑफ से बाहर हो गए, तब क्या होगा। यह हमारी मानसिकता नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी मानसिकता हैदराबाद की यात्रा करके तीन अंक प्राप्त करने और तीसरे स्थान के लिए लड़ने की है।

हैदराबाद एफसी और मुख्य कोच मैनोलो मार्कुएज पिछले हफ्ते ओडिशा एफसी से हारने के बाद चिंतित होंगे। मुम्बई सिटी एफसी के खिलाफ अपने शुरूआती मुकाबले के बाद मौजूदा चैम्पियनों ने पहली बार ने एक मैच में तीन गोल खाए। उनके अगली प्रतिद्वंद्वी वो टीम है, जिसने ओडिशा एफसी के परिणाम से पहले उन्हें 26 नवंबर को अवे मैच हराया था। उस मुकाबले में हैदराबाद एफसी ने लक्ष्य पर केवल एक शॉट लगाया था और अब जब उसे पता है कि आईएसएल लीग शील्ड की उसकी उम्मीदें खत्म हो चुकी हैं, तो वो दबाव के हटने के साथ और अधिक स्वछंदता के साथ खेलना चाहती है।

मौजूदा चैम्पियनों के मुख्य कोच मैनोलो मार्कुएज ने कहा, इस समय, हर मैच बहुत कठिन है और ऐसी 5-6 टीमें है जो 4-5 स्थानों के लिए लड़ रही हैं - और इन टीमों के खिलाफ खेलना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि वे अब एक मुश्किल स्थिति में हैं।

चेंचो के गोल से राउंडग्लास पंजाब ने 1-0 से जीत हासिल की

आइजोल। राउंडग्लास पंजाब सोमवार को यहां आइजोल एफसी पर 1-0 की जीत से आई लीग अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही श्रीनिडी डेक्कन की बराबरी पर पहुंच गया। चेंचो गयेल्टेशन ने राउंडग्लास पंजाब के लिये 53वें मिनट में गोल किया जो निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से पंजाब के 37 अंक हो गये हैं जिससे वह श्रीनिडी डेक्कन की बराबरी पर पहुंच गयी लेकिन गोल अंतर से दूसरे स्थान पर है। मुंबई में खेले गये एक अन्य मैच में सुदेवा दिल्ली ने केंक्रे एफसी को 3-1 से शिकस्त दी। सुदेवा दिल्ली के लिये सेलेनथांग लोटजेम ने 67वें और 77वें मिनट में दो गोल किये जबकि एक अन्य गोल लालबियाक्लियाना ने 56वें मिनट में किया। केंक्रे एफसी के लिये एकमात्र गोल समंदर ओचिलोव ने दागा।

गुटेरेस ने सामान्य लक्ष्यों को प्राप्त करने को वैश्विक सहयोग का किया आह्वान

नई दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दुनिया की वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग में सुधार के लिए ठोस कार्रवाई करने का आह्वान किया है। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को साकार करने के लिए एक गाइड के रूप में सितंबर 2021 में लॉन्च की गई अपनी रिपोर्ट हमारा कॉमन एजेंडा के बारे में संयुक्त राष्ट्र महासभा को जानकारी देते हुए श्री गुटेरेस ने सोमवार को कहा कि महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, लेकिन अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उन्होंने कहा, हमें और गहराई तक जाने की जरूरत है। जलवायु पर, संघर्ष पर, असमानता पर, खाद्य असुरक्षा पर व परमाणु हथियारों पर हम पहले से कहीं ज्यादा बढ़त के करीब हैं। उन्होंने कहा, फिर भी हमारे सामूहिक समस्या-समाधान तंत्र चुनौतियों की गति या पैमाने से मेल नहीं खाते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने बताया कि बहुपक्षीय शासन के वर्तमान स्वरूप, जो बीते युग में और उसके लिए डिजाइन किए गए हैं। स्पष्ट रूप से आज के जटिल, परस्पर जुड़े और तेजी से बदलते तथा खतरनाक दुनिया के लिए पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने कहा, वर्ष 2030 तक आने वाले वर्षों में वैश्विक विकास प्रयासों के खाके के रूप में काम करने के लिए सितंबर 2015 में विश्व नेताओं द्वारा

एसडीजी को सर्वसम्मति से अपनाया गया था। इन 17 लक्ष्यों का उद्देश्य गरीबी को खत्म करना, असमानताओं से लड़ना और जलवायु परिवर्तन से निपटना है। श्री गुटेरेस ने कहा, वर्ष 2015 के बाद से सामने आई कमियों और चुनौतियों को दूर करके हम केवल खोई हुई जमीन तैयार करेंगे जिसमें अंतर सरकारी सहयोग में अंतराल भी शामिल है।

उन्होंने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सितंबर में होने वाले एसडीजी शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण प्रगति होनी चाहिए। इस बीच, उन्होंने कहा कि इस पूरे वर्ष के दौरान, उनका कार्यालय ठोस विचारों के साथ 11 नीतिगत संक्षेपों की एक श्रृंखला जारी करेगा, जिसमें शांति और सुरक्षा, वित्त, वैश्विक डिजिटल सहयोग, बाहरी अंतरिक्ष का शांतिपूर्ण उपयोग तथा 21वीं सदी के लिए संयुक्त राष्ट्र को कैसे मजबूत किया जाए जैसे मुद्दों को संबोधित किया जाएगा। श्री गुटेरेस ने कहा,यह वह वर्ष ऐसा होना चाहिए जब हम अधिक प्रभावी वैश्विक सहयोग की नींव रखें जो आज की चुनौतियों के साथ-साथ नए जोखिमों और खतरों से निपट सके।

संक्षिप्त खबरें

कांगो में सशस्त्र समूहों ने दर्जनों नागरिकों की ली जान : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में सप्ताहांत में सशस्त्र समूहों के हमलों में दर्जनों नागरिक मारे गए। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, सशस्त्र समूह कोडेको ने रविवार को डीआरसी के इटुरी प्रांत में कम से कम 20 नागरिकों की हत्या कर दी और कई घरों को जला दिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि सशस्त्र समूह ने कथित तौर पर दजुगु क्षेत्र में गांवों में चिकित्सा बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचाया है। उसी समय, एक अन्य सशस्त्र समूह, एडीएफ ने इरुमू क्षेत्र में दो गांवों पर हमला किया। हमले 12 नागरिक मारे गए। दुजारिक न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। डीआरसी में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन, मोनस्को की रिपोर्ट का हवाला देते हुए दुजारिक ने यह भी कहा कि कांगो की सेना और एम23 विद्रोही समूह के बीच लड़ाई जारी रही। पिछले शुक्रवार को एम 23 ने कथित तौर पर किचंगा से 13 किमी उत्तर पूर्व में बुकोंबो पर नियंत्रण कर लिया, जिससे उत्तरी किवु प्रांत की राजधानी गोमा की ओर जनसंख्या विस्थापन को बढ़ावा मिला।

सीरियाई राष्ट्रपति ने भूकंप प्रभावित इलाकों में त्वरित सहायता वितरण का किया आग्रह

दमिश्क। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद ने 6 फरवरी को आए भूकंप से प्रभावित सीरिया के सभी क्षेत्रों में तत्काल राहत सहायता पहुंचाने का आग्रह किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, असद ने मानवीय मामलों के लिए संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव और आपातकालीन राहत समन्वयक मार्टिन ग्रिफिथ्स के साथ बैठक के दौरान फोन किया, जिन्होंने सीरिया का दौरा किया और राजधानी दमिश्क में असद से मिलने से पहले सोमवार को अलेप्पो में भूकंप प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। राष्ट्रपति ने सीरिया में बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण में मदद करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला, इसे सीरियाई शरणार्थियों की वापसी के लिए तत्काल आवश्यकता बताया। अपने हिस्से के लिए, ग्रिफिथ्स ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र राहत प्रयासों का समर्थन करना चाहता है और सीरियाई लोगों की मानवीय आवश्यकता को पूरा करना चाहता है। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 6 फरवरी को सीरिया में आए 7.7- और 7.6-तीव्रता वाले दोहरे भूकंप ने सरकार-नियंत्रित और विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्रों में अब तक लगभग 5,300 लोगों की जान ले ली है। संयुक्त राष्ट्र ने शुक्रवार को कहा कि भूकंप से सीरिया में 53 लाख लोग विस्थापित हुए हैं।

यूक्रेन के 105 सैनिकों ने पोलैंड में लिया लेपर्ड टैंक का प्रशिक्षण

कीव। यूक्रेन के 105 सैनिकों ने पोलैंड में लेपर्ड 2 टैंकों का उपयोग करने का प्रशिक्षण लिया। 10वीं बख़्तरबंद ब्रिगेड के प्रशिक्षण समूह के प्रमुख क्रिज्स्तोफ सिएरडजकी ने कहा कि तकनीकी कर्मियों और टैंक रखरखाव टीमों के साथ इक्कीस टैंक कर्मियों ने एक सप्ताह पहले पोलैंड में अपना प्रशिक्षण शुरू किया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक सिएरडजकी ने पोलिश लेपर्ड 2 टैंकों और कनाडा द्वारा आपूर्ति किए गए समान मॉडल का उपयोग करते हुए यूक्रेनी बलों को प्रतिदिन 10 से 12 घंटे के बीच प्रशिक्षण दिया। उनके मुताबिक यह ट्रेनिंग करीब एक महीने तक चलेगी। गौरतलब है कि पिछले महीने, जर्मन सरकार ने यूक्रेन को अपने लेपर्ड 2 टैंकों की आपूर्ति करने का फैसला किया और ऐसा करने के लिए अन्य देशों से भी अनुरोध किया। पोलैंड यूक्रेन को 14 टैंकों का जत्था भेजने के लिए तैयार है।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र को 2023 का 30.54 मिलियन डॉलर का किया भुगतान

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र के बजट में 2023 के लिए 30.54 मिलियन डॉलर का वार्षिक योगदान दिया है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने दी। महासचिव एंतोनियो गुटारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को कहा कि भारत उन 43 देशों में शामिल है, जिन्होंने अब तक बजट में अपने हिस्से का भुगतान किया है। यूएन के मुताबिक शुक्रवार को भारत का योगदान मिला। कुल 3.217 अरब डॉलर के बजट में भारत की हिस्सेदारी 1.044 फीसदी आंकी गई है। हालांकि यह 33.592 मिलियन डॉलर बनता है, इसे 3.052 मिलियन डॉलर का क्रेडिट दिया जाता है, जो संयुक्त राष्ट्र अपने भारतीय कर्मचारियों से उन आयकरों के एवज में एकत्र करता है, जिन्हें उन्हें चुकाना पड़ता। 193 सदस्य देशों में से प्रत्येक के लिए बजट आकलन की दर सकल राष्ट्रीय आय, कर्ज का बोझ और प्रति व्यक्ति आय

के आधार पर आधारित है। हालांकि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दावा करता है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय कम होने से इसकी भुगतान करने की क्षमता कम हो जाती है। यह विकासशील देशों ब्राजील 2.013 प्रतिशत या मैक्सिको के 1.221 प्रतिशत की तुलना में कम है। अमेरिका संयुक्त राष्ट्र के कुल बजट का 22 प्रतिशत योगदान करता है। इसके बाद चीन 15.254 प्रतिशत या 490.83 मिलियन का योगदान करता है। ब्रिटेन, जिसकी अर्थव्यवस्था का आकार भारत से आगे निकल गया था, ने 140.775 मिलियन डॉलर या 4.375 प्रतिशत का भुगतान किया, जो कि पांचवां सबसे बड़ा योगदानकर्ता है। जापान तीसरा और जर्मनी का स्थान चौथा है। संयुक्त राष्ट्र के मुख्य बजट के अलावा, देशों को पूंजी, शांति-स्थापना और अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरणों के बजट के समान सूत्रों के आधार पर भी योगदान देना होता है।

तुर्की में भूकंप से मरने वालों की संख्या 31 हजार के पार

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले सप्ताह आए विनाशकारी भूकंप में अब तक मरने वालों की सख्ंया 31,643 हो गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कुछ टीमों ने मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया है, जबकि आपातकालीन टीमों ने जीवित बचे लोगों के लिए चिकित्सा सहायता, भोजन और आश्रय जैसी आवश्यकताएं प्रदान करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। तुर्की की आपदा एजेंसी ने सोमवार को कहा कि लगभग 238500 खोज और बचाव कर्मी क्षेत्र में काम कर रहे हैं और 158,000 से अधिक लोगों को भूकंप प्रभावित क्षेत्रों से निकाला गया है। तुर्की के उप-राष्ट्रपति फुअत ओकटे ने कहा, ढह गई इमारतों से अनाथ हुए 574 बच्चों को निकाला गया। इनमें से 76 को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। 118 को परिवार और सामाजिक सेवा मंत्रालय से संबद्ध बाल देखभाल संस्थानों में

रखा गया है। जबकि सैकड़ों अन्य का उपचार किया जा रहा है। तुर्की के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि 77 देशों के 9,401 विदेशी कर्मी क्षेत्र में आपातकालीन प्रयासों में शामिल हैं, सात और देशों द्वारा बचाव दल भेजने की उम्मीद है। तुर्की में भूकंप से बचे हजारों लोग अब टेंट शहरों में रह रहे हैं या अस्थायी आश्रय के लिए दूसरे प्रांतों में जा रहे हैं। गौरतलब है कि 6 फरवरी को दक्षिणी तुर्की और उत्तरी सीरिया में 7.7 और 7.6 तीव्रता के दोहरे भूकंप आए।

पाकिस्तान की बेइज्जती, तुर्की में शरीफ के दौरे को नहीं मिली इजाजत

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भूकंप आपदा से प्रभावित तुर्की ने भी गहरा झटका दे दिया है। दरअसल श्री शहबाज ने भूकंप प्रभावित देश तुर्की दौरे का प्लान बनाया था, लेकिन तुर्की के अधिकारियों ने दो दिन बाद कहा कि राष्ट्रपति अंकारा में राहत कार्यों में व्यस्त हैं। वहीं कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी रविवार को तुर्की पहुंचे और राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से मुलाकात भी की, जिससे पाकिस्तान की विश्व स्तर पर

घोर बेइज्जती के रूप में देखा जा रहा है। तुर्की अपने दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र और पास के सीरिया में आए विनाशकारी 7.8 तीव्रता के भूकंप के बाद राहत प्रयासों में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इस विनाशकारी भूकंप में 33,000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और हताहतों की संख्या में और वृद्धि होने की उम्मीद है क्योंकि बचाव अभियान अभी तक चल रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी कि यह संख्या दोगुनी भी हो सकती है। तुर्की की ओर से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को मना कर देने के बाद उन्होंने अपनी यात्रा रद्द कर दी। वहीं तुर्की ने कतर के अमीर को एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ यात्रा करने की अनुमति दी। कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी रविवार को तुर्की पहुंचे थे। शुक्रवार को कतर ने राहत और स्वास्थ्य सामग्री से लैस एक हवाई पुल और एक बचाव दल की ओर से प्रारंभिक सहायता भी प्रदान की। साथ ही 10,000 केबिन भी प्रदान किए। सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने मंगलवार को एक ट्वीट में कहा,ह्लप्रधानमंत्री शरीफ बुधवार सुबह अंकारा के लिए रवाना होंगे। वह भूकंप से विनाश, जीवन की हानि और तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त करेंगे लेकिन प्रधानमंत्री की तुर्की यात्रा स्थगित की गई है। सहयोगी दलों से परामर्श कर एक नई तारीख की घोषणा की जाएगी।

सीरिया के और शरणार्थियों को देश में आने की अनुमति नहीं देगा तुर्की: एफएम

तुर्की के विदेश मंत्री मेवलुत कावुसोग्लु ने कहा है कि भूकंप के बाद तुर्की सीरिया से और शरणार्थियों को देश में आने की अनुमति नहीं देगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी अंकारा में अपने लीबियाई समकक्ष नेजला अल-मंगुश के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कावुसोग्लू ने कहा, हम और शरणार्थियों को अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने कहा, तुर्की ने संयुक्त राष्ट्र को तुर्की के दक्षिणी प्रांत किलिस के माध्यम से सीरिया में दो और सीमा द्वार खोलने की पेशकश की है, लेकिन इनका इस्तेमाल मानवीय सहायता के लिए किया जाएगा। कावुसोग्लु के अनुसार, वर्तमान में सीरिया के विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्रों में मानवीय सहायता बाब अल-हवा बॉर्डर क्रॉसिंग के माध्यम से की जा रही है। तुर्की के मंत्री ने कहा, हम सीरियाई लोगों के लिए मानवीय सहायता की सुविधा प्रदान कर रहे हैं, लेकिन हम नए सीरियाई शरणार्थी को आने नहीं दे रहे हैं।

बांग्लादेश में 2 उग्रवादी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन हरकत-उल-जिहाद-अल इस्लामी बांग्लादेश (हूजी-बी) के खुलना डिवीजन के दो शीर्ष नेताओं को राजधानी के मालीबाग इलाके से रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी नेताओं की पहचान जशोर जिले के मिजार्पुर गांव के 57 वर्षीय अब्दुल कुद्दूस और उसी जिले के बरंडीपारा गांव के 35 वर्षीय मोहम्मद सिराजुल इस्लाम उर्फ सलाउद्दीन के रूप में हुई है। आरएबी-3 के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल आरिफ मोहिउद्दीन अहमद ने दावा किया कि गुप्त सूचना के आधार पर आरएबी-3 की एक टीम ने रविवार रात हूजी उग्रवादियों को पकड़ने के लिए राजधानी के मालीबाग में छापेमारी की। कुद्दुस हूजी-बी की जशोर जिला इकाई

का क्षेत्रीय और केंद्रीय समन्वयक है। 2007 में कुद्दुस के खिलाफ जनेदाह सदर थाने में एक उग्रवादी मामला दर्ज किया गया था और उस मामले में अदालत ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अन्य आतंकवादी, इस्लाम, 2001 में हूजी-बी में शामिल हो गया। वह जशोर जिला केंद्रीय हूजी-बी की भर्ती और आर्थिक शाखा का प्रभारी था। उसके खिलाफ 2010 में विस्फोटक अधिनियम का मामला दर्ज किया गया था। उस मामले में उसे 2011 में जशोर कोतवाली थाने में गिरफ्तार किया गया था और 2012 में जमानत पर रिहा कर दिया गया था, जिसके बाद वह खुलना मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में छिप गया और संगठनात्मक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। आरएबी-3 की वरिष्ठ सहायक पुलिस अधीक्षक (मीडिया) फरजाना हक ने आईएएनएस से इस मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि गिरफ्तार किए गए दोनों आतंकवादियों को प्राथमिक पूछताछ के बाद सोमवार को ढाका अदालत भेज दिया गया।

खतरे सैन मेटो के एक जज ने अपने परिवार को होने वाले खतरे का हवाला देते हुए

टेस्ला दुर्घटना: भारतीय-अमेरिकी ने हत्या के प्रयास के लिए दोषी न ठहराने का किया आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

एक भारतीय-अमेरिकी, अपनी पत्नी व बच्चों की हत्या के प्रयास के आरोप में उसे दोषी न ठहराने का आग्रह किया है। उस पर अपनी टेस्ला कार को चट्टान से टकराकर पत्नी व बच्चों की जान लेने के प्रयास का आरोप लगा है। लॉस एंजिलस में प्रोविडेंस होली क्रॉस मेडिकल सेंटर के रेडियोलॉजिस्ट पासाडेना के 41 वर्षीय धर्मेश ए. पटेल ने पिछले हफ्ते एक रेडवुड सिटी कोर्टहाउस के सामने पेश होकर खुद को निर्दोष होने की दलील पेश की। मामले में दोषी पाए जाने पर पटेल को उम्रकैद की सजा हो सकती है। द न्यूयॉर्क पोस्ट के

अनुसार, पटेल ने अपने मामले की रक्षा के लिए कैलिफोर्निया के एक प्रमुख वकील, जोशुआ बेंटले को हायर किया है। 20 मार्च को प्रारंभिक सुनवाई निर्धारित है। सैन मेटो डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी स्टीव वागस्टाफ ने कहा कि पटेल की पत्नी के बयान के साथ-साथ अन्य मोटर चालकों के बयान और सड़क के वीडियो ने पटेल के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत दिए। सैन मेटो के एक जज ने अपने परिवार को होने वाले खतरे का हवाला देते हुए पटेल को मगुझेरे सुधार सुविधा में रखने का आदेश दिया है। पटेल की कार 2 जनवरी को स्टेट रूट 1 पर दक्षिण की ओर जा रही थी, जब यह टॉम लैंटोस टनल के दक्षिण में डेविल्स स्लाइड पर 250 फुट की चट्टान पर चढ़ गई और पलट गई। घटना में पटेल की सात साल की बेटी व चार साल का बेटा घायल हो गए। दंपति को कार की खिड़कियों से बाहर निकाला गया। जांचकर्ता अभी तक इस घटना के पीछे पटेल के मकसद का पता नहीं लगा पाए हैं। पटेल को आदेश दिया गया है कि वह अपनी पत्नी या बच्चों से संपर्क न करे।

पाकिस्तानी प्रवासियों के घर भेजे जाने वाले धन की दर 9.9 फीसदी घटी

इस्लामाबाद। विदेशों में बसे पाकिस्तानी प्रवासी लोगों और कामगारों की ओर से घर भेजे जाने वाले धन की दर में 9.9 प्रतिशत की कमी आई है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में पाकिस्तानी प्रवासी लोगों और कामगारों की ओर से घर भेजे जाने वाले धन की दर में 9.9 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी है। मौजूदा वित्तीय वर्ष के जुलाई-22 से जनवरी-23 तक के पहले सात महीनों के दौरान 16 अरब डॉलर के संचयी प्रवाह हुआ, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में भेजे गये धन में 11 प्रतिशत कम रहा। आंकड़ों के मुताबिक पिछले महीने पाकिस्तान भेजा गया धन सऊदी अरब से 40.76 करोड़ डॉलर, संयुक्त अरब अमीरात से 26.92 करोड़ डॉलर, ब्रिटेन से 33.04 करोड़ डॉलर और अमेरिका से 21.39 करोड़ डॉलर के रूप में आया था। गौरतलब है कि प्रवासी लोगों और कामगारों की ओर से भेजा गया धन पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि वे विदेशी मुद्रा के प्रमुख स्रोतों में से एक हैं।

वियतनाम में सड़क दुर्घटना में आठ की मौत

हनोई। वियतनाम के मध्य प्रांत क्वांग नाम में मंगलवार तड़के एक ट्रैक्टर-ट्रेलर एवं 16 यात्रियों वाली एक वैन के आपस में टकरा जाने से आठ लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। ट्रैक्टर-ट्रेलर सुबह चार बजे क्वांग नाम प्रांत में नुई थान जिला के ताम हीप कम्यून के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 1ए पर जा रहा था जब यह दुर्घटना हुई। वैन विपरीत दिशा में क्वांग नगई प्रांत से दा नांग शहर के रास्ते में आ रही थी। क्वांग नाम वियतनाम के मध्य में स्थित क्वांग नगाई से लगभग 100 किमी उत्तर में और दा नांग के दक्षिण में स्थित है। नुई थान जिले की पीपुल्स कमेटी के अध्यक्ष ले वान सिंह ने कहा कि मरने वालों में छह की मौके पर ही मौत हो गई और दो की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। बुरी तरह क्षतिग्रस्त यात्री वैन को दुर्घटना के बाद उलटा देखा गया। दुर्घटना के कारणों की आगे की जांच की जा रही है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल वियतनाम में 11,400 से अधिक यातायात दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 6,384 लोग मारे गए और 7,800 से अधिक घायल हुए।

काबुल में आईएस के ठिकाने पर छापा, कई आतंकवादी ढेर

काबुल। अफगान बलों ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के पुलिस जिला आठ में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक ठिकाने पर छापा मारा जिसमें कई आतंकवादी मारे गये। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर कहा, सुरक्षा बलों ने सोमवार शाम पुलिस जिला 8 के करतई नवा इलाके में आईएस के एक महत्वपूर्ण ठिकाने पर हमला किया, जिसमें कई आतंकवादी मारे गए। मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि चूंकि अभियान स्थल रिहायशी इलाके में है, इसलिए स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए अभियान धीरे-धीरे और सावधानी से चलाया जा रहा है। श्री मुजाहिद ने कहा कि आईएस आतंकवादियों में कई विदेशी नागरिक शामिल थे, लेकिन उन्होंने उनकी राष्ट्रीयता की पहचान नहीं बताई। उन्होंने कहा कि आतंकवादी काबुल में हाल के आतंकवादी हमलों में शामिल थे। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने भी अभियान की पुष्टि करते हुए कहा कि काबुल के पुलिस जिला 8 में आईएस आतंकवादियों के ठिकाने पर कार्रवाई अब भी जारी है।

मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी में गोलीबारी में 3 की मौत, 5 घायल

शिकागो। यूनिवर्सिटी पुलिस ने पुष्टि की है कि अमेरिका में मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी में कैंपस में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम पांच घायल हो गए। विश्वविद्यालय की प्रवक्ता एमिली गुएरेंट ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहली गोली सोमवार रात परिसर के उत्तरी छोर पर 8:18 बजे एक हॉल के अंदर दागी गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, बाद में पास के एक हॉल में गोलियों की कई आवाजें सुनी गईं। पुलिस संदिग्ध की तलाश कर रही है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह नकाबपोश नाटे कद का आदमी है। विश्वविद्यालय ने एक संदेश भेजा है जिसमें छात्रों से तुरंत जगह सुरक्षित करने के लिए कहा गया है। घटनास्थल पर भागो, छुपो, लड़ो जैसे शब्द सुनाई दिए। लगभग 30 फायरट्रक, एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहन परिसर में एक साथ घुसे और इलाके को सुरक्षित किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129